Registered with the Registrar of Newspaper for India
R.N.I. Regd. No.: MPHIN/2006/16946
94251-01132

Supported by:
Ksaan Helpline
+91-7415538151

मध्य भारत कृषक भारती

READ FOR ONLINE EDITION
Website: www.krishakbharti.in
E-mail: bhartikrishak75@gmail.com

ISSN-2582-5976

हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली मासिक पत्रिका

वर्ष-19 अंक-08 ग्वालियर, नवम्बर -2024 मूल्य 30 रुपए

कृषि वैज्ञानिकों की देश के किसानों से आग्रह-डीएपी खाद का कम करें उपयोग

एनपीके खाद से खेती में आएगा बदलाव

एनपीके (NPK) उर्वरक में नाईट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम तीनों जरूरी पोषक तत्व होते हैं। यह दानेदार उर्वरक होता है। किसान डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का भी उपयोग कर सकतें हैं। यह मिट्टी में पोषक तत्वों को बढ़ाने में बेहतर काम करती है। आपको बता दें, डीएपी खाद को डाइअमोनियम फॉस्फेट के नाम से जाना जाता है। डीएपी खाद का इस्तेमाल किसान द्वारा किसी फसल के बुवाई के समय किया जाता है, जो खेत के उर्वरक शक्ति को बढ़ाने में काम आता है। इसमें 18% नाईट्रोजन और 46% फास्फोरस होता है, साथ ही इस 18% नाईट्रोजन में 15.5% अमोनियम नाईट्रेट और 46% फास्फोरस में 39.5% फास्फोरस पानी में घुलनशील होता है।

उर्वरकों की कोई कमी नहीं : कृषि मंत्री कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि मध्यप्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार ने खरीफ में किसानों को आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया है और रबी में भी इसी प्रकार से किसानों की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराएंगे। किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं आने दी जाएगी। कृषि मंत्री कंषाना भोपाल में श्यामला हिल्स स्थित अपने निवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फसलों के लिये नाईट्रोजन, फास्फोरस और पोटास की आवश्यकता होती है। डीएपी से नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की ही पूर्ति हो पाती है, जबकि एनपीके के उपयोग से नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों तत्वों की पूर्ति हो जाती है। इसलिये किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह दी जा रही है।

श्री गणेशाय नमः

श्री सॉवलिया सेठ

किसान कृषि सेवा केन्द्र

Gmail
Kisankrishisevakendramanasa@gmail.com

7692967419 9109726855

हमारी सेवाएँ:-

सभी तरह के उन्नत बीज- अश्वगंधा, अकरकरा, कलौंजी, तुलसी, केमोमाईल, चिया, जीरा, हल्दी, सौंफ, सर्पगंधा, तरबूज एवं सभी प्रकार की सब्जिया एवं फुलो के बीज, कृषि दवाईया, उर्वरक, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, अजोला यूनिट, किसान के घर पर तैयार वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खेती से संबंधित सभी कार्य, सभी फसलो के फोरोमेन ट्रेप, सोयाबीन स्पाईरल ग्रेडर,कृषि एवं किसान संबंधित समस्त प्रकार के ऑर्डर की विश्वास पूर्ण, पूर्ति करना हमारा परम ध्येय है।

कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग संबंधित सभी योजनाओं के पंजियन किए जाते है।

उन्नत किस्म के नर्सरी के पौधे, मासिक, साप्ताहिक कृषि साहित्य सभी प्रकार की पत्रिका उपलब्ध है।

स्थान- पुराना टॉकीज, एल.आई.सी. ऑफिस के सामने, रामपुरा रोड़ मनासा जिला नीमच (म.प्र.) 458110

An ISO 9001:2008 Certified Company

कृषि दर्शन®

खेत-खलिहान का राजा

से भारतीय किसानों की सेवा में... 1988

थ्रेशर 35HP हापर मॉडल

हडम्बा कटर थ्रेशर

ऑटोफीडिंग थ्रेशर

मक्का थ्रेशर

मिनी कम्बाईन थ्रेशर

रेज बेड सिड ड्रील

स्प्रे पंप 500 लि. गन बूम मॉडल

मोटर लिफ्टर

सुदर्शन इण्डस्ट्रीज

विक्रम नगर मौलाना, बड़नगर, जिला-उज्जैन-456771 (म.प्र.)
फोन : 07367-262235, मोबा.: 09827078882

वेब : www.krishidarshan.com, ई-मेल : krishidarshan@rediffmail.com

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका

नई योजनाओं से किसानों की किस्मत में सुधार की उम्मीद

बढ़ती आबादी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव सबसे अधिक खेती-किसानी पर देखा जा रहा है। हर वर्ष अन्न उत्पादन बढ़ाने की राह में मुश्किलें बढ़ रही हैं।

ऐसे में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन की दरकार महसूस की जाती रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की दो नई परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से स्वाभाविक ही इस क्षेत्र में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना नामक दो नई योजनाएं शुरू की हैं।

सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ अलग है। स्थिति यह है कि खेती लंबे समय से घाटे का उद्यम बन चुकी है। बहुत सारे क्षेत्रों में सिंचाई की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां किसानों की मानसून पर निर्भरता है। फिर, खेती में लागत काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों आदि की कीमतें बहुत सारे किसानों की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। फसलों के उचित दाम नहीं मिल पाते। लागत और लाभ में काफी अंतर है। कुछ फसलें लागत से भी कम कीमत पर बेचनी पड़ती हैं।

सरकार हर वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा तो करती है, मगर उस कीमत पर भी अनाज बाजार में नहीं बिक पाता। बिचौलिए उससे काफी कम कीमत पर फसल खरीदते हैं। नगदी फसल उगाने वाले किसानों को अक्सर अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी मौसम की मार से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कभी बाजार में उतार और मांग कम होने के कारण उन्हें औने-पौने दाम पर फसल बेचनी पड़ती है। हर वर्ष किसानों को प्रतिरोध में फसलें सड़कों पर फेंकते देखा जाता है। इस स्थिति से पार पाने में ये योजनाएं कितनी सफल होंगी, यही उनकी कसौटी होगी।

अंतराष्ट्रीय सहकारी वर्ष–2025

सहकारिता की महिमा लिखी है, ऋग्वेद अथर्ववेद में।
इसमें सब कुछ दिखता है, इंन्द्रधनुषी रंगों के भेद में।।
प्रगति की पौ बारह होगी 2025 में, सहकारिता अपनाओं।
विश्व में मनाया जा रहा सहकारी वर्ष, आप भी मनाओ।।
भारत के गांवों में विश्व का सबसे
बड़ा सहकारी नेटवर्क।
जन आंदोलन यह, जो मिटा रहा,
अमीरी गरीबी का फर्क।।
समानता और खुशहाली के लिए,
सहकारिता
अपनाओ।
विश्व में मनाया जा
रहा सहकारी वर्ष,
आप भी मनाओ।।

प्रो. (डॉ.) भागचन्द्र जैन
उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कृषि पत्रकार संघ
(नाज) 20 महावीर नगर, पोस्ट-रविग्राम, रायपुर-492001 (छत्तीसगढ़)

अनेकता में एकता से शोभित है प्यारा हमारा भारत देश।
सब एक के लिए एक सबके लिए, में सहकारिता अपनाओ।।
यत्र-तत्र सर्वत्र विकास के लिए सहकारिता अपनाओ।
विश्व में मनाया जा रहा सहकारी वर्ष, आप भी मनाओ।।
कृषि, दुग्ध, सिंचाई, आवास आदि में इसका सहारा ।
साख से साख यह बढ़ाये, बने बचत का आधारा ।।
विश्व व्यापीकरण के इस दौर में सहकारिता अपनाओ।
विश्व में मनाया जा रहा सहकारी वर्ष, आप भी मनाओ।।
सर्व सम्पन्न हो दुनिया सारी, प्रगति है वरदान सहकारी।
सहकारी पथ पर बढ़ते जाओ, हर क्षेत्र में सफलता पाओ।।
घर में, शहर में गांव - गांव में, आप सहकारिता अपनाओ।
विश्व में मनाया जा रहा सहकारी वर्ष, आप भी मनाओ।।

सदस्यता ग्रहण करने एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु निम्न प्रतिनिधियों से सम्पर्क करें

छिंदवाड़ा (म.प्र.)
रामप्रकाश रघुवंशी
98272-78063

***

नरसिंहपुर (म.प्र.)
नवीन शुक्ला: 89894-36330

मुंगावली (म.प्र.)
भगवानदास चौबे
96854-88453

बलिया (उ.प्र.)
आर.एन. चौबे-94535-77732

पश्चिम बंगाल
राजेश नायक-98831-57482

उड़ीसा
समीर रंजन नायक
70422-31678

***

हापुड़ (उ.प्र.)
मयंक गौड़: 83848-66823

Online मंगाएं साहित्य

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में अत्यंत लोकप्रिय हिन्दी मासिक समाचार पत्रिका **मध्य भारत कृषक भारती** द्वारा प्रकाशित कृषि साहित्य अब आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं। हमारी वेबसाइट **www.krishakbharti.in** पर जाकर **Purchase** को क्लिक करके ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं।

वैज्ञानिक/लेखकों के लिए सूचना

प्रत्येक माह की 22 तारीख तक प्राप्त समाचार/लेख/फोटो फीचर को प्रिंट एडिशन में स्वीकार किया जाता है तथा 23 से 28 तारीख तक प्राप्त समाचार/लेख/फोटो फीचर को डिजीटल एडिशन में सम्मिलित किया जाना संभव हो सकेगा। लेख में मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य है। –संपादक

मध्य भारत कृषक भारती में प्रकाशित पाठ्य सामग्री में व्यक्त विचार वैज्ञानिकों/लेखकों के हैं। सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी त्रुटि शंका या समाधान के लिये वैज्ञानिकों/लेखकों के पते प्रकाशित किये जाते हैं जिस पर संपर्क किया जा सकता है। सभी प्रकार के विवादों के लिये न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा। सभी पद मानसेवी हैं।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in

मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका

सदस्यता एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
94251-01132 0751-4070802
▪ वार्षिक ₹ 500 ▪ द्विवार्षिक ₹ 950
▪ पंचवार्षिक ₹ 2000

▪ वर्ष 19 ▪ अंक 08 ग्वालियर, नवम्बर 2024 मूल्य ₹ 30/-

: सम्पादक मण्डल :

प्रधान सम्पादक

राजू गुर्जर (MJC)

94251-01132

94245-22090

❖

प्रसार/मार्केटिंग टीम

डी.के. बरार

91791-85002, 70247-93010

महेश अहिरवार: 94251-48365

: तकनीकी मार्गदर्शन/वैज्ञानिकगण :

डॉ. व्ही.एस. तोमर (पूर्व कुलपति)
राजमाता विजयाराजे सिंधिया
कृषि विश्वविद्यालय
***
डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव
(Assistant Professor)
पशु चिकित्सा एवं पशुपालन
महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)
***
डॉ. आर.के.एस. तोमर
केविके दतिया, राजमाता विजयाराजे
सिंधिया कृषि वि.वि. ग्वालियर (म.प्र.)
***
डॉ. अनिल कुमार सिंह (उद्यान वैज्ञानिक)
कृषि विज्ञान केन्द्र, पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण),
डॉ.रा.प्र.के.कृ.वि.वि.,पूसा, समस्तीपुर

प्रो. (डॉ.) के. आर. मौर्य
पूर्व कुलपति, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय
पूसा (बिहार), एवं महात्मा ज्योति राव फूले
विश्वविद्यालय जयपुर (राजस्थान)
***
डॉ. रंजु कुमारी (स.प्रा. सह कनीय वैज्ञानिक)
पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग, नालन्दा
उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय (नालन्दा), बिहार
कृषि वि.वि.,सबौर, भागलपुर
***
डॉ. भागचन्द जैन
प्राध्यापक एवं प्रचार अधिकारी
कृषि महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि
विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)
***
डॉ. योगेन्द्र कौशिक (प्रगतिशील कृषक)
ग्राम अजडावदा जिला उज्जैन (म.प्र.)

डॉ. विनीता सिंह, अध्यक्ष
अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग
AKS विश्वविद्यालय, सतना (म.प्र.)
***
तपस्या तिवारी पीएचडी शोधार्थी, मृदा विज्ञान और
कृषि रसायन विज्ञान विभाग, चंद्रशेखर आज़ाद कृषि
और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.)
***
बसंत कुमार दादरवाल
इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर साइंस बनारस
हिन्दू यूनिवर्सिटी वाराणसी (उ.प्र.)
***
श्रीमती रिया ठाकुर (वैज्ञानिक उद्यानिकी)
कृषि विज्ञान केन्द्र, चंदनगांव, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
मोबाइल: 9907279542
***
डॉ. मोहब्बत सिंह जमरा (असिस्टेंट प्रोफेसर)
पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन
महाविद्यालय, महू, (म.प्र.)

अंदर के पन्नों पर

मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़

- एचआई-1650 ओजस्वी गेहूँ वैरायटी 08
- कृषि में केवल 'उपज' नहीं हो सकता एकमात्र मानक' 12
- सरसों की उन्नत खेती 13
- बछड़े का प्रबंधन 14
- एंथ्रेक्स-पशुओं की एक घातक बीमारी 15
- केला के तना छेदक कीट का परिचय एवं प्रबंधन 16
- मध्य भारत के लिए रबी की फसल: गेहूँ 17
- एंटीबायोटिक प्रतिरोध: एक वैश्विक चिंता 18
- कुत्तों में डिस्टेम्पर रोग: एक गंभीर संक्रामक बीमारी 19
- केंचुआ खाद का महत्व... 20
- प्राकृतिक खेती: कम लागत, बिना कर्ज, बिना जहर 21

उत्तर प्रदेश

- अनानास के कीट, रोग, शारीरिक विकार और खरपतवार प्रबंधन 22
- सूचना प्रौद्योगिकी और कृषि विस्तार:... 23
- पराली प्रबंधन में 'बेलर' की उपयोगिता 24
- पर्यावरण के अनुकूल एवं पौष्टिक गुणों से भरपूर 'दालें' 25
- फसल अवशेष प्रबन्धन क्यों और कैसे? 26
- न्यूट्रीगार्डन: पोषण और स्वास्थ्य के लिए कदम 27
- सुरक्षित अनाजों का भंडारण एवं सावधानियां 28
- परंपरा भी, जरूरत भी प्राकृतिक खेती... 29
- कार्बन खेती: ... 30

राजस्थान

- भारतीय दर्शन में वृक्ष का महत्व 31
- बैंगन भारत में उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण फसल 32
- पानी के अधिकार और सिंचाई कानून:... 33
- सहजन है एक औषधीय पेड़ 34
- तिलहन की फसलों में सरसों का महत्व 35

उत्तराखण्ड

- हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों में प्राकृतिक खेती:... 36

हरियाणा

- कीटनाशकों का घरेलू पशुओं पर हानिकारक प्रभाव,.. 37
- आर्थिक दृष्टिकोण से हरियाणा में वर्मी कंपोस्ट के लाभ 38
- 'पशु क्लोनिंग: भविष्य की कृषि और पशुपालन की दिशा' 39
- एग्रोनोमिक्स से खेती में नवाचार:... 40
- बेर फ्रूट कैंडी: स्वास्थ्य और स्वाद का अनोखा मेल 41

हिमाचल प्रदेश

- केल: पोषण और स्वास्थ्य लाभ 42
- सब्जियों के उत्पादन पर जलवायु के प्रभाव 43

महाराष्ट्र

- संदूर संवेदन प्रौद्योगिकी का कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान 44

बिहार

- बिहार के वन: जैव विविधता... 45
- गर्भवती गायों और भैंसों का वैज्ञानिक आहार 46
- खेत में कुशलता से काम करने के लिए बेलर की देखभाल.. 47
- बछड़ों में हाइपोमैग्नेसिमिया 48
- हे: दुधारू पशुओं के लिए वर्ष भर हरे चारे का उत्तम विकल्प 49

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान ने 13वां स्थापना दिवस मनाया

रायपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के रायपुर स्थित राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान ने अपना 13वां स्थापना दिवस मनाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने अपने व्याख्यान भविष्य की कृषि पर बोलते हुए बाजार की जरूरत के मुताबिक कृषि अनुसंधान की आवश्यकता एवं उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के समय में फसलों की उपज बढ़ाने पर जोर दिया गया, परंतु अब फसलों में गुणवत्ता एवं पोषण पर अनुसंधान किया जा रहा है और इसी का परिणाम है कि जैव संवर्धित किस्मों का विकास हुआ है। उन्होंने धान की फसल में जिंक एवं प्रोटीन से संपन्न विश्वविद्यालय की विकसित किस्मों के बारे में बताया। डॉ चंदेल ने कृषि में एआई के उपयोग एवं इलेक्ट्रॉनिक डाटा अधिकृत करने के के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आरआरबी सिंह कुलपति, कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग ने संस्थान में किये जा रहे अनुसंधानों की प्रशंसा की एवं भविष्य में संस्थान के साथ मिलकर नई परियोजनाओं पर कार्य करने का सुझाव दिया। डॉ सिंह ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शिक्षा एवं अनुसंधान का लाभ लेने पर जोर दिया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के निदेशक डॉ रवि कुमार माथुर ने स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए भविष्य में विभिन्न संस्थाओं से अनुसंधान समझौता कर मूलभूत अनुसंधान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। संस्थान के निदेशक डॉ प्रोबीर कुमार घोष ने विगत वर्ष में किया गए विभिन्न कार्यों एवं उपलब्धियां की जानकारी दी एवं किसानों के लिए विभिन्न परियोजनाओं में किये जा रहे कार्यों एवं

उनके प्रभाव को विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया एवं संस्थान के तीन प्रकाशनों का भी विमोचन किया गया। साथ ही कृषक महिला श्रीमती ममता रात्रे एवं सप्तऋषि राय को प्रगतिशील कृषक के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन भी किया गया जिसमे किसानों को इस समय धान में आ रहे कीट व रोग प्रबंधन की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निदेशक डॉ. पंकज शर्मा ने किया । कार्यक्रम में बीएसएनएल के महाप्रबंधक, कृषि विश्वविधालय के अनुसंधान निदेशक, संस्थान प्रबंधन समिति के द्वारकेश पाण्डेय सहित लगभग 250 किसानो व अन्य लोगों ने भाग लिया।

निकरा परियोजना अंतर्गत बीज वितरण एवं प्रशिक्षण

रतलाम। कृषि विज्ञान केंद्र जावरा रतलाम अंतर्गत संचालित जलवायु समुत्थान कृषि में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन (निकरा परियोजना) अंतर्गत किसानों को रबी फसलों का बीज चना, गेहूं, अलसी और सरसों आदि वितरित किया गया। इस प्रशिक्षण और वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सर्वेश त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

साथ ही उन्होंने किसानों को रबी फसलों की बुवाई से पहले प्रमुख सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि किसान भाई कैसे बीज बोने से पहले बीजों का उपचार करें जिससे उनमें लगने वाली मृदा जनित बीमारियों से बचाव हो सकें और कम पानी में भी किसान अच्छी पैदावार ले सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एस.सी.-एस.पी. प्लान के तहत अनुसूचित जाति के कृषको को गेहूँ और चना के साथ सब्जी की किट का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 58 कृषक/महिला कृषक की भागीदारी रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान को.-पी.आई. डॉ. सुशील कुमार, डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप तिवारी एवं यंग प्रोफेशनल-1 आदित्य प्रताप राठौर उपस्थित रहे।

आम के संकलन पुस्तिका का दीक्षांत समारोह में विमोचन

रीवा। कृषि महाविद्यालय रीवा के अखिल भारतीय समन्वित फल अनुसंधान परियोजना, फल अनुसंधान केन्द्र रीवा के वैज्ञानिकों डॉ टीके सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, सुधीर कुमार सिंह एवं डॉ. एसके त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तिका में आम की विभिन्न प्रजातियों का सचित्र वर्णन किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से रीवा में लगाई जाने वाली आम की फसलें हैं जिसका विमोचन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के 17वें दीक्षांत समारोह में किया गया। इस आम की संकलित पुस्तिका का विमोचन लखन सिंह पटेल, राज्य मंत्री, कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, संकाय प्रमुख कृषि डॉ. डी.के. खरे, संकाय प्रमुख उद्यान डॉ एसके पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता रीवा डॉ एसके त्रिपाठी, डॉ. टी.के. सिंह उपस्थित थे।

01/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका

केले की खेती का रीवा में संभावना : डॉ. राजेश

रीवा। कृषि महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डॉ. एसके त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं डॉ. एके पांडेय प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के निर्देशन में ग्राम खजुआ में केन्द्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. राजेश सिंह एवं पौध सरंक्षण वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश कुमार ने कृषक रमेश पटेल द्वारा केले की गई खेती का अवलोकन किया गया। पिछले कई वर्षों से श्री पटेल द्वारा केले की खेती की जा रही है जिससे उन्हें एक एकड़ में लगभग साढ़े तीन लाख का फायदा हो रहा है। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. राजेश सिंह के मार्गदर्शन में केले की खेती की जा रही है जिन्होंने बताया कि रीवा जिले केले को 15 जुलाई से लेकर 15 अगस्त तक लगाना चाहिए जिसका कुल पेड़ एक एकड़ में 1135 लगाया जाता है। साथ ही जल निकासी का उचित प्रबंधन करना चाहिए। जैविक पदार्थों का अधिक प्रयोग करने से केले की गुणवत्ता बढ़ती है। डॉ. कुमार ने पौध सरंक्षण पर जानकारी दी। गांव के अन्य प्रगति शील किसान दुर्गा शंकर मिश्रा एवं रामशरण पटेल उपस्थित रहे।

महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर

मुरैना। कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना द्वारा न्यूट्री स्मार्ट विलेज के अन्तर्गत अंगीकृत ग्राम रपट का पुरा में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप स्वास्थ्य केन्द्र सिरमिती से ANM श्रीमती ओमवती सेमिल और MPW संजीव श्रीवास्तव एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रशांत कुमार गुप्ता, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी श्रीमती अर्चना खरे मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम रपट का पुरा की 30-40 महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गुप्ता ने बताया कि हरे पत्तेदार सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करके हम अपने हीमोग्लोबिन को बढा सकते हैं और एनिमिया जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अर्चना खरे ने बताया कि अपने घर, अपने घर के आसपास खाली जगह पर गृह वाटिका या पोषण वाटिका लगाकर जैविक (बिना रासायनिक) हरी सब्जियों प्राप्त कर सकते हैं। हरी सब्जियों के सेवन से परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ्य रह सकते हैं।

कृषि छात्रों ने किया सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन एवं दिए तकनीकी सुझाव

शिवपुरी। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय ग्वालियर से ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के लिए छः माह के लिए आये 18 रावे छात्रों ने कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी के समन्वय में ग्राम रातोर विकासखण्ड शिवपुरी में 14 अक्टूबर के सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन तकनीक से स्थानीय कृषकों एवं जनसामान्य की सहभागिता से ग्राम की स्थितियों का मूल्यांकन कर संसाधनों की पहचान कर मानचित्र पर उकेरा गया। इस तकनीक को पीआरए कहा जाता है जिसमें स्थानीय स्थिति में बदलाव लाने के लिए अपनी स्वयं की जीवन स्थितियों, समस्याओं और संभावनाओं का विश्लेषण करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इसी के साथ कृषकों को रबी फसलों की वर्षा संचय जल के आधार पर बुवाई विशेषकर सरसों के लिए उन्नत किस्मों, बीजोपचार के साथ-साथ उर्वरक प्रबंधन के लिए डी.ए.पी. के विकल्प के तौर पर एन.पी.के. या एन.पी.के.एस. मिश्रित उर्वरकों की जानकारी से अवगत कराया गया। रावे छात्रों को कृषि के साथ-साथ कृषि उद्यमिता की जानकारी से जुड़ने तथा ग्रामीण उद्यमिता विकास के लिए भी प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार के निर्देशन में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम. के. भार्गव रावे प्रभारी एवं सह रावे प्रभारी डॉ. नीरज कुमार कुशवाहा के साथ सहायक संचालक कृषि एस.एस. घुरैया एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस. एस. जाटव भी उपस्थित रहे।

कृषकों को फसलों में समसामियिकी सलाह

शहडोल। कृषि विज्ञान केंद्र एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग शहडोल के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम झिकबिजुरी, खम्हरिया एवं खरतोरा में भ्रमण करके कृषकों को फसलों में समसामियिकी सलाह देकर जागरूक किया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने कृषकों को सलाह दी कि गेहूं की विलम्ब से बुवाई होने के कारण मार्च एवं अप्रैल की गर्मी में गेहूं की फसल को नुकसान होता है। कृषक हैप्पी सीडर या सुपर सीडर मशीन के माध्यम से गेहूँ एवं चने की बुवाई करें जिसमें कृषक को खेत तैयार करने की आवश्यकता नहीं होती है। साथ ही किसान बिना पराली जलाए सीधे गेहूँ की बुआई कर सकते हैं। सुपर सीटर मशीन पराली को खेत में मिलाते हुए बुवाई करती है। दूसरी ओर हैप्पी सीडर मशीन पराली के बीच में बुवाई करती है। इन मशीनों से गेहूँ एवं चने की कटाई के उपरांत ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की बुवाई भी की जा सकती है।

प्रो. बालिक दास राय
बन्टी राय
98276-11495
88715-18885
मै. माँ उर्वरक केन्द्र
रसायनिक एवं
जैविक खाद बीज
एवं दवाई के विक्रेता

अमित राय

पता: भितरवार रोड, डबरा (म.प्र.)
03/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका

किसानों को गिनाए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के फायदे

शहडोल। कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मृगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम मझगवां एवं सलियाटोला में कृषक खेत भ्रमण किया गया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति द्वारा किसानों को जानकारी दी गई कि हमारे देश में 142 मिलियन हे. कृषि योग्य भूमि है जिसमें से केवल 52% भूमि में ही संस्थागत सिंचाई के साधन उपलब्ध है बाकी बची जमीन सिंचाई के लिए बरसात पर निर्भर है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सामान्य रूप से बागवानी फसलों में उर्वरक व पानी देने की सर्वोत्तम एवं आधुनिक विधि मानी जाती है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में कम पानी से अधिक क्षेत्र की सिंचाई की जाती है। इससे पानी की बर्बादी को तो रोका ही जाता है, साथ ही यह जल उपयोग दक्षता बढ़ाने में भी सहायक है। इस प्रणाली से सिंचाई करने पर फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है। हमारे देश में अधिकांशतः खेतों में सिंचाई के लिये कच्ची नालियों द्वारा पानी लाया जाता है, जिससे तकरीबन 30-40 फीसदी पानी रिसाव की वजह से बेकार चला जाता है। ऐसे में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का इस्तेमाल करने में फायदा-ही-फायदा है। इसके अतिरिक्त डॉ. प्रजापति ने कृषकों को बताया कि सब्जियाँ जल की कमी के प्रति काफी सहिष्णु होती है, क्योंकि अधिकांश सब्जियों की जड़े उथली होती है एवं पौधे की वृद्धि एवं विकास कम समय में ही पूरा करती है। थोड़े अंतराल के लिए भी पानी की कमी, उत्पादन के साथ-साथ सब्जियों की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव डालती है।

10/2023-24

बायो एजेंट-आओ सीखे कम लागत में कीट प्रबंधन

गोविंदनगर/नर्मदापुरम्। कृषि विज्ञान केंद्र गोविन्दनगर में मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् भोपाल द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत आन फार्म प्रोडक्शन आफ बायो एजेंट, बायो फ़र्टिलाइज़र एवं अनुप्रयोग पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे चयनित 25 किसानो को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए महत्वपूर्ण अवयव विभिन्न बायो एजेंट जैसे ट्राईकोग्रामा, रेडुविड बग, ग्रीन लेस विंग, ई. पी. एन., ट्राईकोडर्मा, माईकोराईजा, एजोला आदि के उत्पादन तकनीक को किसानो को व्यवहारिक व् प्रायोगिक रूप से किसानो को सिखाया गया है जिससे वो स्वयं इनका उत्पादन कर इनका प्रयोग अपनी फसलो पर कीट प्रबंधन के लिये कर सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन में केन्द्र के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, न्यास के नव नियुक्त प्रबन्धक धर्मेन्द्र गुर्जर एवं केन्द्र के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गर्ग द्वारा किया गया एवं किसानों को मार्गदर्शन मिला। मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् भोपाल द्वारा वित्त पोषित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को परियोजना के प्रधान अन्वेशक वैज्ञानिक ब्रजेश कुमार नामदेव द्वारा संचालित किया गया जिसमे उन्होंने किसानो को विभिन्न बायोएजेंट जैसे-ट्राईकोग्रामा, रेडुविड बग, ट्राईकोडर्मा, माईकोराईज़ा, एजोला, बी.जी.ए. आदि जैव उर्वरक के उत्पादन व अनुप्रयोग के बारे में प्रायोगिक रूप से सिखाया इस प्रशिक्षण में डॉ राजेंद्र पटेल डॉ संजीव कुमार गर्ग विकास का भी मार्गदर्शन मिला।

केविके बड़गांव के प्रक्षेत्र में किसानों ने किया भ्रमण : डॉ. अमूले

बालाघाट। कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, बालाघाट में किरनापुर एवं लांजी के कृषकों द्वारा केन्द्र के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया इस दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक एवं प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. रमेश अमूले द्वारा कृषकों को प्रक्षेत्र में प्रजनक बीज उत्पादन हेतु लगी धान की फसल जे.आर. 81, जे.आर. 10, जे.आर. 206 एवं स्वर्णा सब-1 की किस्मों के बारे में बताया। जे.आर. 81, जे.आर. 10, जे.आर. 206 (पकने की अवधि 120-122 दिन, दाना मध्यम मोटा, सूखा सहनशील किस्म, औसत उत्पादन 55-60 क्विंटल/हेक्टेयर, कीड़े एवं बीमारियों के प्रति मध्यम सहनशील, एम.टी.यू. 1010 की अपेक्षा 15% अधिक उत्पादन क्षमता) एवं स्वर्णा सब-1 (उत्पादकता क्षमता 22-25 क्विंटल प्रति एकड़ हैं। पकने की अवधि 140-145 दिन, दाना मध्यम लंबा, मध्यम बौनी किस्म, बाड़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु उपयुक्त किस्म (लगभग 14 दिनों तक), औसत उत्पादन 55-60 क्विंटल/हेक्टेयर, कीड़े एवं बीमारियों के प्रति सहनशील किस्म) के बारे में बताया।

01/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका

एचआई-1650 ओजस्वी गेहूँ वैरायटी

प्रदीप खडीकर 9301606161
वसुन्धरा सीड्स, उज्जैन (म.प्र.)

वसुन्धरा सीड्स द्वारा गेहूँ, चना, सोयाबीन, मूंग, उड़द, अरहर, प्याज आदि फसलों के उन्नत बीज अनुसंधान केन्द्र (रिसर्च स्टेशन) व कृषि विश्वविद्यालयों से सम्पर्क कर प्राप्त किए तथा क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर प्राप्त बीज से क्षेत्र के श्रेष्ठ किसानों के यहां अनुशंसा एवं आदर्श कृषि कार्यमाला एवं खेती के आधुनिक तरीकों/तकनीकों से उनकी पैदावार लेकर उनके आंकड़े एकत्रित किए तथा प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार क्षेत्र के किसानों के लिए श्रेष्ठ किस्मों का चुनाव कर उन्हें किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। वैज्ञानिकों एवं किसानों के यहां तकनीकी एवं व्यवहारिक दृष्टि से परखी गई श्रेष्ठ किस्म एवं जातियों का विवरण निम्नानुसार है-

1. गेहूँ एच.आई.-1650 (पूसा ओजस्वी)

गेहूँ किस्म एच.आई. 1544 (पूर्णा) के बाद किसान एक ऐसी चमत्कारी, असाधारण खाने वाली गेहूँ किस्म का इंतजार कर रहे थे जो कि पूर्णा या अन्य परंपरागत चपाती वाली किस्मों से अधिक उत्पादन, ज्यादा बाजार भाव, अच्छा सुडोल आकर्षक दाना, कम ऊंचाई व कम बीज दर व जल्दी व कम सिंचाई में भी आने वाली, बीमारियों के प्रति प्रतिरोधकता वाली ऐसे सभी गुणों से सम्पन्न आल इन वन किस्म जिसका डंका पूरे भारत में बजे ऐसी किसानों की अपेक्षा के अनुरूप गेहूँ अनुसंधान केन्द्र (IARI) द्वारा जो कि पूसा नई दिल्ली का एक सहयोगी संस्थान है। वर्षों के गहन अनुसंधान के 7 पश्चात गेहूँ की बॉयो फोर्टीफाईड किस्म एच.आई. - 1650 (पूसा ओजस्वी) देश के मध्यक्षेत्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, बुंदेलखंड क्षेत्र हेतु समय पर बोनी हेतु चपाती, ब्रेड, बिस्किट के लिये उपयुक्त हाल ही में जारी की है। गेहूँ की यह नवीनतम, एडवांस किस्म किसानों की सभी आवश्यकताओं एवं देश में बढ़ती ब्रेड, बिस्किट एवं चपाती वाले गेहूँ की मांग को पूरा करने में एक मील का पत्थर साबित होगी।

इस किस्म का गजट नोटिफिकेशन क्रमांक एस. ओ. 1056 (E) दिनांक 06.03.2023 है। गेहूँ की यह अतिविशिष्ट नई जनरेशन कि किस्म पर पूसा नई दिल्ली के द्वारा कई वर्षों के गहन रिसर्च एवं वैज्ञानिकों की टीम द्वारा भारी खर्च वाले अनुसंधान कार्य के

पश्चात् इस किस्म को जारी किया गया जिसके कारण इस किस्म का प्रजनक (ब्रीडर) बीज जो कि सीमित मात्रा में था उसका पूरा व सही लाभ किसानों को मिले। इस हेतु एक विशेष अनुबंध (MOU) के तहत कुछ निर्धारित शर्तों पर कुछ चुनी हुई बीज उत्पादक कम्पनियों को इसका प्रजनक बीज, प्रगुणन (उत्पादन) एवं विक्रय के लिए दिया गया जिसके प्रथम क्विंटल की लागत पंजीयन/लायसेंस व रायल्टी सहित रूपये 1,25,000 थी। इसलिए किसान भाई गेहूँ अनुसंधान केन्द्र (IARI) द्वारा अधिकृत बीज उत्पादक कम्पनियों से ही बीज लेवें क्योंकि इस किस्म की भारी माँग होने से कई लोग इस किस्म से मिलती-जुलती किस्मों को पूसा ओजस्वी या 1650 के नाम से थोड़े कम दाम में बेचकर किसानों के साथ धोका कर रहे हैं। इससे किसान सावधान रहे। केवल पूसा, नई दिल्ली द्वारा अधिकृत कम्पनियों से ही बीज लेवें इसकी पुष्टि एवं सूचना आप गेहूँ अनुसंधान केन्द्र इंदौर से भी कर सकते हैं उनके द्वारा इसकी सूची यूट्यूब पर भी वीडियों के रूप में डाली गई है।

किसान भाई इस बात को भी समझें कि मूल प्रजनक बीज की लागत बहुत अधिक होने से बीज थोड़ा महंगा हो सकता है। किंतु अधिकृत उत्पादक कंपनी से बीज लेने पर ओरिजनल होने की ग्यारंटी रहेगी। साथ ही जहाँ तक लागत का प्रश्न है किसान भाईयों को यदि इस किस्म का आधार बीज एफ-1 बीज मिल रहा है तो उसका उपयोग वे 2-3 वर्ष तक कर सकते हैं। किसान भाई 1 वर्ष का बीज नहीं लें रहें है वे 2-3 वर्ष में इस लागत का आंकलन करेंगे तो उन्हें यह बीज बिलकुल महंगा नहीं लगेगा। साथ ही इस किस्म की बीज दर प्रति एकड़ 40 किलो जो कि अन्य किस्मों की तुलना में बहुत ही कम है। उदाहरण के लिए इस किस्म की बीज दर रूपये 12,500/- प्रति क्विंटल रहती है तो मात्र 5000/- रुपए एकड़ में गेहूँ की बीजाई हो जाएगी जो कि लगभग अन्य गेहूँ की किस्म की लागत के बराबर ही है। क्योंकि उनका बीज थोड़ा सस्ता हो सकता है किन्तु बीज दर या मात्रा अधिक लगने से उसकी लागत भी लगभग इतनी ही आएगी किन्तु बीज के रूप में गेहूँ-1650 की मांग अगले वर्ष भी बहुत अच्छी रहेगी जिससे किसान को इस किस्म के गेहूँ का जो भाव मिलेगा वह अन्य किस्मों के गेहूँ में कभी नहीं मिल सकता है। अतः किसान इस किस्म के भाव के बजाय इस किस्म से होने वाले लाभ पर ही ध्यान देवें। इसके अतिरिक्त किसानों को इस किस्म के बीज की जो अतिरिक्त लागत लग रही है। वह तो इस किस्म के फसल कटने पर निकलने वाले भूसे से ही निकल जावेगी । इस किस्म का बीज सिर्फ सीधे बीज उत्पादक कम्पनियों को ही विक्रय के लिये दिया गया है। किसी भी किसान या व्यक्ति को यह बीज उत्पादन या विक्रय के लिए नहीं दिया गया है। इसका विशेष ध्यान रखें। अधिकृत बीज कम्पनियों से ही बिल के साथ इस बीज का क्रय करें।

इस किस्म का दाना सुडोल, चमकदार, आकर्षक, लम्बाकार रंग अम्बर (सुनहरा), 1000 दानो का वजन लगभग 50 ग्राम, बाली में दाने खिरने की समस्या नहीं, बॉयो फोर्टिफाईड किस्म होने से इसमें जिंक (42.7), आयरन (39. 5) पी. पी. एम. एवं प्रोटीन (11.4%) होने के कारण इस किस्म में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में है जो कि देश में कुपोषण की समस्या को दूर करने में भी यह किस्म एक महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस किस्म की रोटी सफेद, मुलायम, स्वादिष्ट, ब्रेड, बिस्किट एवं अन्य बेकरी आयटम के लिये अत्यंत उपयुक्त किस्म है। क्योंकि इस किस्म की चपाती क्वालिटी एवं बिस्किट क्वालिटी इन्डेक्स लगभग 7.9 है तथा इस किस्म की सेडीमेटेशन वल्यू (39.00ML) है जो कि इस किस्म को चपाती, ब्रेड, बिस्किट हेतु एक सर्वोत्तम किस्म होने के दावे की तकनीकी रूप से भी पुष्टि करती है।

इस किस्म की बाली सफेद, पत्तियां चौड़ी, सतह मोमी, मजबूत पर्ण झुके हुए तथा पौधा मध्यम ऊंचाई का लगभग 90-92 सेंमी. पौधा कम ऊंचाई का होने से आड़ा (लाजिंग) पड़ने की समस्या नहीं जिससे अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादन में बढ़ोतरी इस किस्म का पौधा भरा हुआ पत्तियां चौड़ी व टिलरिंग अधिक होने से किसानों को अधिक भूसा भी प्राप्त होगा जो कि किसानों को एक अतिरिक्ति आय का लाभ भी निश्चित रूप से देगा। इस किस्म की बीज दर 100 किलो हेक्टेयर या 40 किलो एकड़, लाईन से लाईन की दूरी 20 से.मी. 1 नवम्बर से 25 नवम्बर तक समय पर बोनी करने पर तथा संतुलित मात्रा में उर्वरक एन.पी.के. 120:60:40 तथा अनुशंसित मात्रा में जिंक तथा समय-समय पर 4-5 सिंचाई देने पर आदर्श परिणाम। इस किस्म का अधिकतम उत्पादन आदर्श परिस्थिति में लगभग 73 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है पर व्यवहारिक रूप से कुछ किसानों द्वारा इस किस्म का चमत्कारी उत्पादन 17 क्विंटल बीघा तक भी लिया गया है। किसानी आंकड़ों व जानकारी ने अनुसार यह एक अर्ली किस्म अवधि लगभग 115

से 120 दिन होने से 2-3 सिंचाई में भी अच्छे मजबूत जड़ तंत्र होने के कारण इस किस्म ने अच्छा उत्पादन दिया है।

यह किस्म लगभग 23 सभी मुख्य स्टेम रस्ट एवं लीफ रस्ट के लिये प्रतिरोधक किस्म है तथा पाला अवरोधक किस्म होने पाला व बीमारियों से नुकसान की संभावना भी कम रहती है।

यह किस्म कम बीज दर, कम सिंचाई व कम दिवस में आने के कारण कम लागत पर अधिकतम उत्पादन व अच्छे बाजार भाव जिससे किसान को अधिकतम आय ऐसी हरफनमौला किस्म आज हर किसान की आवश्यकता है व बढ़ते जीवन स्तर के कारण अच्छी क्वालिटी के गेहूँ की चपाती, बिस्किट, ब्रेड मार्केट में बड़ी माँग के कारण इसके उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं, इन सब असाधारण गुणों के कारण यह किस्म हर किसान की पहली पसंद बनकर पूरे क्षेत्र में शीघ्र ही अच्छादित हो जावेगी ।

2. गेहूँ-एच. आई. 1655 (पूसा हर्षा)

विगत कई वर्षों से शरबती किस्म अमृता, हर्षिता के बाद क्षेत्र के किसान इस बात का इंतजार रहे है कि उन्हें इन परम्परागत किस्मों से भी अधिक उत्पादन देने वाली, बेहतर, उच्च गुणवत्ता वाली, पानी की उपलब्धता के अनुसार कम से अधिक सिंचाई में आने वाली अर्ली एवं बिमारियों के प्रति प्रतिरोधकता वाली, जिसकी ऊँचाई थोड़ी कम रहे व उसकी काड़ी कड़क रहें जिससे आड़ा पड़ने (लाजिंग) की समस्या कम हो ऐसी बहुगुणी विशेषता वाली किस्म जो उन्हें अधिकतम उत्पादन के साथ-साथ ज्यादा बाजार भाव भी दिला सके, इस संबंध में किसानों का इंतजार खत्म हुआ। पूसा के सहयोगी संस्थान गेहूँ अनुसंधान केन्द्र (IARI) इंदौर द्वारा हाल ही में सुखा निरोधक, चमत्कारी गेहूँ किस्म एच. आई. 1655 (पूसा हर्षा) देश के मध्यक्षेत्र हेतु समय पर बोनी के लिये, चपाती, ब्रेड एवं बिस्किट हेतु सर्वश्रेष्ठ जारी की है, जिसका गजट नोटिफिकेशन क्र. 1056 (E) दिनांक 6.3.2023 है। यह एक उत्कृष्ट जल उपयोग वाली कुशल जीनो टाईप व बॉयो फोर्टिफाईड किस्म है ।

शरबती गेहूँ की यह किस्म अभी तक जारी सभी शरबती किस्मों की तुलना में एक चमत्कारी किस्म तथा अलग गुणों एवं विशेषताओं वाली किस्म होने से यह अन्य परम्परागत शरबती किस्मों से थोड़ी अलग है शरबती किस्मों जैसे सुजाता या अन्य में बीज दर, पानी/खाद आदि के असंतुलन के कारण अधिक ऊँचाई बढ़ने, आड़ा पड़ने व इसके कारण उत्पादन में कमी की समस्या आम है किंतु इस चमत्कारी किस्म हर्षा (एच.आई. 1655) एक मध्यम ऊँचाई कि लगभग 90-95 से.मी. जो कि लगभग लोक-1 के बराबर है। इस कारण कम ऊंचाई व इसकी काड़ी कड़क होने से हवा चलने या वर्षा की स्थिति में इसके गिरने (लाजिंग) की संभावना कम रहती है, जिसके कारण कृषकों को उत्पादन व गुणवत्ता खराब होने के

कारण होने वाले नुकसान की आशंका शरबती किस्म होने के बाद भी इसमें कम रहती है। पाला अवरोधी किस्म होने से अधिक ठंड या पाले की स्थिति में भी इस किस्में में नुकसान की संभावना बहुत कम रहती है। स्टेम एवं लीफ रस्ट के लिये यह किस्म प्रतिरोधी है। इस किस्म के अविश्वसनीय किन्तु सत्य गुणों के कारण शरबती किस्मों की खेती को एक नई परम्परा, एक नया आत्मविश्वास व एक नई दिशा मिलेगी।

इस किस्म के दानें सुडोल, चमकदार, आकर्षक, लम्बाकार, रंग अम्बर (सुनहरी), 1000 दानों का वजन लगभग 47 ग्राम, प्रोटीन (11.4%), जिंक (39.7), लोह तत्व (37.3) पी.पी.एम. है, इस किस्म की रोटी, ब्रेड एकदम सफेद, नरम, स्वादिष्ट तथा आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर है। इस किस्म का चपाती इंडेक्स (8.4) तथा सेडीमेंटेशन वेल्यू (42.6 ML) है जो कि तकनीकी दृष्टि से चपाती व इस किस्म की क्वालिटी की उच्चता की पुष्टि करती है।

इस किस्म कि पत्तियां चौड़ी, थोड़ी झुकी हुई बालियों का रंग सफेद, बाली पर रोए नहीं, इस किस्म की अंकुरण क्षमता अत्याधिक होने, सुडोल दानों से भरपूर बालियों वाला खेत कल्ले (टिलरिंग) का एक साथ बहुत अधिक फुटाव, सुंदर आकर्षक फसल बिना देखे अविश्वसनीय भी है। ऐसा इस किस्म को लगाने वाले किसानों का अभिन्न मत है सघन पौधा, अधिक चौड़ी पत्तियों की छत्र-छाया (अच्छादन) होने से यह भूमि के जल वाष्पीकरण को कम कर देती है व इसकी जड़ें गहरी होने से जमीन के नीचे के स्तर की नमी एवं तत्वों को खिंचकर पौधे को दे देती है जिससे पौधा कम सिंचाई में या सुखे की स्थिति में भी हरित अवस्था में बना रहता है जो कि इस किस्म की उच्च उत्पादन क्षमता का मूल रहस्य है। अच्छी वर्षा या सिंचाई पर्याप्त उपलब्ध होने पर किसान इस किस्म में 3 से 4 सिंचाई लगाकर भी अधिक उत्पादन भी प्राप्त कर सकते हैं।

इस किस्म की अवधि सुजाता या अन्य शरबती किस्मों से कम है यानि यह मात्र लगभग 115 से 120 दिवस है जबकि इसकी अधिकतम उत्पादन क्षमता लगभग 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तथा व्यवहारिक परिस्थितियों में कुछ किसानों द्वारा इस किस्म का सर्वाधिक उत्पादन लगभग 13-14 क्विंटल बीघा लिया गया है जो कि अविश्वसनीय किंतु सत्य है तथा यह शरबती किस्मों में सर्वाधिक है व शरबती किस्मों में इसे प्रथम स्थान पर पहुचाने हेतु पर्याप्त है। इस किस्म के दाने सुडोल चमकदार होने तथा रोटी, ब्रेड, बिस्किट, बेकरी आयटम के लिए उत्तम होने से इसकी स्थानीय माँग काफी अच्छी रहेगी जिसके कारण किसानों को अधिकतम उत्पादन के साथ अधिक बाजार भाव ऐसे दोहरा लाभ प्राप्त होगा। इस किस्म का पौधा फैलावदार, सघन, कुचे वाला होने से इस किस्म में भूसे की मात्रा किसान को अधिक मिलेगी जो कि किसान को एक अतिरिक्ति आय देगी।

इस किस्म की बीज दर 108 किलो हेक्टेयर या लगभग 40 किलो एकड़ लाईन से लाईन की दूरी 20 से.मी. 20 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक समय पर बोनी करने संतुलित खाद एन. पी. के. एवं जिंक 80:40:50 सही समय पर देने पर आदर्श परिणाम। गेहूँ की यह शरबती किस्म हर्षा अपने असाधारण गुणों के कारण अपना एक उच्च स्थान बहुत जल्दी बना लेगी तथा चपाती वाले गेहूँ के बाजार व बेकरी इंडस्टी की एक बड़ी आवश्कयता बन जाएगी । यह किस्म की पूसा नई दिल्ली व गेहूँ अनुसंधान के (IARI) द्वारा विशेष अनुबंध (MOU) के तहत सीमित मात्रा में कुछ कम्पनियों को ही लगभग 1,25,000 /- क्विंटल की लागत पर दी गई है। अतः किसान केवल अधिकृत कम्पनियों से ही इसे खरीदे ताकि किसानों के साथ कोई धोखा न हो ।

3. गेहूँ-एच.आई. 8830 (पूसा कीर्ति)

पूसा के सहयोगी संस्थान, गेहूँ अनुसंधान केन्द्र, इंदौर द्वारा देश के मध्यक्षेत्र म.प्र. दक्षिण राजस्थान, बुंदेलखंड, गुजरात, छत्तीसगढ़ के लिए समय पर बोनी हेतु थुली, रवा, पास्ता हेतु अनुशंसित गेहूँ की यह नवीनतम बॉयो फोर्टिफाईड किस्म हाल ही में जारी की है, इसका गजट नोटिफिकेशन क्रमांक एस.ओ. 1056 (E) 6.3.2023 है। पूसा तेजस, पोषण व पूसा मंगल आदि कठिया किस्मों के बाद किसान इनसे भी उन्नत एक ऐसी ड्यूरम किस्म का इंतजार कर रहे थे, जिसमें कम अवधि में कम सिंचाई व कम बीज दर पर अधिकतम उत्पादन प्राप्त हो सके किसानों की इसी अपेक्षा को पूर्ण करने हेतु, पूसा नई दिल्ली के संस्थान व इंदौर क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र (IARI) द्वारा वर्षों के गहन रिसर्च के पश्चात् यह नई कठिया किस्म एच.आई. 8830 (पूसा कीर्ति) जारी की है। अति विशिष्ट श्रेणी की यह ड्यूरम किस्म का प्रजनक बीज एच. आई. 1650 की तरह ही एक विशेष अनुबंध (MOU) के तहत बहुत ही सीमित बीज होने से कुछ चुनी हुई बीज उत्पादक कम्पनियों को ही बीज प्रगुणन/उत्पादन व विक्रय के लिये दिया गया है जिसकी वास्तविक लागत प्रथम क्विंटल पर 1,25,000/- ली गई है। अतः किसान अधिकृत लायसेंस प्राप्त कम्पनियों से ही बीज लेवें ताकि उनके साथ किसी प्रकार का धोखा न हो ।

इस किस्म का दाना आकर्षक, चमकदार, बोल्ड,

रंग अम्बर (सुनहरा), थोड़ा कड़क, आकार दीर्घ वृत्ताकार (इलेप्टीकल), 1000 दानों का वजन लगभग 50 ग्राम बालियों में आरेकल ठोस (काम्पेक्ट) होने से खिरने की समस्या नहीं व परिपक्वता अवधि में थोड़ी वर्षा होने पर भी दाने का रंग खराब नहीं होता जिससे बाजार भाव अच्छे मिलते हैं। बॉयो फोर्टिफाईड किस्म होने से इसमें पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में जैसे जिंक (37.9) लोह तत्व (37.6) पी.पी.एम. तथा इसकी सेडीमेटेशन वेल्यू (33.8 ML) होने से यह इसकी उच्चतम गुणवत्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्वालिटी होने का एक तकनीकी प्रमाण है ।

हमारे यहाँ प्रकृति ने कठिया (ड्यूरम) गेहूँ के उत्पादन हेतु अत्यंत आदर्श वातावरण एवं पस्थितियाँ प्राकृतिक रूप से प्रदान की है जिसके कारण कठिया गेहूँ की इस किस्म की क्वालिटी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की व उत्पादन अधिकतम प्राप्त होता है जिससे इस किस्म की बड़ी स्थानीय माँग एवं निर्यात की असीम संभावनाएँ बनी हुई है ।

इस किस्म का पौधा मध्यम ऊँचाई का ऊँचाई लगभग 90 सेंमी. पत्तियाँ चौड़ी, पर्ण कोण, सीधी सतह मोमी, मजबूत बालियाँ सफेद, बालियों पर रूए नहीं, काड़ी कड़क, ऊँचाई अधिक नहीं व जबरदस्त टिलरिंग होने के कारण इसके आड़ा पड़ने (लाजिंग) की समस्या नहीं। पौधा घना, फैलावदार व अधिक कुचे वाले होने के कारण किसानों को भूसा भी अधिक प्राप्त होता है, भूसे के भाव भी बहुत अच्छे मिलने के कारण किसान को लगने वाली गेहूँ की लागत का अधिकतम हिस्सा भूसे की आय में निकल जाता है । इस किस्म का अंकुरण बहुत अच्छा होने से व टिलरिंग (कल्ले) अधिक होने से बीज दर भी कम लगती है तथा फसल की अवधि लगभग 120 दिन होने से कम सिंचाई में भी अधिकतम उत्पादन देने में यह किस्म सक्षम है।

बीमारियों के प्रति प्रतिरोधकता व पाले / ठंड के प्रति सहनशीलता के सभी गुण इस किस्म में अन्य उन्नत ड्यूरम किस्मों की तरह स्वाभाविक रूप से देखे गए है।

इस किस्म की बीज दर 113 किलो हेक्टेयर या लगभग 45 किलो एकड़ तथा लाईन से लाईन की दूरी 20 से.मी. रखने व 20 अक्टूबर से 25 नवंबर से पूर्व समय पर बोनी करने व अनुशंसित संतुलित उर्वरक एन.पी.के. व जिंक की मात्रा समय पर 100:50:25 उपयोग करने पर आदर्श परिणाम ।

इस किस्म में एक यह अच्छी बात है कि सीमित सिंचाई 1 से 2 देने पर भी यह किस्म अच्छा उत्पादन देने की क्षमता रखती है । इस किस्म में किसानों द्वारा 3 से 4 सिंचाई में भी व्यवाहरिक रूप गतवर्ष कि विपरित मौसम एवं अधिक तापमान की परिस्थिति में भी लगभग 17 क्विंटल बीघा का उत्पादन लिया गया है जो कि आश्चर्यजनक किंतु सत्य है । इस किस्म में

किसान भाई दाने में दूध भरने (जीव पड़ने) की अवस्था लगभग 85 से 90 दिन के बाद सिंचाई रोक देगें तो फसल के आड़ा पड़ने व दाने के पोट्या (धान्या) होने की संभावना नहीं के बराबर रहेगी जिससे किसानों को अधिकतम उत्पादन के साथ अच्छे बाजार भाव दोनों का लाभ मिलेगा।

गेहूँ की यह अत्यंत उन्नत एडवांस जनरेशन की यह ड्यूरम किस्म एच.आई. 8830 (पूसा कीर्ति) अपने बहु आयामी गुणों के कारण अतिशीघ्र अपना एक विशिष्ट उच्च स्थान अतिशीघ्र बना लेगी तथा किसानों के लिये कठिया गेहूँ की खेती की एक नई परम्परा बनाते हुए उनके लिये वरदान सिद्ध होगी।

4. गेहूँ एच. डी. 3385

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान एवं (IARI) नई दिल्ली द्वारा यह विशिष्ट श्रेणी की अत्युतम गेहूँ की किस्म एक विशेष प्रक्रिया (PPVFRA) प्लॉट प्रोटेक्शन ऑफ वैरायटीज एण्ड फारमर्स राईट अथोरिटी के माध्यम से पंजीकृत किस्म है। इस किस्म की यह एक सबसे बड़ी विशेषता या कहे कि गुण यह है कि इस किस्म में बड़े हुए तापमान के प्रति असाधारण प्रतिरोधकता देखी गई है जो आज तक जारी समस्त किस्मों में सर्वाधिक है अर्थात् बढ़े हुए तापमान में भी यह किस्म अपनी उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता दोनों को बनाये रखती है एवं बार-बार मौसम में होने वाले बदलाव तथा मौसमी तनाव (स्टेस) के प्रति सामान्य उत्पादन देने की क्षमता ने इस किस्म को आज की अनिश्चितता वाली मौसम एवं परिस्थितियों को देखते हुए सबसे सफल एवं व्यवाहरिक किस्म होने का श्रेय प्राप्त है ।

इस किस्म की बोनी अक्टूबर माह में भी की जा सकती है क्योंकि अक्टूबर माह में अक्टूबर हिट याने बहुत गर्म वातावरण होता है चूंकि यह गर्मी के वातावरण को सहन कर लेती है व लम्बी अवधि की किस्म होने के बाद भी जल्दी बोवनी के कारण समय पर इसकी कटाई करना भी आसान है। इस किस्म की ऊँचाई 98 से.मी. है इसकी टिलरिंग काफी अधिक होने, काड़ी कड़क होने से इस किस्म में आड़ा पड़ने (लाजिंग) की समस्या नहीं के बराबर है जिससे उत्पादन स्वभाविक रूप से अधिक प्राप्त होता है ।

इस किस्म का दाना काफी आकर्षक, चमकदार एवं बहुत बोल्ड होने से बाजार की पहली पसंद बनने की इस किस्म में पूरी- पूरी क्षमता एवं अधिकतम बाजार भाव मिलने की पूर्ण संभावना, पीले, ब्राउन एवं ब्लेक रस्ट के प्रति उच्च प्रतिरोधी क्षमता। इस किस्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें कुंचे निकले अर्थात् टिलरिंग इतना अधिक है जो कि किसी अन्य किस्म में नहीं देखा गया है। जिसके कारण बीज दर लगभग 35-40 प्रतिशत कम जिससे लागत में कमी इस किस्म की उत्पादन क्षमता चपाती वाले गेहूँ में सर्वाधिक देखी गई है जो कि अधिकतम लगभग 74 क्विंटल प्रति हेक्टेयर किंतु व्यवहारिक रूप से किसानों के द्वारा 80 क्विंटल हेक्टेयर से भी अधिक उत्पादन लिया गया। इस किस्म में जबरदस्त टिलरिंग बहुत अच्छी अंकुरण क्षमता के कारण बीज दर मात्र 20-25 किलो एकड़ या लगभग 80 किलो हेक्टेयर गर्मी सहन करने की असाधारण क्षमता के कारण खेत में बारिश की नमी का भी उपयोग करते हुए 5 अक्टूबर से नवम्बर तक अर्ली बोनी हेतु उपयुक्त सिंचाई 4-5 देने व एन.पी.के. 100:50:25 व अनुशंसित मात्रा में जिंक देने पर आदर्श परिणाम जल्दी बोनी की क्षमता के कारण मार्च माह में ही अन्य किस्मों की तरह कटाई के कारण सुविधाजनक। गेहूँ की यह एच.डी. 3385 किस्म अपने चमत्कारी गुणों के कारण किसानों की गेहूँ की परम्परागत खेती के बारे में सोच को ही बदल कर रख देगी व एक ऐसा उच्च स्थान प्राप्त करेगी जो आज तक किसी किस्म को प्राप्त नहीं हुआ। अंत में यह गेहूँ खेती करने वाले किसानों के लिए एक वरदान सिद्ध होगी।

5. गेहूँ-सी- 306

गेहूँ की यह शरबती किस्म एक काफी पुरानी किस्म है जिसका नोटिफिकेशन 24.09.1969 को हुआ। ओल्ड इज गोल्ड की उक्ति को चरितार्थ करते हुए आज भी बाजार की शरबती किस्मों में अपने आकर्षक दाने, चमक व स्वाद के कारण शरबती किस्म में यह किस्म सिरमौर है। सूखा निरोधक किस्म होने के कारण यह कम से कम पानी/सिंचाई की स्थिति में भी अच्छा उत्पादन देने की क्षमता रखती है। इसकी उत्पादकता 25-30 क्विंटल हेम्टेयर है। इसके 1000 दानों का वजन 45-48 ग्राम लगभग होता है। पकने की अवधि 140-145 दिन होने से व गर्मी हेतु सहनशील किस्म होने से इसकी बोनी अक्टूबर से ही प्रारंभ हो जाती है, इसकी उँचाई 120-130 सेंमी. है। बीजदर लगभग 100 किलो हेक्टेअर व 1 से 2 सिंचाई पर अच्छे परिणाम, बाजार में चपाती में आज भी सी-306 गेहूँ सबसे लोकप्रिय व सबसे महंगा बिकने वाला गेहूँ है, इस किस्म में कृषकों का उत्पादन कम होते हुए भी बाजार भाव अधिक मिलने के कारण व सिंचाई खर्च कम होने से इस गेहूँ किस्म की खेती काफी लाभदायक है ।

6. गेहूँ-एच. आई.-1605 (पूसा उजाला)

गेहूँ अनुसंधान केन्द्र द्वारा वर्ष 2017 में जारी चन्दोसी/शरबती किस्म पूसा उजाला का दाना आकर्षक, चमकदार, खाने में चपाती हेतु अत्यन्त उत्तम एवं स्वादिष्ट होने से तथा इसकी रोटी सफेद एवं नरम होने से तथा इसकी अवधि सुजाता गेहूँ से कम होने के कारण तथा सूखे की स्थिति में मात्र एक से दो सिंचाई देने पर भी उच्चतम उत्पादन देने की क्षमता। काड़ी कड़क होने के कारण आड़ा पड़ने की समस्या नहीं होने के गुणों के कारण यह किस्म पहली बार किसान के द्वारा बोनी के पश्चात प्राप्त होने वाले परिणाम देखकर किसानों को इस किस्म को बार बार लगाने के लिये मजबूर कर देगी। जिन कृषकों ने इस शरबती किस्म को गतवर्ष लगाया था वे इसकी उत्पादन क्षमता को देखकर आज भी अचम्भित है, कि एक शरबती किस्म 55 क्वि. प्रति हेक्टेयर से अधिक उत्पादन कैसे दे सकती है। यह एक आश्चर्यजनक किंतु सत्य है जो कि आप स्वयं इस किस्म को लगाकर आदर्श परिस्थितियों में प्राप्त कर सकते हैं। इस किस्म में दाने थोड़े कड़क, चमकदार, अण्डाकार आकार के होते हैं, 1000 दानों का वजन लगभग 45 ग्राम, पौधे की ऊँचाई लगभग 90 से.मी. अवधि लगभग 120 दिवस, पत्ती की चौड़ाई मध्यम थोड़ी सीधी, आवरण मजबूत - चिकनी बाली पर रोएं नहीं, बाली का रंग सफेद। इस किस्म में लाईन से लाईन की दूरी लगभग 10" (इंच) रखने, बीच दर 45 किलो एकड़ या 100 किलो हेक्टेयर रखने फर्टिलाईजर अनुशंसा N80P40 K40 किलो प्रति हेक्टेयर रखने तथा 1-2 सिंचाई देने पर आदर्श परिणाम व्यावहारिक रूप से 3 सिंचाई देने पर भी अधिक उत्पादन प्राप्त हुआ है। गतवर्ष रिकॉर्ड उत्पादन देने वाली यह चन्दोसी किस्म अपने विशिष्ट गुणों के कारण शीघ्र ही गेहूँ की चन्दोसी किस्मों की एक आदर्श पर्याय किस्म बना जावेगी ।

7. गेहूँ एच.आई.-1544 (पूर्णा)

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (ICAR) के वैज्ञानिकों द्वारा गहन अनुसंधान के पश्चात म.प्र. छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात के किसानों के उत्थान हेतु कम से कम समय 110/115 दिवस में कम सिंचाई से अधिकतम उत्पादन देने वाली किस्म विकसित की है जो कि खाने में अत्यन्त स्वादिष्ट एवं पौष्टिकता की दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की है, दाना काफी चमकदार, आकर्षक एवं शरबती किस्मों जैसा गोलाकार दिखने के कारण बाजार भाव भी अधिकतम मिलते है। गेहूँ की यह पूर्णा किस्म अपने नाम के अनुरूप सर्व गुण सम्पन्न होने के कारण क्षेत्र के किसानों का आर्थिक विकास कर उनकी तकदीर बदल देने की भी पूर्ण क्षमता रखती हैं। इसकी ऊँचाई 85-90 से.मी.। 1000 दानों का वजन 40-50 ग्राम बीज पर 40-45 किलो एकड़। सिंचाई 2-5 बुवाई की अवधि नवम्बर से 15 दिसम्बर तक। इस किस्म का उत्पादन कृषकों द्वारा व्यवहारिक रूप से अधिकतम 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से अधिक लिया गया है। गेहूँ की यह किस्म किसानों के लिये वरदान सिद्ध होगी।

8. गेहूँ - राज - 4037

पठारी क्षेत्र हेतु अनुशंसित गेहूँ की यह किस्म राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई है। लगभग 105 दिवस में आने वाली यह किस्म खाने में अत्यन्त स्वादिष्ट एवं दाना शरबती गेहूँ जैसा सुन्दर, चमकदार होने से अधिकतम बाजार भाव समय पर बुआई हेतु उपयुक्त किस्म । पौधे की ऊँचाई लगभग 74 से.मी. पौधे की ऊँचाई कम होने से तथा काड़ी कड़क होने से यह गेहूँ आड़ा (लाजिंग) पड़ने की समस्या नहीं, बालियों में दाने खिरने (शेटरिंग) की समस्या नहीं। इसकी पत्तियाँ मध्यम चौड़ी, हरी, मोमयुक्त होती है। बालियाँ मध्यम लम्बी तथा सूखने पर धुंधली सफेद दाने अर्ध कठोर अम्बर रंग के होते हैं। रस्ट की बीमारी हेतु अच्छी प्रतिरोधक किस्म। लगभग 120 किलो प्रति हेक्टेयर बीजदर व लाईन से लाईन की दूरी 9-10 इन्च रखने पर तथा 3-4 सिंचाई अनुशंसित समय पर देने पर फर्टिलाईजर अनुशंसा N 80-150P 40-60K 40 किला प्रति हेक्टेयर देने से श्रेष्ठ परिणाम।

9. गेहूँ-जी. डब्ल्यू.- 322

गेहूँ अनुसंधान केन्द्र (SDAU) वीजापुर (गुजरात) से जारी गेहूँ की यह एक आदर्श किस्म है। जो कि गेहूँ डब्ल्यू. एच. 147 का स्थान अपने आड़ा न पड़ने (लॉजिंग) व बाली में न खिरने (शेटरिंग) उच्च उत्पादन क्षमता के गुण के कारण तथा आकर्षक दाने व चपाती हेतु एक सर्वश्रेष्ठ किस्म होने के कारण ले सकती है। इसकी लम्बाई लगभग 90 से.मी.। 1000 दोनों का वजन 45 ग्राम, बोनी 9 इंच, 4-5 सिंचाई, व बीज दर 125 किलो हेक्टेअर रखने पर आदर्श परिणाम। अधिकतम उत्पादन क्षमता आदर्श स्थितियों में 72 क्विंटल हेक्टेअर तक अधिकतम उत्पादन क्षमता, दाना आकर्षक व स्वादिष्ट होने से किसानों को बाजार भाव अधिक मिलते हैं। बीमारियों एवं रस्ट के विरुद्ध इस किस्म में प्रतिरोधकता होने से उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके आरेकल (कुस्सी) का रंग हल्का गुलाबी, टापडेन्स अर्थात पौध सघनता वाली यह किस्म अपने गुणों के कारण किसानों के बहुत बड़े क्षेत्र पर अपना अधिकार कायम कर लेगी।

10. गेहूँ-लोक-1

भारत में सर्वाधिक क्षेत्र में व सर्वाधिक लोकप्रिय गेहूँ की किस्म है लोक-1, यह किस्म किसी प्रकार के परिचय की मोहताज नहीं है। सोनालिका व वी.जी.- 33। मेक्सिकनकिस्मों के क्रॉस ब्रिडिंग से जो कि नोबल पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलाग के द्वारा प्रदान की गई थी। लोक भारती इंस्टीट्यूट गुजरात के द्वारा 12 वर्षों तक गहन प्रयोग व सतत् अनुसंधान के पश्चात 14-1-1982 में इसे मध्य क्षेत्र में बोनी हेतु इसे भारत सरकार द्वारा इसे प्रसारित किया गया। इसकी उत्पादकता 30-40 क्विंटल हेक्टेयर है। व्यावहारिक परिस्थितियों में इस किस्म में 70-75 क्विंटल हेक्टेअर तक भी अविश्वसनीय किंतु सत्य उत्पादन दिया है। पौधे की ऊँचाई 90 से 100 से.मी. इसकी अवधि लगभग 115-120 दिवस है। 1000 दानों का वजन 55-60 ग्राम, 4 से 5 सिंचाई व 100 से 125 किलो हेक्टेयर बीज दर व 9 इंच लाईन से लाईन की दूरी रखने पर आदर्श परिणाम। जल्दी व देरी से बोनी हेतु कम या अधिक सिंचाई व्यवस्थाओं में, किसी भी परिस्थिति में किसानों के लिये गेहूँ की लोक-1 किस्म सर्वाधिक सुविधाजनक, समायोजन वाली, बाजार में आसानीसे विक्रय योग्य, अच्छे बाजार भाव व्यापारियों व मिल वालों की पहली पसंद होनेसे यह किस्म आज भी बाजार की सबसे लोकप्रिय किस्म है तथा भारत में सर्वाधिक प्रांतों व सर्वाधिक क्षेत्र पर इस किस्म ने अपना अधिकार जमा रखा है। किसानों को इस किस्म का ब्रीडर या शुद्ध आधार बीज ही बोना चाहिए। इसमें दूसरी गेहूँ की किस्मों के मिक्स बीज होने पर इससे कई प्रकार की बीमारियाँ आने की संभावना रहती है जिसके परिणाम स्वरूप यह एक अच्छी किस्म होते हुए भी लोक-1 किस्म आलोचना का शिकार हो रही है। किसान भाई इस बात का विशेष ध्यान रखें व अनुशंसित बीज दर से अधिक बीज न डालें व बीजोपचार अवश्य करें। 2-3 कम सिंचाई रखने पर आदर्श परिणाम एवं आदर्श गुणवत्ता ।

डॉ. पूर्वी तिवारी (सीनियर रिसर्च फेलो, एएमडी) भाकृअनुप - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल (म.प्र.)

कृषि में केवल 'उपज' नहीं हो सकता एकमात्र मानक'

भारत, अधिकांश देशों की तरह, कृषि को 'उपज' के सुनहरे मापदंड के माध्यम से समझता है– यानी प्रति इकाई भूमि से उत्पन्न उत्पादन, जिसे आमतौर पर किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के रूप में गिना जाता है। लेकिन यह दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है। स्वतंत्र भारत में, उपज पर ध्यान केंद्रित करने से एक बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई। ऐतिहासिक रूप से, उपज पर जोर इसलिए था क्योंकि कृषि के लिए आवश्यक सभी संसाधनों में भूमि को सबसे दुर्लभ माना जाता था। अब, अन्य संसाधन जैसे पानी, पौध पोषण, और श्रम भी कम होते जा रहे हैं।

इसके अलावा, केवल उपज को अधिकतम करने से कई बार उत्पादकों और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और आर्थिक कल्याण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है – वे परिणाम, जिन्हें उपज अधिकतम करने से सुधारना चाहिए था।

उपज पर अत्यधिक जोर देने से उत्पादन की मात्रा बढ़ाने पर एकतरफा ध्यान केंद्रित हो गया है, जबकि उगाए जा रहे खाद्य पदार्थों के पोषण प्रोफाइल पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि उच्च उपज वाली किस्मों की खोज ने सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा को कम कर दिया है। चावल में जिंक का स्तर 33% और गेहूं में 30% कम हो गया है, जबकि चावल में आयरन 27% और गेहूं में 19% कम हो गया है। नई अनाज किस्मों को विकसित करने वाले पौध प्रजनकों के लिए पोषण प्रोफाइल को प्रकाशित करना अनिवार्य नहीं है।

भारतीय खाद्य पदार्थों में पोषण की इस कमी के कारण सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होती है। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) की रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल से कम उम्र के एक तिहाई भारतीय बच्चे अविकसित हैं और दो-तिहाई एनीमिक हैं। पारंपरिक सोच यह है कि उपज को अधिकतम करने से किसानों की शुद्ध आय अधिकतम हो जाती है। लेकिन यह हमेशा सही नहीं होता। अतिरिक्त उपज किस हद तक लागत बढ़ाती है, यह महत्वपूर्ण है। 1970 के दशक से उर्वरकों की प्रतिक्रिया फसलों में 80% से अधिक कम हो गई है, और किसान अब समान उपज प्राप्त करने के लिए अधिक उर्वरक डाल रहे हैं। इसके अलावा, केवल उपज को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करना मौसमी उत्पादन में मदद कर सकता है, लेकिन यह पूरे वर्ष भर का उत्पादन अधिकतम नहीं कर सकता। कृषि वैज्ञानिक बीज की किस्मों को डिजाइन करते समय फसलों के बीच और विभिन्न मौसमों में खेतों पर होने वाले सहजीवी संबंधों पर कम ध्यान देते हैं। अक्सर, एक मौसम में फसलों का संयोजन उस मौसम की उपज को अधिकतम नहीं कर सकता, लेकिन यह पूरे वर्ष (विभिन्न मौसमों में) कुल पोषण उत्पादन और मुनाफे को अधिकतम कर सकता है। आंध्र प्रदेश से एक अध्ययन में दिखाया गया है कि गन्ने के साथ मिर्च, बैंगन, टमाटर और धनिया की मिश्रित खेती से सालभर किसानों की आय स्थिर रहती है और लाभप्रदता भी बढ़ती है।

इसके अलावा, उपज को अधिकतम करने पर एकतरफा ध्यान केंद्रित करना संरचनात्मक रूप से कुछ ही उच्च उपज वाली बीज किस्मों को हर जगह बढ़ावा देता है, जिससे जैव विविधता का नुकसान होता है। उदाहरण के लिए, भारत ने हरित क्रांति के बाद से लगभग 1,04,000 चावल की किस्मों को खो दिया है। इससे कृषि की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई है, खासकर जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा, और हीटवेव जैसी चरम परिस्थितियों के बीच। कई स्थानीय किस्में ऐसी चरम स्थितियों के प्रति अधिक प्रतिरोधी साबित हुई हैं। उच्च उपज वाली फसलों की दौड़ ने प्रतिरोधी और पौष्टिक फसलों के गिरावट को भी जन्म दिया है। उदाहरण के लिए, 1950 के दशक से ज्वार, बाजरा जैसे मोटे अनाजों के तहत बोए गए क्षेत्र में 1 करोड़ हेक्टेयर की कमी आई है, जबकि चावल और गेहूं का क्षेत्र क्रमशः 1.3 करोड़ हेक्टेयर और 2.1 करोड़ हेक्टेयर बढ़ गया है। इस उत्पादन में विविधता की कमी से एक सामान्य भारतीय थाली में भी विविधता कम हो गई है।

बेहतर संकेतकों की ओर देखना

कुछ सिद्धांत हमें भारत के कृषि तंत्र के लिए बेहतर संकेतक निर्धारित करने में मदद कर सकते हैं।

1. हमारा खाद्य तंत्र हमारे राष्ट्र के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है। इसलिए, कृषि संकेतकों का निर्धारण केवल कृषि मंत्रालय या उससे संबद्ध भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) संस्थानों द्वारा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, जल, और पर्यावरण मंत्रालयों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाना चाहिए।
2. संकेतकों को सीधे परिणामों को संबोधित करना चाहिए। अगर पोषण सुरक्षा लक्ष्य है, तो संकेतक प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष (और साल दर साल) पोषण उत्पादन हो सकता है।
3. मृदा जैविक गतिविधि, जल उपयोग दक्षता और कृषि जैव विविधता जैसे मेट्रिक्स को मुख्यधारा में लाना चाहिए। उदाहरण के लिए, मृदा स्वास्थ्य कार्डों में मृदा कार्बनिक कार्बन को शामिल करना एक अच्छा कदम है। इसी तरह, तेलंगाना के खम्मम जिले में ृद्ध-संचालित 'सागू बागू' पायलट प्रोजेक्ट किसानों को वास्तविक समय के डेटा और अनुशंसाओं के माध्यम से जल उपयोग दक्षता और कृषि जैव विविधता में सुधार करने पर केंद्रित है, जो इष्टतम सिंचाई और फसल प्रबंधन प्रथाओं में मदद करता है।
4. हमें न केवल खेत स्तर पर फसल विविधता को मापना चाहिए, बल्कि 'लैंडस्केप डाइवर्सिटी स्कोर' (क्षेत्रीय फसलों की विविधता का आकलन) और आय विविधीकरण की डिग्री (इंटरक्रॉपिंग और पशुपालन जैसी कई आय धाराओं के माध्यम से आर्थिक प्रतिरोधक क्षमता को ट्रैक करना) भी मापना चाहिए। उदाहरण हेतु, एक ऐसा क्षेत्र जहां केवल एक प्रमुख फसल होती है, वह मूल्य झटकों और कीट हमलों के प्रति अधिक संवेदनशील होता है।

एकल संकेतक कृषि तंत्र के कई परिणामों के साथ न्याय नहीं कर सकता, जिनकी सेवा करने की अपेक्षा की जाती है। उपज का पीछा करने से भारत को विनाशकारी अकाल से बाहर निकाला गया है, लेकिन बढ़ते जलवायु खतरों और घटते प्राकृतिक संसाधनों के साथ, यह आगे बढ़ने का एकमात्र लक्ष्य नहीं हो सकता। अब समय आ गया है कि एक नए प्रतिमान को अपनाया जाए, जिसमें कृषि की सफलता का मूल्यांकन इस बात से किया जाए कि वह लोगों का पोषण करने, आजीविका को बनाए रखने, और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा करने में कितनी सक्षम है।

शिवहरे किसान सेवा केन्द्र डबरा
खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाईयों के खेरिज विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के खाद बीज एवं कीटनाशक दवाईयां उचित रेट पर मिलती है

प्रो. ओमप्रकाश शिवहरे
82248-44542
78282-60543
पंजाब नेशनल बैंक के सामने, भितरवार रोड, डबरा
10/2022-23

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

सरसों की उन्नत खेती

डॉ. पंकज कुमार बागरी (गेस्ट फैकल्टी)
सस्य विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय पन्ना (म.प्र.)
डॉ. विजय कुमार यादव (अधिष्ठाता) पादप रोग विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना (म.प्र.)
डॉ. वासुदेव द्विवेदी (प्राध्यापक) सस्य विज्ञान विभाग, ए.के.एस. विश्वविद्यालय सतना (म.प्र.)

सरसों की खेती मुख्य रूप से भारत के सभी क्षेत्रों पर की जाती है। सरसों की खेती हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की एक प्रमुख फसल है। यह प्रमुख तिलहन फसल है। सरसों की खेती खास बात है की यह सिंचित और बारानी, दोनों ही अवस्थाओं में उगाई जा सकती है। विश्व में यह सोयाबीन और पाम के तेल के बाद तीसरी सब से ज्यादा महत्तवपूर्ण फसल है। सरसों के बीज और इसका तेल मुख्य तौर पर रसोई घर में काम आता है। सरसों के पत्ते सब्जी बनाने के काम आते हैं। सरसों की खल भी बनती है जो कि दुधारू पशुओं को खिलाने के काम आती है। इसका उत्पादन भारत में आदिकाल से किया जा रहा है। इसकी खेती भारत में लगभग 66.34 लाख हेक्टेयर भूमि में की जाती है, जिससे लगभग 75 से 80 लाख उत्पादन मिलता है। सरसों की यदि वैज्ञानिक तकनीक से खेती की जाए, तो उत्पादक इसकी फसल से अधिकतम उपज प्राप्त कर सकते है।

बुवाई का समय

सरसों की बुवाई का सही समय सितंबर से अक्टूबर है।

फासला

सरसों की बिजाई के लिए पंक्ति से पंक्ति का फासला 30 सैं.मी. और पौधे से पौधे का फासला 10 से 15 सैं.मी. रखें। सरसों की बिजाई के लिए पंक्तियों का फासला 45 सैं.मी. और पौधे से पौधे का फासला 10 सैं.मी. रखें।

बीज की गहराई

बीज 4-5 सैं.मी. गहरे बीजने चाहिए।

बुवाई का तरीका

बुवाई के लिए बुवाई वाली मशीन का ही प्रयोग करें।

बीज की मात्रा

बीज की मात्रा 1.5 किलोग्राम प्रति एकड़ की जरूरत होती है। बिजाई के 3 सप्ताह बाद कमज़ोर पौधों को नष्ट कर दें और सेहतमंद पौधों को खेत में रहने दें।

बीज का उपचार

बीज को मिट्टी के अंदरूनी कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए बीजों को 3 ग्राम थीरम से प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचार करें।

खाद एवं उर्वरक

सरसों की खेती के लिए खेत की तैयारी के समय अच्छी सड़ी हुई गोबर की खाद 7-12 टन/एकड़ की दर से मिट्टी में अच्छी तरह से मिला देना चाहिए। खादों के सही प्रयोग के लिए मिट्टी की जांच करवायें। सरसों में 40 किलो नाइट्रोजन (90 किलो यूरिया), 12 किलो फासफोरस (75 किलो सिंगल सुपर फासफेट) और 6 किलो पोटाश्यिम (10 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश) प्रति एकड़ डालें। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सारी खाद बिजाई से पहले डालें। सरसों के लिए खाद की आधी मात्रा बिजाई से पहले और आधी मात्रा पहला पानी लगाते समय डालें। ध्यान रहे रासायनिक उर्वरक मिट्टी परिक्षण के आधार पर ही प्रयोग करें।

खरपतवार नियंत्रण

सरसों की खेती में खरपतवार की रोकथाम के लिए 15 दिनों के फ़ासलो में 2-3 निराई-गुड़ाई करें।

सिंचाई

फसल की बुवाई सिंचाई के बाद करें। अच्छी फसल लेने के लिए बुवाई के बाद तीन हफ्तों के फासले पर तीन सिंचाइयों की जरूरत होती है। ज़मीन में नमी को बचाने हेतु जैविक खादों का अधिक प्रयोग करें।

कटाई एवं गहाई

फसल अधिक पकने पर फलियों के चटकने की आशंका बढ़ जाती है। अतः पौधों के पीले पड़ने एवं फलियां भूरी होने पर फसल की कटाई कर लेनी चाहिए। फसल को सूखाकर थ्रेसर या डंडों से पीटकर दाने को अलग कर लिया जाता है। बीजों को सुखाने के बाद बोरियों में या ढोल में डालें। और नमी रहित स्थान पर भण्डारित करें।

उत्पादन

सरसों की उपरोक्त उन्नत तकनीक द्वारा खेती करने पर असिंचित क्षेत्रो में 15 से 20 क्विंटल तथा सिंचित क्षेत्रो में 20 से 30 क्विंटल प्रति हैक्टेयर दाने की उपज प्राप्त हो जाती है।

मुख्य रोग, लक्षण एवं प्रबंधन ब्लाइट

रोगज़नक़ संक्रमित बीज के माध्यम से या पानी और कीट आंदोलन को फैलाकर फैलता है; रोग की उत्पत्ति गर्म और आर्द्र स्थितियों से होती है। रोगज़नक़ संक्रमित पौधे के अवशेषों में मिट्टी और बीज में जीवित रहता है। रोगज़नक़ मिट्टी और सिंचाई के पानी से फैलता है।

प्रबंधन

दूध आधारित उपचार (मट्ठा और कच्चा दूध) ने भी काले सड़न की गंभीरता को कम कर सकते है। 10 दिनों के अंतराल पर बोर्डो मिश्रण (0.8% = 4:4:50) या मनकोजेब (0.25%) या रिडोमिल एमजेड-72 (0.1%) के साथ फसल का छिड़काव करें। फॉसेटिल-अल (एलीट) जैसे हाल के फफूंदनाशकों का उपयोग करें।

श्वेत किट

रोगज़नक़ प्रभावित मेजबान ऊतकों और मिट्टी में ओस्पोर्स के माध्यम से जीवित रहता है। माध्यमिक संक्रमण को स्पोरैंगिया और ज़ोस्पोरेस द्वारा किया जाता है जो नए संक्रमण का उत्पादन करते हैं। नम (70% से अधिक सापेक्ष आर्द्रता गर्म मौसम (12-25 डिग्री सेल्सियस) और आंतरायिक बारिश के साथ मिलकर रोग के विकास का पक्षधर है।

प्रबंधन

15 अक्टूबर तक सरसों की फसल की बुवाई, यूकेलिप्टस नीम, लहसुन के दो पौधों में से किसी भी एक बीओन (0.02%) के पौधे के अर्क के तीन पर्ण स्प्रे (1%) यदि रोग एक समस्या बन जाए तो उचित फफूंदनाशक दवाई लगायें मैन्कोज़ेब (इंडोफ़िल एम-45 के रूप में) 0.125%+थायोफनेट-मिथाइल 0.025% पर, थायोफनेट-मिथाइल 0.025%+कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (ब्लिटॉक्स-50 के रूप में) 0.10% पर 0.05% और उसके बाद 0.05% थायोफनेट-मिथाइल।

01/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

बछड़े का प्रबंधन

डॉ. सुष्मिता तिवारी (पीएचडी स्कॉलर)
डॉ. स्निग्धा, डॉ. नम्रता, डॉ. सुम्त कु.
पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालक महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

बछड़े फ़ार्म के भविष्य के भंडार हैं। युवा बछड़ों विशेषकर मादा बछड़ों का सफल पालन-पोषण एक सफल डेयरी उद्यम की कुंजी है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि शीघ्र परिपक्वता सुनिश्चित करने के लिए उनका आर्थिक रूप से पालन-पोषण किया जाए। डेयरी परियोजना की सफलता प्रजनन योग्य आयु तक तेजी से पालन-पोषण और न्यूनतम मृत्यु दर पर भी निर्भर करती है। उचित प्रबंधन प्रथाओं द्वारा विशेष रूप से पहले महीने में बछड़ों की मृत्यु दर को 5त्न से कम रखा जाना चाहिए। किसी डेयरी परियोजना की उच्च लाभप्रदता के लिए उच्च विकास दर और कम मृत्यु दर वाले स्वस्थ बछड़े आवश्यक हैं। बड़े बढ़ते स्टॉक या दूध देने वाली गायों के प्रबंधन में, प्रबंधन की चूक विकास दर या दूध उत्पादन को कम कर सकती है, लेकिन बहुत छोटे बछड़े के साथ छोटी गलतियाँ भी बछड़े की मृत्यु और कम लाभप्रदता का कारण बन सकती हैं।

कोलोस्ट्रम पिलाने का महत्व: मवेशियों में एंटीबॉडी (गामा ग्लोब्युलिन) कोलोस्ट्रम के माध्यम से मां से बछड़े में स्थानांतरित हो जाते हैं। ये गामा ग्लोब्युलिन बछड़े द्वारा अवशोषित किए जाएंगे और उसके सिस्टम में प्रवेश करेंगे, जिससे बछड़े के लिए उन सभी रोग पैदा करने वाले एजेंटों और अन्य एंटीजन के खिलाफ एक रेडीमेड एंटीबॉडी प्रतिरोध प्रणाली बनेगी, जिसका मां ने अपने जीवनकाल के दौरान सामना किया था। यह बछड़े को प्रारंभिक चरण में बीमारियों से बचाएगा, जब तक कि उनकी अपनी %एंटीबॉडी निर्माण प्रणाली काम नहीं कर लेती। इस प्रकार, यदि कोलोस्ट्रम नहीं खिलाया जाता है, तो बछड़े एंटीबॉडी कवर से वंचित हो जाते हैं और इसलिए, कई बीमारियों के प्रति संवेदनशील बने रहेंगे।

बछड़ा प्रबंधन के लिए प्रथाओं का पैकेज: युवा बछड़ों का सफल पालन-पोषण डेयरी फार्मिंग उद्यम की सफलता की कुंजी है। बछड़े गाय और बैल के लिए भविष्य के प्रतिस्थापन स्टॉक हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि शीघ्र परिपक्वता सुनिश्चित करने के लिए उनका पालन-पोषण आर्थिक रूप से और अच्छे तरीके से किया जाए। युवा बछड़ों में उच्च वृद्धि और कम मृत्यु दर/रुग्णता सुनिश्चित करने के लिए बछड़ा प्रबंधन के निम्नलिखित सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए।

• जन्म के तुरंत बाद नाक के चारों ओर से सभी बलगम या भ्रूण की झिल्लियों को पोंछ लें और सुनिश्चित करें कि बछड़ा सामान्य रूप से सांस ले रहा है। यदि नहीं तो श्वास प्रक्रिया को शीघ्रता से पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करें। • बछड़े को एक अच्छी तरह से संरक्षित, साफ बिस्तर वाले और सूखे क्षेत्र में ले जाएं। • अगर बांध नहीं छोड़ा गया तो जन्म के तुरंत बाद बछड़ा चाटकर साफ हो जाएगा। अन्यथा बछड़े को साफ सूखे कपड़े या गेहूं/धान के भूसे से पोंछकर सुखा लें। • नाभि को डंठल से एक से दो इंच छोड़कर काटें, उसकी सामग्री को निचोड़ें, स्थानीय संक्रमण को रोकने के लिए नाभि को टिंचर आयोडीन लेगेट में साफ धागे का उपयोग करके डुबोएं। तरल पदार्थ को निचोड़ने के बाद नाभि नाल को 7% टिंचर आयोडीन के घोल में डुबोएं। टिंचर आयोडीन में भिगोया हुआ रुई का फाहा डालें और नाल को बांधें। नाभि क्षेत्र में किसी भी चोट पर ध्यान दें और यदि चोट हो तो उचित ड्रेसिंग करें। यह प्रक्रिया नाभि-रोग की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है और नाभि को जल्दी ठीक करने में मदद करती है। • सुनिश्चित करें कि बछड़े को जन्म के बाद 1/2-1 घंटे के भीतर उसके बांध से पर्याप्त मात्रा में (लगभग 1 लीटर) पहला कोलोस्ट्रम मिले। जन्म के समय बछड़ों को निष्क्रिय प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद करने के लिए उन्हें कोलोस्ट्रम मिलना चाहिए। इसके बाद सुनिश्चित करें कि बछड़ों को पहले 4-5 दिनों तक हर 6-8 घंटे में कोलोस्ट्रम मिले। 24 घंटे के दौरान खिलाई गई कुल मात्रा उसके शरीर के वजन का लगभग 1/10 वां हिस्सा होनी चाहिए। • यदि हाथ से खाना खिलाया जाता है तो सुनिश्चित करें कि हाथ में रखी बाल्टी, बाल्टी ठीक से साफ हो। बोतलें बेहतर होती हैं क्योंकि वे सेवन की धीमी दर सुनिश्चित करती हैं और प्रारंभिक जीवन के दौरान पाचन समस्याओं को रोकती हैं। प्रत्येक फीडिंग के बाद उपयुक्त सैनिटाइजर का उपयोग करके उपकरण को साफ करें। • छोटे बछड़ों को साफ और आरामदायक बाड़े में रखें जो गर्म और ठंडे ड्राफ्ट से अच्छी तरह सुरक्षित हों। प्रति बछड़े के लिए पर्याप्त बिस्तर क्षेत्र सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि वह स्थान साफ और सूखा रहे। दस्त की रोकथाम के लिए समूहों की तुलना में ऊंचे चबूतरे पर व्यक्तिगत आवास अधिक प्रभावी है। • छोटे बछड़ों को नियमित रूप से कृमि मुक्त करें और कृमि मुक्ति कार्यक्रम का धार्मिक रूप से पालन करें। डायरिया/बछड़ा स्कोर के खिलाफ पर्याप्त निवारक उपाय करें, जो युवा बछड़ों की एक प्रमुख हत्यारा है। बीमार बछड़ों को अलग करें और उनका अलग से इलाज करें। • बछड़ा बाड़ों में व्यक्तियों/बाहरी लोगों की अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करें। • रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जन्म के तुरंत बाद मौखिक रूप से या इंजेक्शन द्वारा आयरन और विटामिन ए, डी और ई प्रदान करें। यह कमजोर/एनीमिक बछड़ों में विशेष रूप से उपयोगी है।

दूध छुड़ाना 1. बछड़े को अलग करना और भोजन के लिए उसे अपनी मां से स्वतंत्र करना दूध छुड़ाना कहलाता है। 2. आजकल, बेहतर प्रबंधन के लिए जल्दी दूध छुड़ाने की सलाह दी जाती है। 3. प्रारंभिक दूध छुड़ाने की प्रणाली के तहत, दूध छुड़ाए गए बछड़ों को अलग रखा जाता है और वैज्ञानिक आहार कार्यक्रम और प्रबंधन प्रथाओं का पालन किया जाता है। 4. इस विधि में गाय को कोलोस्ट्रम खिलाने के बाद उसे अपने बछड़े से दूध पीने की अनुमति नहीं होती है। 5. इसके बजाय, गाय का पूरा दूध निकाला जाता है और बछड़े को आवश्यक मात्रा में पूरा दूध या मलाई रहित दूध पिलाया जाता है। 6. दूध छुड़ाए हुए बछड़ों को बाल्टी/निपल बाल्टी से दूध पीने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि दूध पिलाने का प्रबंधन आसान हो। 7. दूध छुड़ाए गए बछड़ों का हर सप्ताह वजन किया जाना चाहिए और खिलाए जाने वाले दूध की मात्रा की गणना उसी के अनुसार की जानी चाहिए।

कली हटाना (Disbudding) 1. कम उम्र में, जब सींग की जड़ कली अवस्था में होती है, सींग की वृद्धि को रोकना डिस्बडिंग कहलाता है। 2. यह मुख्य रूप से विदेशी और संकर नस्ल के मवेशियों में किया जाता है। 3. सींग वाले मवेशी एक-दूसरे को चोट पहुंचाते हैं जिससे भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। 4. सींग वाले जानवर संचालक के लिए खतरा होते हैं और बिना सींग के इन्हें संभालना आसान हो जाता है। 5. शेडों में जानवरों के लिए जगह कम करने के लिए डिसबडिंग भी जरूरी है। 6. बछड़े का 15-20 दिन की उम्र में ही परित्याग कर देना चाहिए। 7. यह गर्म लोहे और रसायनों का उपयोग करके किया जाता है। 8. बिजली गर्म लोहा रक्तहीन विधि है इसका प्रयोग किसी भी मौसम में किया जा सकता है। 9. बिजली से गर्म की गई लोहे की छड़ में स्वचालित नियंत्रण होता है जो तापमान को लगभग 10000 F पर बनाए रखता है, इसे सींग की कली पर 10 सेकंड के लिए लगाना सींग के ऊतकों को नष्ट करने के लिए पर्याप्त है। 10. कास्टिक पोटाश या कास्टिक सोडा उबटन के लिए प्रयोग किया जाने वाला सामान्य रसायन है। 11. ये पेस्ट या घोल के रूप में उपलब्ध हैं। 12. आंखों को रसायनों से बचाने के लिए सींग की कलियों और आसपास के बालों को क्लिप करें, आंखों को वैसलीन की एक अंगूठी से बांधें। 13. रक्तस्राव होने तक कलियों पर रसायन रगड़ें।

कान टैगिंग (Ear tagging) 1. यह कृषि पशुओं की पहचान का सबसे लोकप्रिय तरीका है। 2. यह आसान पर्यवेक्षण, प्रबंधन और सटीक रिकॉर्ड रखरखाव की सुविधा प्रदान करता है। 3. इसमें टैगिंग संदेश और टैग की आवश्यकता होती है 4. टैग में संख्याएँ जानवर की त्वचा के रंग के आधार पर विपरीत और स्पष्ट शैली की होनी चाहिए। 5. टैगिंग के लिए कान में टैग का स्थान आधार और कान के सिरे के बीच का आधा होना चाहिए। 6. एप्लिकेटर से कान को छेदकर कान में ईयर टैग लगाया जाता है।

बधिया करना (Castration)

1. पशु को विनम्र बनाने, अंधाधुंध प्रजनन को नियंत्रित करने और कुछ जननांग रोगों को रोकने के लिए बधियाकरण किया जाता है। 2. यह शरीर के वजन को तेजी से बढ़ाने और मांस की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए भी किया जाता है। 3. बधियाकरण से गर्दन भी पतली हो जाती है जिससे विशेष रूप से काम करने वाले मवेशियों में जूए की सही फिटनेस में मदद मिलती है। 4. इसे युवा पशुओं में 2-3 महीने के भीतर शल्य चिकित्सा विधि और इलास्ट्रेटर विधि के माध्यम से किया जाता है। 5. एक वर्ष की आयु के भीतर वयस्क पशुओं में बर्डिज़ो कैस्ट्रेटर का उपयोग करके बंद विधि के माध्यम से बधियाकरण किया जाता है। 6. बर्डिज़ो कैस्ट्रेटर शुक्राणु कॉर्ड को कुचल देता है और इस प्रकार वृषण में रक्त को रोक देता है और इसके परिणामस्वरूप वृषण शोष हो जाता है और शुक्राणु उत्पादन बंद हो जाता है। 7. बधियाकरण ठंड के मौसम में किया जाना चाहिए और मक्खी की समस्या के डर से बरसात के मौसम से सख्ती से बचना चाहिए। 8. बधिया किये गये पशुओं को कुछ दिनों तक स्वच्छ एवं आरामदायक बाड़े में आराम देना चाहिए। 9. बर्डिज़ो कैस्ट्रेटर विधि सुरक्षित, त्वरित और संक्रमण होने की कम संभावना है। 10. इलास्ट्रेटर के छल्ले जानवर के लिए बहुत दर्दनाक होते हैं और इसलिए आमतौर पर इसकी अनुशंसा नहीं की जाती है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

एंथ्रेक्स-पशुओं की एक घातक बीमारी

डॉ रवि सिकरोडिया, दलजीत छाबड़ा
जोयसी जोगी, राखी गागिंल
राकेश शारदा एवं अंकित जैन पशु
चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू (म.प्र.)

इस बीमारी को गिल्टी रोग के नाम से भी जाना जाता है यह एक जीवाणु जनित रोग है इस बीमारी में पशु की अचानक मृत्यु हो जाती है यह रोग मुख्य रूप से बरसात के दिनों में या बरसात के बाद देखने को मिलता है यह रोग मुख्य रूप से गाय एवं भेंसों को प्रभावित करता है परन्तु भेड़ बकरी एवं घोड़ों आदि में भी यह रोग हो सकता है मनुष्य भी इस बीमारी के लिए संवेदनशील होते है रोगी पशुओं, खाल या बालों से भी मनुष्यों में हो सकती है यह एक नोटीफाईबिल बीमारी है ! इस बीमारी के जीवाणु को जैविक हथियार के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है

रोग का कारण

यह बीमारी बेसीलस ऐन्थ्रैसिस नामक ग्राम पॉजिटिव जीवाणु के द्वारा होती है जो की स्पोर बनाने वाला, कैप्सूल बनाने वाला, नॉन मोटाईल जीवाणु होता है इस बीमारी का जीवाणु हवा या ओक्सीजन की उपस्तिथि में स्पोर बनाते है जो की बहुत अधिक रजिसटेंट होते है एवं प्रतिकूल परिस्तिथि में जीवाणु की रक्षा करते है जीवाणु के स्पोर एक स्थान से दुसरे स्थान पर बाढ़ के द्वारा, अन्य मांस खाने वाले जानवरों द्वारा, फैलाये जाते है केंचुए भी जमीन के अन्दर से स्पोर को ऊपर लाने में मदद करते है

रोग के लक्षण

इस बीमारी के मुख्य रूप से दो प्रकार देखने को मिलते है

1. अति तीव्र प्रकार

इस प्रकार की एंथ्रेक्स बीमारी में पशु की अचानक मृत्यु हो जाती है पशु के मुह नाक गुदा से झाग्युक्त काला रक्त निकलता हुवा मिलता है पशु का पेट फूल जाता है तथा शव शिथिल हो जाता है अकड़ता नहीं है यह प्रकार मुख्या रूप से भेड़ में देखने को मिलता है प्रभावित पशु में कभी कभी मांसपेशिओं में कम्पन, दांतों का किटकिटाना, चक्कर आना आदि।

2. तीव्र प्रकार

इस प्रकार की बिमारी का इन्क्यूबेशन पीरियड 1-3 दिन का होता है इस प्रकार में अधिक बुखार 105-107 ए फा तक आता है साथ ही पशु पूर्ण रूप से सुस्तहो जाता है है मांसपेशियों में कम्पन, नाड़ी का तेज चलना. तेज सांस चलना, धुध देना बहुत कम कर देना, कब्ज तथा दस्त भी देखने को मिलता है कभी कभी इन पशुओं में जहरबाद भी देखने को मिलता है। गाय एवं भेसों में यह रोग अधिक तीव्रता में देखने को मिलता है एवं इन्क्यूबेशन पख्रिओद भी कम होता है पशु बहुत तेज से रंभाते है तथा खाना पीना एक दम कम कर देते है जुगाली करना भी बंद कर देते है शारीर के विभिन्न भागों में जैसे गर्दन, वक्ष, फ्लेंक में सुजन आ जाती है पशुओं में दस्त एवं दस्त में खून आना भी देखने को मिलता है

घोड़ों में तीव्र पेट में दर्द देखने को मिलता है शरीर पर सुजन, सांस लेने में परेशानी, अत्यधिक तीव्र बुखार भी देखने को मिलता है

सूअर में तीव्र ज्वर एवं गले में सुजन देखने को मिलती है सांस लेने में परेशानी मुख्या रूप से देखने को मिलती है

3. कम तीव्रता वाला रोग: कुछ पशुओं में यह बीमारी कम तीव्रता के रूप में देखने को मिलती है इस प्रकार के पशु मुख्या रूप से रोग को फैलाने में सहायक होते है

रोग की डायग्नोसिस

पशु की अचानक म्रत्यु होना तथा नाक एवं मुह से काले रंग के रक्त का निकलना, पेट का फुला हुआ होना, शव का ना अकड़ना भी पशु के एंथ्रेक्स बिमारी से मृत्यु की ओर ध्यान आकर्षित करता है ऐसे में पशु के शव का पोस्ट मोरटम नहीं करना चाहिए ! पोस्ट मोरटम करने से बीमारी के जीवाणु का वातावरण में फैलने का खतरा बना रहता है ऐसे में मृत पशु के रक्त की स्लाइड बनाकर लैब में परिक्षण के लिए भेजना चाहिए ! लैब में ग्राम स्टेनिंग करके देखा जाता है की जीवाणु इस बीमारी के है कि नहीं। इसके आलावा विशेष तरीकों से भी बीमारी का पता लगाया जाता है जिनमे की अस्कोलिस टेस्ट, मैकफैडीन रिएक्शन प्रमुख है

उपचार

जैसा की हम जानते है की टीकाकरण किसी रोग से बचने सबसे उपयुत तरीका है अतः समय पर इस बीमारी का टीका सभी संवेदनशील पशुओं को लगवाना चाहिए इसके लिए एंथ्रेक्स स्पोर वैक्सीन आती है जो की मध्य प्रदेश में सभी पशु चिकित्सालय पर उपलब्ध होती है परन्तु अगर इस बीमारी के लक्षण दिखने पर पशु को तुरंत पशु चिकित्षक द्वारा उचित इलाज करवाया जाना चाहिए ! पेनेसिलिन, टेरामायसिन नमक एंटीबायोटिक्स भी इलाज के लिए अनुकूल है साथ बुखार की दावा भी देना चाहिए!

बचाव एवं रोकथाम

1. बचाव के लिए पशुओं में समय पर टीकाकरण करना चाहिए
2. संक्रमित पशु को स्वस्थ्य पशु से अलग रखना चाहिए एवं उसके खाने एवं पीने का अलग से प्रबंध करना चाहिए
3. एंथ्रेक्स से अन्देषित मृत हुवे पशु का पोस्ट मोरटम नहीं करना चाहिए एवं सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए तुरंत भेजना चाहिए
4. चूँकि यह बीमारी पशु से मनुष्य में भी हो सकती है अतः पशु की देखभाल करते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए एवं सभी तरह के प्रीकोसन लेना चाहिए एवं जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए

12/2022-23

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

केला के तना छेदक कीट का परिचय एवं प्रबंधन

डॉ. द्वारका पीएच.डी., कीटशास्त्र विभाग, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर

निशा चढ़ार एम.एससी.(बॉटनी), महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, शासकीय स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय, टीकमगढ़

वैज्ञानिक नाम : ओडोइपोरस लॉन्गिकोलिस (स्फेनोफोरस ग्लोब्रिडिस्कस/ स्फेनोपोरस प्लैनिपेनिस/स्फेनोफोरस ग्लैब्रिकोलिस/राइनकोफोरस गेज/ओडोइपोरस लॉन्गिकोलिस, परिवारः कुरकुलियोनिडी, गणः कोलियोप्टेरा

परिचय

घुन मुख्य रूप से निशाचर होते हैं, हालांकि बादल भरे दिनों और ठंडे महीनों के दौरान वे दिन के समय उड़ सकते हैं। ये अक्सर खुद को स्यूडोस्टेम के भीतर और कटे हुए स्यूडोस्टेम के सड़ने वाले ऊतकों में सीमित कर लेते हैं। घुन के सभी जीवन चरण पूरे वर्ष संक्रमित पौधे में मौजूद रहते हैं। वयस्क मजबूत उड़ने वाले होते हैं और इस तरह एक पौधे से दूसरे पौधे पर जाते हैं। ओविपोजिशन केवल पत्ती के आवरण में होता है। बड़े पैमाने पर सुरंग बनाकर रसीला म्यान के ऊतकों पर लार्वा फीड करता है और तने तक पहुंच सकता है। यदि पौधे के उन्नत पूर्व-पुष्पन चरण के दौरान लार्वा निकलता है, तो आरोही फूल की कली और स्यूडोस्टेम के अंदर के पेडुंकल को खाया जा सकता है और क्षतिग्रस्त किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप फूल की कली का उद्भव नहीं होता है जो छद्म तने के अंदर सड़ जाता है। 20 प्रतिशत पौधों में इसी कारण से फूल नहीं लगते हैं। लार्वा द्वारा बनाई गई सुरंगों की गहराई 8 से 10 सेमी के बीच होती है। सुरंगें व्यापक हैं और फलों के डंठल के रूप में या प्रकंद के पास सबसे निचले कॉलर क्षेत्र तक जा सकती हैं। लार्वा पांच इंस्टार से गुजरता है। पाँचवा इंस्टार लार्वा एक गैर-भक्षण पूर्व-पुतली चरण में प्रवेश करता है और अपने शरीर के चारों ओर म्यान की रेशेदार सामग्री के छोटे टुकड़ों को घुमाकर एक कोकून का निर्माण करता है। विकासात्मक दर अत्यधिक जलवायु कारकों पर निर्भर करती है, जिसके जीवन काल की अवधि गर्मियों की तुलना में सर्दियों के मौसम में अधिक होती है। वयस्क केला छेदक केले के पौधों द्वारा छोड़े गए वाष्पशील पदार्थों से आकर्षित होते हैं। घुन का संक्रमण सामान्य रूप से 5 और महीने पुराने पौधों में शुरू होता है। संक्रमण के शुरुआती लक्षण तने पर छोटे पिनहेड और आकार के छिद्रों की उपस्थिति होते हैं, पत्ती के डंठल के आधार से रेशेदार उत्सर्जन, वयस्क घुन और स्यूडोस्टेम पर छिद्रों से एक चिपचिपा पदार्थ का उत्सर्जन संक्रमण के उन्नत चरणों के दौरान, तना, जब विभाजित खुला होता है, लीफ शीथ और वास्तविक तने दोनों में गहन टनलिंग को रोकता है। जब वास्तविक तना और पेडनकल को बाद में सुरंग बनाया जाता है फूल, फल ठीक से विकसित नहीं होते है। लार्वा टनलिंग द्वारा तने के कमजोर होने के परिणामस्वरूप हवा से टूटना या परिपक्व गुच्छे का वजन सहन करने में असमर्थता हो सकती है। यह अनुमान लगाया गया है कि फसल के विकास चरण के आधार पर तना घुन 10 से 90 प्रतिशत उपज हानि का कारण बनता है।



जीवन चक्र

केले के तने के घुन का जीवनकाल लंबा होता है और कई वयस्क एक वर्ष तक जीवित रहते हैं। एक संभोग के बाद मादा द्वारा रखे गए अंडों की औसत संख्या प्रति दिन एक अंडे की दर से नौ अंडे होती है। ग्रेवीड मादा पीले सफेद, अण्डाकार अंडे देती है, ओवीपोजीटर्स को ऑविपोजल स्लिट्स के माध्यम से रोस्ट्रम द्वारा काटकर स्यूडोस्टेम के लीफ शीथ की बाहरी एपिडर्मल परत पर हवा के कक्षों में डालती है। अंडे रोस्ट्रम द्वारा बनाए गए ओवीपोजीशन स्लिट के माध्यम से पत्ती के आवरण में एक अंडे/वायु कक्ष की दर से वायु कक्ष के भीतर धकेले जाते हैं। अंडे जमीनी स्तर से लगभग 1 से 1.5 मीटर ऊपर पेडोस्टेम में दिए जाते हैं। अंडे की अवधि 4 से 8 दिन होती है। ग्रब अपोडस, ग्रब अवधि पांच लार्वा इंस्टार के साथ 30 से 65 दिन होती है। ग्रब रेशेदार आवरण सामग्री के टुकड़ों से बने कोकून में परिधि की ओर सुरंग में पुतले बनाते हैं। प्यूपल अवधि 24 से 44 दिन होती है। वयस्क की आयु दो वर्ष होती है।

क्षति के लक्षण

केले के तना छेदक कीट का प्रकोप 4 से 5 माह पुराने पौधो में होता है। शुरूआत में पत्तियाँ पीली पडती है, तत्पश्चात तना से गोंद जैसा पदार्थ निकालना शुरू हो जाता है। वयस्क कीट तना के के आधार पर दिखाई देते है। तने मे लंबी सुरंग बन जाती है तत्पश्चात जल एवं खाद्य नली को ब्लाक कर देता है, जो बाद मे सड़कर दुर्गन्ध पैदा करता है।

कीट प्रबंधन के तरीके

प्रभावित एव सूखी पत्तियों को काटकर खेत से बाहर जला देना चाहिए, खेत की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। समय- समय पर ट्राइकोग्रामा कार्ड पचास हजार प्रति हेक्टेयर की दर से स्थापित करना चाहिए। नए सकर्स/पौधे की महीन जड़ को समय - समय पर निकालते रहना चाहिए। घैर काटने के बाद पौधो को जमीन की सतह से काट कर उनके उपर कीटनाशक जहर जैसे- इमिडाक्लोप्रिड (1 मिली/लिटर पानी) के घोल का छिडकाव कर अण्डो एवं वयस्क कीटो को नष्ट करे। पौध लगाने के पाचवे महीने में प्रोफेनोफॉस (1 प्रतिशत) का तने पर लेप करके कीड़ो का नियंत्रण किया जा सकता है। खेत में प्रति हेक्टेयर 6 से 8 की संख्या में गंध प्रपंच/फेरोमोन ट्रैप स्थापित करना चाहिए।

12/2022-23

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

मध्य भारत के लिए रबी की फसल: गेहूँ

दिलीप कुमार वर्मा (प्रधान वैज्ञानिक)
उपेन्द्र सिंह चौधरी (मुख्य तकनीकी अधिकारी)
रविन्द्र पंवार (वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता भा.कृ.अ. प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था, क्षेत्रीय केंद्र इन्दौर (म.प्र.)

गेहूँ भारतीय अन्नपूर्णता का स्तम्भ, एक महत्वपूर्ण अनाज है जो देश के अर्थनीति में अहम भूमिका निभाता है। गेहूँ का उत्पादन और इस पर आधारित उद्योग भारतीय कृषि एवं अर्थव्यवस्था के लिए क्रियाशील रूप से योजना बनाने में मदद कर रहे हैं। गेहूँ का प्रयोग मनुष्य अपने जीवन यापन हेतु मुख्यत रोटी के रूप में प्रयोग करते हैं,जिसमे प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाई जाती है भारत में मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं उत्तरप्रदेश मुख्य फसल उत्पादक क्षेत्र है।

उपयुक्त जलवायु: गेहूँ की खेती के लिए समशीतोषण जलवायु की आवश्यकता होती है, इसकी खेती के लिए अनुकूल तापमान बुवाई के समय 20-25 डिग्री सेंटीग्रेट उपयुक्त माना जाता है, गेहूँ की खेती मुख्यत सिंचाई पर आधारित होती है गेहूँ की खेती के लिए दोमट भूमि सर्वोत्तम मानी जाती है, लेकिन इसकी खेती बलुई दोमट,भारी दोमट, मटियार तथा मार एवं कावर भूमि में की जा सकती है। साधनों की उपलब्धता के आधार पर हर तरह की भूमि में गेहूँ की खेती की जा सकती है।

खेत की तैयारी: गेहूँ की बुवाई अधिकतर धान, सोयाबीन की फसल के बाद ही की जाती है, पहली जुताई मिटटी पलटने वाले हल से तथा बाद में डिस्क हैरो या कल्टीवेटर से 2-3 जुताईयां करके खेत को समतल करते हुए भुरभुरा बना लेना चाहिए, डिस्क हैरो से धान के ठूंठे कट कर छोटे छोटे टुकड़ों में हो जाते हैं इन्हे शीघ्र सड़ाने हेतु 20-25 कि.ग्रा. यूरिया प्रति हैक्टर की दर से पहली जुताई में अवश्य दे देनी चाहिए। इससे ठूंठे, जड़ें सड़ जाती हैं ट्रैक्टर चालित रोटावेटर से एक ही जुताई द्वारा खेत पूर्ण रूप से तैयार हो जाता है।

बीज बुवाई: गेहूँ कि बीजदर लाइन से बुवाई करने पर 100 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर तथा मोटा दाना 125 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर कि दर से प्रयोग करते हैं, बुवाई के पहले बीजशोधन अवश्य करना चाहिए बीजशोधन हेतु बाविस्टिन, कार्बेन्डाजिम कि 2 ग्राम मात्रा प्रति कि.ग्रा. की दर से बीज शोधित करके ही बीज की बुवाई करनी चाहिए।

गेहूँ की बुवाई समय से एवं सूखे में बुवाई करनी चाहिए। इसी प्रकार जैसे-जैसे बुवाई में बिलम्ब होता है। वैसे-वैसे पैदावार में गिरावट आती जाती है। गेहूँ की बुवाई सीड ड्रिल से करनी चाहिए तथा गेहूँ की बुवाई हमेशा लाइन में करें कम पानी चाहने वाली प्रजातियों की बुवाई 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कर देनी चाहिए, अब आता है सिंचित दशा इसमे की 4-5 पानी देने वाली है। समय से अर्थात 10-25 नवम्बर, और सिंचित दशा में जो देर से बुवाई करने वाली प्रजातियां हैं वो 15-25 दिसम्बर तक उचित नमी में बुवाई करनी चाहिए, उसरीली भूमि में जिन प्रजातियों की बुवाई की जाती है वे 15 अक्टूबर के आसपास उचित नमी में बुवाई अवश्य कर देना चाहिए। गेहूँ की बुवाई देशी हल के पीछे लाइनों में करनी चाहिए या फर्टीसीड्रिल से भूमि में उचित नमी पर करना लाभदायक है, पंतनगर सीड्रिल बीज व खाद सीड्रिल से बुवाई करना अत्यंत लाभदायक है।

जल प्रबंधन: सामान्यतः गेहूँ की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए 4-6 सिचाईयां की आवश्यकता पड़ती है। ये निम्न अवस्थाओं में करनी चाहिए, पहली क्राउन रूट या ताजमूल अवस्था में बुवाई के 20-25 दिन बाद, दूसरी टिलरिंग या कल्ले निकलते समय बुवाई के 40-45 दिन बाद, तीसरी सिंचाई दीर्घ संघ या गांठे बनते समय बुवाई के 60-65 दिन बाद, तथा चौथी सिंचाई फ्लावरिंग स्टेज या पुष्पावस्था बुवाई के 80-85 दिन बाद एवं पाचवी सिंचाई मिल्किंग स्टेज या दुग्धावस्था बुवाई के 100-105 दिन बाद, आखिरी सिंचाई यानि छठी दाना भरते समय बुवाई के 115-120 दिन बाद सिंचाई करनी चाहिए।

पोषण प्रबंधन: किसान भाइयों उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए, गेहूँ की अच्छी उपज के लिए खरीफ की फसल के बाद भूमि में 120 कि.ग्रा. नत्रजन, 60 कि.ग्रा. फास्फोरस, तथा 40 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हैक्टर तथा देर से बुवाई करने पर 80 कि.ग्रा. नत्रजन, 60 कि.ग्रा. फास्फोरस, तथा 40 कि.ग्रा. पोटाश, अच्छी उपज के लिए 60 क्विं. प्रति है. सड़ी गोबर की खाद का प्रयोग करना चाहिए। गोबर की खाद एवं आधी नत्रजन की मात्रा तथा पोटाश की पूरी मात्रा खेत की तैयारी के समय आखिरी जुताई में या बुवाई के समय खाद का प्रयोग करना चाहिए, शेष नत्रजन की आधी मात्रा पहली सिंचाई पर तथा बची शेष मात्रा दूसरी सिंचाई पर प्रयोग करनी चाहिए।

खरपतवार प्रबंधन: गेहूँ की फसल में रबी के सभी खरपतवार जैसे बथुआ, प्याजी, खरतुआ, हिरनखुरी, चटरी, मटरी, सैंजी, अंकरा, कृष्णनील, गेहुंसा, तथा जंगली जई,आदि खरपतवार लगते हैंढ़ इनकी रोकथाम निराई- गुड़ाई करके की जा सकती है लेकिन कुछ रसायनों का प्रयोग करके रोकथाम किया जा सकता है जो की निम्न है जैसे की पेंडामेथेलिन 30 ईसी 3.3 लीटर की मात्रा 800-1000 लीटर पानी में मिलकर फ़्लैटफैन नोजिल से प्रति हैक्टर की दर से छिडकाव बुवाई के बाद 1-2 दिन तक करना चाहिए जिससे की जमाव खरपतवारों का न हो सके, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारो को नष्ट करने के लिए बुवाई के 30-35 दिन बाद एवं पहली सिंचाई के एक सप्ताह बाद 2,4,डी सोडियम साल्ट 80% डब्लू. पी. की मात्रा 625 ग्राम 600-800 लीटर पानी में मिलकर 35-40 दिन बाद बुवाई के फ़्लैटफैन नोजिल से छिड़काव करना चाहिए। इसके बाद जहां पर चौड़ी एवं संकरी पत्ती दोनों ही खरपतवार हों वहां पर सल्फोसल्फ्युरान 75% 32 एम.एल. प्रति है. इसके साथ ही मेटासल्फ्युरान मिथाइल 5 ग्राम डब्लू.जी. 40 ग्राम प्रति है. बुवाई के 30-35 दिन बाद छिड़काव करना चाहिए, इससे खरपतवार नहीं उगते है या उगते हैं तो नष्ट हो जाते हैं।

रोग प्रबंधन: खड़ी फसल में बहुत से रोग लगते हैं, जैसे अल्टरनेरिया, गेरुई या रतुआ एवं ब्लाइट का प्रकोप होता है जिससे भारी नुकसान हो जाता है इसमे निम्न प्रकार के रोग और लगते हैं जैसे काली गेरुई, भूरी गेरुई, पीली गेरुई, सेंहू, कण्डुआ, स्टाम्प ब्लाच, करनालबंट इसमे मुख्य रूप से झुलसा रोग लगता है पत्तियों पर कुछ पीले भूरे रंग के लिए हुए धब्बे दिखाई देते हैं, ये बाद में किनारे पर कत्थई भूरे रंग के तथा बीच में हल्के भूरे रंग के हो जाते हैं। इनकी रोकथाम के लिए मैन्कोजेब 2 किग्रा. प्रति हैक्टर की दर से या प्राफिकोनाजोल 25% ईसी की आधा लीटर मात्रा 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए, इसमे गेरुई या रतुआ मुख्य रूप से लगता है,गेरुई भूरे पीले या काले रंग के, काली गेरुई पत्ती तथा तना दोनों में लगती है इसकी रोकथाम के लिए मैन्कोजेब 2 किग्रा. या जिनेब 25% ई. सी. आधा लीटर, 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर छिड़काव करना चाहिए। यदि झुलसा, रतुआ, करनालबंट तीनो रोगों की संका हो तो प्रोपिकोनाजोल का छिड़काव करना अति आवश्यक है।

कीट प्रबंधन: गेहूँ की फसल में कौन कौन से कीट लगते हैं, और उनका नियंत्रण वो किस प्रकार करें?

गेहूँ की फसल में शुरू में दीमक कीट बहुत ही नुकसान पहुंचता है इसकी रोकथाम के लिए दीमक प्रकोपित क्षेत्र में नीम की खली 10 कुंतल प्रति हैक्टर की दर से खेत की तैयारी के समय प्रयोग करना चाहिए तथा पूर्व में बोई गई फसल के अवशेष को नष्ट करना अति आवश्यक है, इसके साथ ही माहू भी गेहूँ की फसल में लगती है, ये पत्तियों तथा बालियों का रस चूसते हैं, ये पंखहीन तथा पंखयुक्त हरे रंग के होते हैं, सैनिक कीट भी लगता है पूर्ण विकसित सुंडी लगभग 40 मि.मी. लंबी बादामी रंग की होती है। यह पत्तियों को खाकर हानि पहुंचाती है, इसके साथ साथ गुलाबी तना बेधक कीट लगता है ये अण्डो से निकलने वाली सुंडी भूरे गुलाबी रंग की लगभग 5 मिली मीटर की लम्बी होती है, इसके काटने से फल की वानस्पतिक बढ़वार रुक जाती है। इन सभी कीटों की रोकथाम हेतु कीटनाशी जैसे क्यूनालफास 25 ई.सी. की 1.5-2.0 लीटर मात्रा 700-800 ली. पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करना चाहिए या सैपरमेथ्रिन 750 मी.ली. या फेंवेलेरेट 1 लीटर 700-800 ली. पानी में घोलकर प्रति है. की दर से छिड़काव करना चाहिए। कीटों के साथ साथ चूहे भी लगते हैं, ये खड़ी फसल में नुकसान पहुंचाते हैं। चूहों के लिए जिंक फास्फाइट या बेरियम कार्बोनेट के बने जहरीले चारे का प्रयोग करना चाहिए, इसमें जहरीला चारा बनाने हेतु 1 भाग दवा 1 भाग सरसों का तेल तथा 48 भाग दाना मिलाकर बनाया जाता है जो कि खेत में रखकर प्रयोग करतें हैं।

फसल कटाई: फसल पकते ही बिना प्रतीक्षा किये हुए कटाई करके तुरंत ही मड़ाई कर दाना निकाल लेना चाहिए, और भूसा व दाना यथा स्थान पर रखना चाहिए, अत्यधिक क्षेत्रो वाली फसल कि कटाई कम्बाईन से करनी चाहिए इसमें कटाई व मड़ाई एक साथ हो जाती है जब कम्बाईन से कटाई कि जाती है

उपज और भण्डारण : मौसम का बिना इंतजार किये हुए उपज को बखारी या बोरो में भर कर साफ सुथरे स्थान पर सुरक्षित कर सूखी नीम कि पत्ती का बिछावन डालकर करना चहिए या रसायन का भी प्रयोग करना चाहिए। असिंचित दशा में 35-40 क्विं. प्रति है. होती है, सिंचित दशा में समय से बुवाई करने पर 55-60 क्विं. प्रति है. पैदावार मिलती है, तथा सिंचित देर से बुवाई करने पर 40-45 क्विंटल प्रति हैक्टर तथा उसरीली भूमि में 30-40 क्विं. प्रति हैक्टर पैदावार प्राप्त होती है।

प्रजातियां: मध्य भारत के लिए गेहूँ की प्रजातियों का चुनाव भूमि एवं साधनों की दशा एवं स्थित के अनुसार किया जाता है, मुख्यत: तीन प्रकार की प्रजातिया होती है जिसमे आगेती बुवाई, समय से एवं पछेती बुवाई वाली प्रजातियाँ निम्न हैं-

बुवाई अवस्था	बुवाई का समय	सिंचाई	चन्दौसी / शरबती	कठिया / मालवी
अगेती	20 अक्टूबर से 10 नवम्बर	1–2 सिंचाई	एच.आई. 1531(हर्षिता)एच.डी. 2987(पूसा बहार), एच.आई. 1605 (पूसा उजाला) ,जे.डब्ल्यू. 3020, जे.डब्ल्यू. 3173,जे.डब्ल्यू. 3211, जे.डब्ल्यू. 3269, एम.पी. 3288, डी.बी.डब्ल्यू. 110एच.आई. 1655 (पूसा हर्षा)	एच.आई. 8777 (पूसा गेहूँ 8777), एच.आई. 8802 (पूसा गेहूँ 8802),एच. आई. 8805 (पूसा गेहूँ 8805),एच.आई. 8823 (पूसा प्रभात),डी. डी. डब्ल्यू.47 एच.आई. 8830 (पूसा कीर्ति)
समय से	10 से 25 नवम्बर	4–5 सिंचाई	जे.डब्ल्यू. 1201, जी.डब्ल्यू. 273,जी.डब्ल्यू. 322, जी.डब्ल्यू. 366,जी.डब्ल्यू. 513, एच.आई.1544 (पूर्णा),एच.आई.1636 (पूसा वकुला) एच.आई 1650 (पूसा ओजस्वी)	एम.पी.ओ.1255,एच.आई. 8663 (पोषण), एच.आई. 8713 (पूसा मंगल) ,एच.आई. 8737 (पूसा अनमोल),एच.आई. 8759 (पूसा तेजस) एच.आई. 8826 (पूसा पोष्टिक)
पछेती	दिसम्बर–जनवरी	4–5 सिंचाई	जे.डब्ल्यू.1202, जे.डब्ल्यू.1203,एम.पी. 3336, राज. 4238,एच. डी. 2932 (पूसा111),एच.आई.1634 (पूसा अहिल्या)	—

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

एंटीबायोटिक प्रतिरोध: एक वैश्विक चिंता

आशा, पूनीत गोयल नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)

पूजा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान वि.वि. एवं गो अनुसंधान संस्थान दुवासु , मथुरा

रवि डबास, भूपेन्द्र भाकृअनुप-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर, बरेली (उ.प्र.)

सारांश

एंटीबायोटिक्स ने चिकित्सा जगत में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं, लेकिन इनके अत्यधिक और गलत उपयोग से बैक्टीरिया में प्रतिरोध विकसित हो रहा है, जिससे इलाज चुनौतीपूर्ण हो गया है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध का प्रमुख कारण अनावश्यक उपयोग, अधूरी खुराक, और खेती एवं पशुपालन में एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक प्रयोग है। इसका परिणाम अप्रभावी इलाज, लंबी अस्पताल में भर्ती, और उच्च मृत्यु दर के रूप में सामने आ रहा है। विशेष रूप से विकासशील देशों में यह समस्या और गंभीर है, जहां एंटीबायोटिक्स की आसानी से उपलब्धता और गैर-जिम्मेदाराना उपयोग इसका कारण है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध से निपटने के लिए सही और संयमित उपयोग, नए एंटीबायोटिक्स का विकास, स्वच्छता, और टीकाकरण पर जोर देना जरूरी है। भविष्य में फेज थेरेपी, नए एंटीबायोटिक्स, और निष्क्रिय टीकाकरण जैसे उपाय प्रतिरोध को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। वैश्विक संगठनों ने इसे गंभीर स्वास्थ्य संकट बताया है, और इसके समाधान के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। निष्कर्षतः, जागरूकता, उचित खुराक, और एक ठोस रणनीति के बिना एंटीबायोटिक प्रतिरोध को नियंत्रित करना मुश्किल होगा, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है।

परिचय

एंटीबायोटिक्स ने चिकित्सा और समाज में अहम भूमिका निभाई है, लाखों लोगों की जान बचाई है। 1950-1970 का समय नए एंटीबायोटिक्स की खोज का स्वर्ण युग था जिसकी शुरुआत अलेक्जेंडर फ्लेमिंग और पॉल एर्लिच के कार्यों से हुई। फ्लेमिंग ने चेताया था कि एंटीबायोटिक्स की पूरी खुराक न लेने पर प्रतिरोध विकसित हो सकता है। आज, एंटीबायोटिक्स के गलत उपयोग से बैक्टीरिया में प्रतिरोध बढ़ गया है, जिससे कई बीमारियों का इलाज मुश्किल हो रहा है। यह लेख एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण, इसके परिणाम और इससे निपटने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित करता है।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध कैसे विकसित होता है?

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब होता है जब बैक्टीरिया एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ बचाव की क्षमता विकसित कर लेते हैं। इसके कई मुख्य कारण होते हैं:

1.अत्यधिक उपयोग: जब एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक या अनावश्यक उपयोग होता है, तो बैक्टीरिया में प्रतिरोध विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

2.अधूरी खुराक: कई बार लोग एंटीबायोटिक की पूरी खुराक नहीं लेते हैं, जिससे जीवाणु पूरी तरह से नष्ट नहीं हो पाते और जीवित बचे बैक्टीरिया प्रतिरोधी बन जाते हैं।

3.खेतों और पशुपालन में एंटीबायोटिक का उपयोग: खेती और पशुपालन में एंटीबायोटिक का अत्यधिक प्रयोग भी प्रतिरोध के विकास का कारण बनता है।

प्रभाव

एंटीबायोटिक प्रतिरोध सिर्फ प्रयोगशाला में ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह ऐसे खतरनाक संक्रमणों का कारण बनता है जो जीवन के लिए खतरा बन सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने चेतावनी दी है कि अगर एंटीबायोटिक प्रतिरोध को नियंत्रित करने के लिए कदम नहीं उठाए गए, तो हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर सकते हैं जहां एंटीबायोटिक्स से होने वाले संक्रमणों का इलाज नहीं हो सकेगा, जिससे लोगों की मौत हो सकती है। इस समस्या को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। विकासशील देश इस खतरे के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं, जहां एंटीबायोटिक्स की सस्ती कीमत, आसानी से उपलब्धता और इनके गैर-जिम्मेदाराना उपयोग के कारण प्रतिरोध तेजी से बढ़ रहा है। इन देशों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध न केवल स्वास्थ्य पर, बल्कि आर्थिक स्थिति और जीवन की गुणवत्ता पर भी बुरा असर डाल रहा है। दवाओं के गलत और अत्यधिक उपयोग को रोकना अब एक बड़ी चुनौती बन गया है।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध के बढ़ने से गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जैसे:

अप्रभावी इलाज: सामान्य संक्रमणों का इलाज मुश्किल हो जाता है।

लंबे अस्पताल में भर्ती: मरीजों को अधिक समय तक अस्पताल में रहना पड़ सकता है।

उच्च मृत्यु दर: कई संक्रमणों के इलाज में देरी या विफलता से मृत्यु दर बढ़ सकती है।

समाधान

1.एंटीबायोटिक का सही और संयमित उपयोग: डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक न लें और पूरी खुराक का पालन करें।

2.नए एंटीबायोटिक का विकास: वैज्ञानिक और दवा कंपनियाँ नए एंटीबायोटिक विकसित करने पर ध्यान दें।

3.स्वच्छता और टीकाकरण: संक्रमण को रोकने हेतु स्वच्छता और टीकाकरण पर जोर देना जरूरी है।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध एक वैश्विक समस्या है, और इसका समाधान सभी के सहयोग से ही संभव है। डॉक्टर, वैज्ञानिक, सरकारें और आम जनता सभी को मिलकर इस समस्या का सामना करना होगा ताकि भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकटों से बचा जा सके।

भविष्य के हस्तक्षेप

रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC), संक्रामक रोग सोसायटी ऑफ अमेरिका, विश्व आर्थिक मंच और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) जैसे बड़े संगठनों ने एंटीबायोटिक प्रतिरोध को "वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा" घोषित किया है। जीवाणु संक्रमणों का इलाज कठिन होता जा रहा है, और एंटीबायोटिक तथा बहु-दवा प्रतिरोध के कारण कई बार इलाज असफल हो जाता है। इस समय नए और प्रभावी एंटीबायोटिक्स की बहुत आवश्यकता है। इसके साथ ही, बैक्टीरिया संक्रमणों को रोकने के लिए निष्क्रिय टीकाकरण को भी प्रभावी माना गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण उपाय है फेज थेरेपी, जिसमें बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए बैक्टीरियोफेज (वायरस) का उपयोग किया जाता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध से निपटने के लिए कई नई दवाएँ भी क्लिनिकल परीक्षण में हैं। ये नई रणनीतियां न केवल सीधे बैक्टीरिया पर, बल्कि उनके जैविक नेटवर्क पर भी हमला करती हैं ताकि नए जीवाणुरोधी उपचार विकसित किए जा सकें। अंग प्रत्यारोपण, जटिल सर्जरी और कैंसर का इलाज एंटीबायोटिक्स के बिना संभव नहीं होता। अगर एंटीबायोटिक प्रतिरोध से निपटने के लिए जल्द ही प्रभावी वैश्विक योजनाएँ लागू नहीं की गई, तो हमें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

निष्कर्ष

एंटीबायोटिक प्रतिरोध बहुत तेजी से विकसित होता है, इसलिए यह एक गंभीर चिंता का विषय है। प्रौद्योगिकी के विकास के साथ, अब अधिक लोग एंटीबायोटिक प्रतिरोध के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक हो रहे हैं। विकासशील देशों में, लगभग सभी एंटीबायोटिक्स आसानी से बिना डॉक्टर की पर्ची के भी खरीदी जा सकती हैं।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध एक जटिल समस्या है, जिसका वैश्विक स्तर पर गंभीर असर पड़ता है। इसे समझने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन अभी भी एक संगठित और समन्वित दृष्टिकोण की कमी है। यदि एंटीबायोटिक प्रतिरोध पर नियंत्रण पाना है, तो इसके लिए लोगों को जागरूक करना, एंटीबायोटिक्स की पूरी खुराक लेना, इन दवाओं का सही और जिम्मेदार उपयोग करना, और एंटीबायोटिक प्रतिरोध से निपटने के लिए एक ठोस और समन्वित रणनीति अपनाना जरूरी है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

कुत्तों में डिस्टेम्पर रोग: एक गंभीर संक्रामक बीमारी

डॉ. गयाप्रसाद जाटव, डॉ. अनिल वित्तल
डॉ. सुप्रिया शुक्ला, डॉ. रश्मि चौधरी
(पशु विकृति विज्ञान विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.)

डॉ. ए.के. जयराव, डॉ. विवेक अग्रवाल

डॉ. मुकेश शाक्य (पशु परजीवी विज्ञान विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.)

परिचय

डिस्टेम्पर एक अत्यंत संक्रामक और जानलेवा वायरल रोग है जो मुख्य रूप से कुत्तों को प्रभावित करता है। यह बीमारी कैनाइन डिस्टेम्पर वायरस (CDV) के कारण होती है और कुत्तों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। इस लेख में हम डिस्टेम्पर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे, जिसमें इसके कारण, लक्षण, निदान, उपचार और रोकथाम के तरीके शामिल हैं।

कारण और संचरण

कैनाइन डिस्टेम्पर वायरस, जो पैरैमिक्सोवायरिडे परिवार का एक ऋह वायरस है, डिस्टेम्पर रोग का मुख्य कारक है। यह वायरस अत्यधिक संक्रामक है और विभिन्न माध्यमों से फैल सकता है। संक्रमित जानवरों के शारीरिक स्रावों (जैसे लार, मूत्र, मल) के प्रत्यक्ष संपर्क में आने से, हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों के माध्यम से, या संक्रमित मां से गर्भस्थ शिशु में यह वायरस फैल सकता है। इसके अलावा, दूषित भोजन या पानी के सेवन से भी संक्रमण हो सकता है। यह वायरस न केवल कुत्तों को, बल्कि अन्य जानवरों जैसे लोमड़ियों, भेड़ियों, रैकून और कुछ समुद्री स्तनधारियों को भी संक्रमित कर सकता है।

लक्षण और प्रभाव

डिस्टेम्पर के लक्षण विभिन्न अंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ बदल सकते हैं। प्रारंभिक चरण में, संक्रमित कुत्ते में बुखार, नाक और आंखों से स्राव, खांसी, उल्टी, दस्त, भूख न लगना और थकान जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। जैसे-जैसे रोग बढ़ता है, अधिक गंभीर लक्षण सामने आ सकते हैं। इनमें निमोनिया, त्वचा पर दाने, दांतों का क्षय, और तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याएं जैसे दौरे, पक्षाघात, या व्यवहार में परिवर्तन शामिल हैं। कुछ मामलों में, संक्रमित कुत्तों में दृष्टि हानि भी हो सकती है। यह रोग कुत्ते के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे अन्य संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है।



निदान और उपचार

डिस्टेम्पर का सटीक निदान करने के लिए पशु चिकित्सक विभिन्न परीक्षणों का उपयोग करते हैं। इनमें रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण, सीएसएफ (सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड) परीक्षण, और पीसीआर (पॉलीमरेज चेन रिएक्शन) परीक्षण शामिल हैं। दुर्भाग्य से, डिस्टेम्पर के लिए कोई विशिष्ट इलाज नहीं है। उपचार मुख्य रूप से सहायक देखभाल और लक्षणों को कम करने पर केंद्रित होता है। इसमें तरल पदार्थ चिकित्सा, एंटीबायोटिक दवाएं (द्वितीयक संक्रमणों को रोकने के लिए), बुखार कम करने वाली दवाएं, दौरे रोकने वाली दवाएं, पोषण संबंधी सहायता, और गंभीर मामलों में ऑक्सीजन थेरेपी शामिल हो सकती है। उपचार की सफलता बहुत हद तक रोग के चरण, कुत्ते की उम्र और समग्र स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करती है।

रोकथाम और टीकाकरण

डिस्टेम्पर की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी और महत्वपूर्ण उपाय है। कुत्तों को नियमित रूप से डिस्टेम्पर के टीके लगवाने चाहिए। पिल्लों को 6-8 सप्ताह की उम्र से शुरू करके हर 3-4 सप्ताह में टीका लगाना चाहिए, जब तक वे 16 सप्ताह के न हो जाएं। उसके बाद, वयस्क कुत्तों को हर 1-3 साल में बूस्टर खुराक दी जानी चाहिए। टीकाकरण के अलावा, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण उपायों का पालन करना भी महत्वपूर्ण है। इसमें संक्रमित जानवरों को अलग रखना, उपकरण और वातावरण को कीटाणुरहित करना, और अज्ञात या संक्रमित जानवरों के संपर्क से बचना शामिल है। इन उपायों का पालन करके, मालिक अपने प्यारे पालतू जानवरों को इस खतरनाक बीमारी से बचा सकते हैं।

निष्कर्ष

डिस्टेम्पर एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है जो कुत्तों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए बड़ा खतरा पैदा करती है। हालांकि इसका कोई निश्चित इलाज नहीं है, नियमित टीकाकरण और उचित देखभाल के माध्यम से इसे प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। कुत्ते के मालिकों को अपने पालतू जानवरों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करवानी चाहिए और किसी भी असामान्य लक्षण के लिए सतर्क रहना चाहिए। यदि डिस्टेम्पर के लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। समय पर निदान और उपचार कुत्ते के जीवन को बचाने में मदद कर सकता है। याद रखें, स्वस्थ कुत्ता एक खुशहाल कुत्ता होता है, और नियमित टीकाकरण तथा चिकित्सा देखभाल आपके प्यारे पालतू जानवर को स्वस्थ और सुरक्षित रखने की कुंजी है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
मध्य प्रदेश

'केंचुआ खाद का महत्व एवं कृषि के टिकाऊपन में केंचुओं का योगदान'

अमित विक्रम गंगेले (शोध छात्र)
डॉ. शिव शंकर सिंह (सहायक प्राध्यापक)
उमेश पटले (अतिथि व्याख्याता शस्य विज्ञान)
अग्निवेश शांडिल्य (शोध छात्र), फसल विज्ञान विभाग, कृषि संकाय, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.)

"जैविक खादों से मिट्टी का सुन्दर रूप श्रंगार करें, स्वास्थ्य सुधारें धरती माँ का उत्तम पैदावार करें। गौ , गोबर, गौमूत्र ,मठा (छाछ) से कीटों का संहार करें, पर्यावरण प्रदूषित न हो जीवों पर उपकार करें।।"

जैविक खाद के प्रयोग से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति के साथ-साथ उसके भौतिक एवं जैविक गुणों में वृद्धि होती है। अतः यह आवश्यक है कि अधिक कृषि उत्पादन प्राप्त करने हेतु मिट्टी परिक्षण के साथ-साथ फसलों की आवश्यकतानुसार रसायनिक खाद के बदले जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए।

उद्धानिकी फसलों में केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) का बहुत महत्व है। यहाँ कुछ मुख्य बिंदु दिए गए हैं जो इसके महत्व को दर्शाते हैं:

1.उर्वरक गुण: केंचुआ खाद में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम एवं अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं, जो फसलों की वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते है एवं केंचुआ खाद में ये समस्त तत्व पाए जाते जो पौधों की वृद्धि एवं विकास में मदद करते हैं।

2.भूमि की उर्वरता: मृदा में कार्बनिक यौगिकों को मिलाने से इसकी संरचना में सुधार होता है, जिससे जल धारण क्षमता बढ़ती है और मिट्टी में वायु का संचलन बेहतर होता है जो मृदा की उर्वरता को बढ़ते है

3.जैव विविधता: केंचुआ खाद मिट्टी में सूक्ष्म जीवों की संख्या को बढ़ाता है एवं जैविक कृषि खादों में मृदा कार्बनिक कार्बन होता है, जो पोषक तत्वों के विघटन और चक्रण के लिए जिम्मेदार लाभदायक बैक्टीरिया का समर्थन करता है। जो पौधों के लिए लाभकारी होते हैं।

4.रोग प्रतिरोध: इसके उपयोग से फसलों में रोगों और कीटों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जिससे रोग एवं कीट नाशियों का प्रयोग भी कम हो जाता है।

5.पोषक तत्वों का संतुलन: केंचुआ खाद में पोषक तत्व धीरे-धीरे उपलब्ध होते हैं, जिससे पौधों को जरूरत के अनुसार पोषण मिलता है।

6.पर्यावरणीय लाभ: यह एक जैविक खाद है, जो रासायनिक खादों के उपयोग को कम करने में मदद करती है, जिससे पर्यावरण को संरक्षण मिलता है।

इस तरह, केंचुआ खाद सब्जी वाली फसलों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और मिट्टी की सेहत को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

केंचुए की कुछ महत्वपूर्ण प्रजातियों की विशेषताएं

भारतीय उपमहाद्वीप में केंचुआ खाद बनाने हेतु केचुए की कुछ महत्वपूर्ण प्रजातियाँ निम्नवत् हैं:

1. आइसीनिया फोटिडा (Eisenia foetida)

- आइसीनिया फोटिडा प्रजाति के केंचुओं का केंचुआ खाद बनाने में वृहद रुप से प्रयोग हो रहा है। इन्हें इनके रुप रंग के आधार पर लाल केंचुआ, गुलाबी बैंगनी केंचुआ, टाइगर वर्म तथा बैंडिग वर्म के नाम से भी जाना जाता है।
- जीवित केंचुए लाल, भूरे या बैंगनी रंग के होते हैं। ध्यानपूर्वक देखने पर इनके पृष्ठ भाग पर रंगीन धारियों दिखायी देती हैं प्रतिपृष्ठ भाग पर इस केंचुए का शरीर पीले रंग का होता है।

Eisenia foetida

• यह केंचुए 3.5 से 13.0 सेंमी. लम्बे तथा इनका व्यास लगभग 3.0 से 5.0 मि.मी. तक का होता है। • यह केंचुए सतह पर रहने वाले (एपीजेइक) स्वभाव के होते हैं तथा अत्यल्प मिट्टी खाते हैं। • यह जुझारु प्रवृत्ति के हैं तथा तापमान एवं आर्द्रता की सुग्राहयता, नए वातावरण के अनुकूल जल्दी ढल जाने की क्षमता के कारण इनका उत्पादन व रखरखाव आसान होता है

यह शीघ्र वृद्धि करने की क्षमता रखते हैं तथा एक परिपक्व केंचुआ के शरीर का वजन 1.5 ग्राम तक हो जाता है तथा यह कोकून से निकलने के लगभग 50-55 दिन बाद प्रजनन क्षमता हासिल कर लेता है।

- एक वयस्क केंचुआ औसतन तीसरे दिन एक कोकून बनाता है। तथा प्रत्येक कोकून से हैचिंग के बाद (23 दिन में) 1-3 केंचुए उत्पन्न होते हैं।

2. आईसीनिया एंड्राई (Eisenia andrie)

यह केंचुआ समान रूप से लाल रंग का होता है जो इसे आईसीनिया फोटीडा से अलग पहचान करने में मददगार है शेष गुण आईसीनिया फोटीडा की तरह ही होते है

Eisenia andrie

3. पेरियोनिक्स एक्सकैवेटस (Parionyx excavatus)

• विश्व के अनेक भागों में इसका उपयोग केंचुआ खाद बनाने के लिए किया जाता है। • इसके शरीर का ऊपरी भाग गहरे बैंगनी से लालिमायुक्त भूरा तथा प्रतिपृष्ठतल (निचला भाग) पीले रंग का होता है। • इस केंचुए की लम्बाई 2.3-12.0 सेमी तक तथा व्यास 2.5 मि.मी. होता है। • इसका जीवन चक्र लगभग 46 दिन तथा वृद्धि दर 3.5 मि.ग्रा./दिन होता है। इसके शरीर का अधिकतम वजन 600 मि.ग्रा. होता है। • केंचुआ 21-22 दिनों में व्यस्क होकर 24वें दिन से कोकून बनाना आरम्भ कर देता है।

Parionyx excavatus

4. यूड्रिलस यूजिनी (Eudrilus eugeniae)

इसे रात्रि में रेंगने वाले केंचुए के नाम से भी जाना जाता है। यह केंचुआ खाद बनाने के लिए प्रयोग किये जाने बाले केंचुओं में सबसे षीध वृद्धिद वृद्धि करने वाला है तथा केंचुआ खाद बनाने में आइसीनिया फोटिडा के बाद राबसे अधिक प्रयोग में लाया जाता है। इसका प्रयोग मुख्यतः दक्षिण भारत के इलाकों में केंचुआ खाद बनाने के लिए सर्वाधिक किया जा रहा है।

• इसका रंग भूरा तथा लालिमायुक्त गहरे बैंगनी, पशु के मांस की तरह का होता है। • इसकी लंबाई लगभग 3.2-14.0 सेमी तथा व्यास 5.0-8.0 मि.मी. तक होता है। • यह अन्य प्रजातियों की तुलना में शीघ्र वृद्धि करता है तथा पाचन एवं कार्बनिक पदार्थों के अपघटन की तीव्र क्षमता रखता हैं। इसकी औसत वृद्धि दर 4.3 से 120 मि.ग्रा./दिन तक संभव है।

5. लैम्पिटो मोरिटि (Lampito mauritii)

इस केंचुए का शरीर गहरे पीले रंग का तथा शरीर का अग्रभाग बैंगनी रंग युक्त होता है। इसकी लम्बाई 8.0-21.0 सेमी तथा व्यास 3.5-5.0 मि.मी. तक होता है।

6. लुम्ब्रिकस रुबेल्लस (Lumbricus rubellus) • यह अत्यधिक नमी तथा कार्बनिक पदार्थों वाले स्थानों में पाया जाता है इसीलिए इसे 'रेड मार्स वर्म' भी कहते हैं। • इसके शरीर का पृष्ठभाग लालिमायुक्त बैंगनी तथा प्रतिपृष्ठ भाग पीले रंग का होता है। • यह केंचुआ सतह पर रहने वाले (एपीजेइक) केंचुओं जैसा है तथा युग्मन तथा उत्सर्जन क्रियायें गहराई में करता है। • इसका जीवन काल 1-2 वर्ष होता है तथा एक वयस्क केंचुआ 79-106 कोकून प्रतिवर्ष बनाता है।

कृषि के टिकाऊपन में केंचुओं का योगदान: यद्यपि केंचुआ लंबे समय से किसान का अभिन्न मित्र हलवाहा (Ploughman) के रूप में जाना जाता रहा है। सामान्यतः केंचुए की महत्ता भूमि को खाकर उलट-पुलट कर देने के रूप में जानी जाती है जिससे कृषि भूमि । की उर्वरता बनी रहती है। यह छोटे एवं मझोले किसानों तथा भारतीय कृषि के योगदान में अहम् भूमिका अदा करता है। केचुआ कृषि योग्य भूमि में प्रतिवर्ष 1 से 5 मि.मी. मोटी सतह का निर्माण करते हैं। इसके अतिरिक्त केंचुआ भूमि में निम्न ढंग से उपयोगी एवं लाभकारी है।

1. भूमि की भौतिक गुणवत्ता में सुधार: केंचुए भूमि में उपलब्ध फसल अवशेषों को भूमि के अंदर तक ले जाते हैं ओर सुरंग में इन अवशेषों को खाकर खाद के रूप में परिवर्तित कर देते हैं तथा अपनी विष्ठा रात के समय में भू सतह पर छोड़ देते हैं। जिससे मिट्टी की वायु संचार क्षमता बढ़ जाती है। एक विशेषज्ञ के अनुसार केंचुए 2 से 250 टन मिट्टी प्रतिवर्ष उलट-पलट कर देते हैं जिसके फलस्वरूप भूमि की 1 से 5 मि.मी. सतह प्रतिवर्ष बढ़ जाती है।

• केंचुओं द्वारा निरंतर जुताई व उलट पलट के कारण स्थायी मिट्टी कणों का निर्माण होता है जिससे मृदा संरचना में सुधार एवं वायु संचार बेहतर होता है जो भूमि में जैविक क्रियाशीलता. हह्यूमस निर्माण तथा नत्रजन स्थिरीकरण के लिए आवश्यक है। • संरचना सुधार के फलस्वरूप भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है तथा रिसाव एवं आपूर्ति क्षमता बढ़ने के कारण भूमि जल स्तर में सुधार एवं खेत का स्वतः जल निकास होता रहता है। • मृदा ताप संचरण व सूक्ष्म पर्यावरण के बने रहने के कारण फसल के लिए मृदा जलवायु अनुकूल बनी रहती है।

2. भूमि की रासायनिक गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार: पौधों को अपनी बढ़वार के लिए पोषक तत्त्व भूमि से प्राप्त होते हैं तथा पोषक तत्व उपलब्ध कराने की भूमि की क्षमता को भूमि उर्वरता कहते हैं। इन पोषक तत्वों का मूल स्त्रोत मृदा पैतृक पदार्थ फसल अवशेष एवं सूक्ष्म जीव आदि होते हैं जिनकी सम्मिलित प्रक्रिया के फलस्वरूप पोषक तत्त्व पौधों को प्राप्त होते ते हैं। सभी जैविक अबशेष पहले सूक्ष्मजीवों द्वारा अपघटित किये जाते हैं। अर्द्धअपघटित अवशेष केंचुओं द्वारा वर्मीकास्ट में परिवर्तित होते हैं। सूक्ष्म जीवों तथा केंचुओ सम्मिलित अपघटन से जैविक पदार्थ उत्तम खाद में बदल जाते हैं और भूमि की उर्वरा शक्ति बढाते है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
छत्तीसगढ़

प्राकृतिक खेती : कम लागत, बिना कर्ज, बिना जहर

डॉ. थानेश्वर कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेली, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

प्राकृतिक खेती क्या है: प्राकृतिक खेती वह खेती है। जिसमे मानव द्वारा निर्मित किसी भी प्रकार का रसायन या कीटनाशक उपयोग में नहीं लाया जाता। सिर्फ प्रकृति के दौरान निर्मित उर्वरक और अन्य पेड़ पौधों के पत्ते खाद, पशुपालन गोबर खाद उपयोग लाया जाता है। यह प्रकार से विविध प्रकार की कृषि प्रणाली है जो फसलों और जीव जंतु पेड़ों को एकीकृत करके रखती है। प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध जीवाणुओं,मित्र कीट और जैविक कीटनाशक द्वारा फसल को हानिकारक जीवाणुओं से बचाया जाता हैं। नीति आयोग के अनुसार प्राकृतिक कृषि को रसायन मुक्त और पशुधन आधारित कृषि के रुप में परिभाषित किया जा सकता है। यह परिभासा प्रचलित प्रथाओं पर आधारित है. कृशि पारिस्थिकी पर आधारित यह एक विविध कृषि प्रणाली है जो फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है जिससे कार्यात्मक जैव विविधता का इस्टम उपयोग होता है। प्राकृतिक खेती पारंपरिक खेती के तरीकों का एक रासायनिक मुक्त विकल्प है। इसे कृशि पारिस्थितिकी आधारित विविध कृषि प्रणाली के रूप में माना जाता है जो कार्यात्मक जैव विविधता के साथ फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती हैं। आज के समय प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती की बहुत आवश्यकता है।

प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक: 1.जीवामृत 2. बीजामृत 3. मल्चिंग 4. वाफसा

1.जीवामृत: यह स्थानीय गाय के गोबर (10किग्रा, स्थानीय गोमूत्र) 5-10 लीटर, गुड़ (2 किग्रा, दाल का आटा) 2किग्रा,पानी (200 लीटर और खेत की मेड़ से ली गई मुठ्टीभर मिट्टी का तरल हैं। जीवामृत की मदद से जमीन को पोषक तत्व मिलते हैं और यह एक उत्प्रेरक के रुप में कार्य करता है जिसकी वजह से मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की गतिविधि बढ़ जाती है। इसके अलावा जीवामृत की मदद से पेड़-पौधों को कवक और जीवाणु से उत्पन्न रोग होने से भी बचाया जा सकता है। एक एकड़ जमीन के लिए 200 लीटर जीवामृत मिश्रण की जरुरत पड़ती है। किसान को अपनी फसलों में एक महीने में जीवामृत का 2 बार छिड़काव करना होगा। इसे सिंचाई के पानी में मिलाकर भी उपयोग किया जाता है।

जीवामृत बनाने के विधि: एक ड्रम में 200 लीटर पानी डालें, उसमें 10 किलो ताजा गाय का गोबर 10 लीटर गाय का मूत्र मिलाएं,घोल में 2 किलो बेसन मिलाएं, इसमें 150 ग्राम मिट्टी (किसी बड़े पेड़ के नीचे की या खेत के मेढ़ की)। यह सब चींजे मिलाने के बाद मिश्रण को 86 घण्टों के लिए छाया में कपड़े से ढंककर रख दें। 6 दिन तक सुबह-शाम 5 मिनट अच्छी तरह मिलाएं। मिश्रण इस्तेमाल के लिए तैयार हो जाएगा।

2.बीजामृत : यह स्थानीय गाय के गोबर (5 किग्रा. स्थानीय गोमूत्र) 5 लीटर, चूना (50 ग्राम, पानी) 20 लीटर और खेती की मेंड़ से ली गई मिठ्ठीभर मिट्टी के साथ बनाया जाने वाला बीज उपचार सूत्र हैं।

बीजामृत बनाने की विधि: 5 किलो देशी गाय के गोबर को एक कपड़े से बांधकर 20 लीटर पानी में 12 घंटे के लिए टांग दें फिर इस गोबर के बंडल को लगातार 6 बार पानी में निचोड़े उसके बाद उस घोल में एक मुट्ठी मिट्टी (किसी बड़े पेड़ के नीचे की या खेत के मेंड़ की) पानी में अच्छी तरह से मिला दें अलग से 1 लीटर पानी में 50 ग्राम चूना मिलाकर रात भर रखें और अगले दिन उपर्युक्तघोल में मिला दें इस प्रकार बीजामृत को बीजोपजार के लिए तैयार करते है।

3.मल्चिंग: मल्चिंग तीन प्रकार की होती है। पहली मिट्टी की मल्चिंग द्वारा पानी का संरक्षण करना और साथ ही खरपतवारों को नियंत्रित करना। दूसरा है भूसा मल्चिंग जहां फसल अवशेषों को प्राकृतिक अपघटन के लिए खेत में ही रहने दिया जाय और बाद में पोषक तत्वों की हानि को रोकने के लिए खेत में ही मिला दिया जाए और तीसरी सह-फसल एंव मिश्रित फसल के द्वारा सजीव मल्चिंग।

• **आच्छादन मल्चिंग:** • पुआल भूसा आच्छादनः • सजीव आच्छादनः

वाफसा: इसमे सिंचाई के स्थान पर मृदा में नमी एवं वायु की उपस्थित को महत्व दिया जाता है। इस आयाम के अनुसार पौधों को बढ़ने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती वे वाफसा यानी भाप की मदद से भी बढ़ सकते है। वाफसा वह स्थिति होती है जिसमें मिट्टी में मौजूद हवा व पानी के अणु की मदद से पौधे का विकास हो जाता है। यह मिट्टी में सुक्ष्म जलवायु का निर्माण है जिसके द्वारा मिट्टी के जीव और जड़े मिट्टी में उपलब्ध अथवा पर्याप्त हवा और आवष्यक नमी दे। मिट्टी के कणों के बीच गुफाओं में 50% वायु और 20% जल वाश्प की स्थति के साथ स्वतंत्र रुप से रह सकते है। जब हम पौधे की छाया के बाहर पानी देते है। यानी 12.00 बजे पौधे की छाया के बाहर वापस अनुरक्षित रहती हैं। क्योंकि छाया जड़ें जो बाहरी चंदवा क्षेत्र से पानी लेती है।

विभिन्न कीट-पतंगों के नियंत्रण के लिए तीन प्रकार के संमिश्रणों का भी सुझाव दिया गया है।

प्राकृतिक खेती: फसल सुरक्षा के उपाय-प्राकृतिक खेती में फसलों को कीटों एंव रोगों से बचने के लिए विभिन्न वनस्पतियों की पत्तियों के काढ़े का उपयोग किया जाता है।

नीमास्त्र: 5 कि.ग्रा.नीम की बारीक पत्तियां,100 लीटर पानी में, 5 लीटर देशी गाय का गोमूत्र, 1 कि.ग्रा. देशी गाय का गोबर डालकर 2-3 मिनट तक अच्छी तरह हिलाते हैं। ड्रम का मुंह सूती कपड़े से बांध दिया जाता है। 48 घंटे बाद नीमास्त्र तैयार हो जाता है।

अग्नि अस्त्र: आधा कि.ग्रा. हरी मिर्च, आधा कि.ग्रा. लहसुन, पांच कि.ग्रा.नीम की बारीक पत्तियां में 20 लीटर देशी गाय का गोमूत्र मिलाकर 20 मिनट तक उबाला जाता है। 48 घंटे रखने के बाद मिश्रण को सूती कपड़े से छान लिया जाता है। 5-6 लीटर अग्नि अस्त्र को 250 लीटर पानी में मिलाकर 1 हैक्टेयर में छिड़काव कर सकते हैं।

प्रयोग विधि: अग्नि अस्त्र का उपयेग तना छेदक (स्टेम बोरर, फल छेदक) फ्रूट बोरर और अन्य विभिन्न प्रकार के इल्लियों केटरपिलर्स प्रबंधन करने के लिए किया जाता है।

दशपर्णी अर्क:- नीम की 5 कि.ग्रा. पत्तियां, किन्ही 10 पौधों की 2 कि.ग्रा. पत्तियां (करजं, सीताफल, धतूरा, बेल, कनेर,अरंडी, पपीता, मदार, कनेर, तुलसी, तंबाकू, गेंदा, बबूल, बेर, हल्दी, अदरक, गुड़हल, गिलोय एंव आम इत्यादि) 10 लीटर देषी गाय का गौमूत्र, 10 कि.ग्रा. देशी गाय का गोबर, 500 ग्राम हल्दी पाउडर, 500 ग्राम लहसुन का पेस्ट, 500 ग्राम अदरक का पेस्ट, 1 किलो तंबाकू के पत्ते का पाउडर, 1 किलो तीखी मिर्च का पेस्ट इन सभी का मिश्रण तैयार करने के बाद 200 लीटर पानी में 30-40 दिन के लिए सड़ने के लिए रख देते हैं। इसे सूती कपड़े से छानकर 6 महीने तक उपयोग कर सकते हैं।

ब्रम्हास्त्र: नीम की 3 कि.ग्रा. पत्तियां, 2 कि.ग्रा. करंज, सीताफल एंव धतूरे की बारीक पत्तियां, 10 लीटर देशी गाय के गौमूत्र में मिश्रण को मिलाकर लगभग 20-25 मिनट तक उबालें,फिर मिश्रण को 48 घंटे के लिए ठंडा करके सामाग्री को सूती कपड़े से छान लें।

प्रयोग विधि: ब्रम्हास्त्र का उपयोग फसलों के बड़े आकार के छेदक (बोरर कीट-पतगों और इल्लियों) केटरपिलर्स के प्रबंधन के लिए किया जाता हैं। एक हेक्टेयर में छिड़काव के लिए 5-6 लीटर ब्रम्हास्त्र को 250 लीटर पानी में घोलकर उपयोग करें।

लहसुन-मिर्च अर्क: तीखी मिर्च अर्क 500 ग्राम एवं लहसुन 500 ग्राम को लेकर उसका मिश्रण तैयार किया जाता है। 5 कि.ग्रा. नीम की बारीक पत्तियां तथा इसमें 10 लीटर देशी गाय के गोमूत्र को मिलाकर इस मिश्रण को गर्म किया जाता हैं। मिश्रण को 24 घंटे के लिए ठंडा करते हैं। सामाग्री को सूती कपड़े से छान लिया जाता है।

प्रयोग विधि: लहसुन-मिर्च अर्क का उपयोग विभिन्न प्रकार इल्लियों (केटरपिलर्स जैसे- लिफरोलर, तना छेदक (स्टेमबोरर, फल छेदक) फ्रूट बोरर एंव फली छेदक पोड बोरर को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। एक हेक्टेयर में छिड़काव के लिए 5-6 लीटर दशपर्णी अर्क को 250 लीटर पानी में घोलकर उपयोग करें।

01/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

अनानास के कीट, रोग, शारीरिक विकार और खरपतवार प्रबंधन

राधा (शोध छात्रा) फल विज्ञान विभाग, आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या (उ.प्र.)

कौशल कुमार शोध छात्र, फल विज्ञान विभाग, रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी

डॉ. अतुल यादव (सहायक प्राध्यापक) फल विज्ञान विभाग,आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या (उ.प्र.)

अनानास की फसल सुरक्षा

कई अन्य फसलों की तरह, अनानास जैविक और अजैविक तनाव दोनों से बहुत प्रभावित होते हैं, जो समय पर उचित देखभाल न करने पर फसल की पैदावार को काफी कम कर देता है। यह लेख आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण जैविक और अजैविक तनावों की व्याख्या करता है

अनानास के प्रमुख कीट

आर्थ्रोपोड्स

1.आर्थ्रोपोड जमीन पर और ऊपर दोनों जगह पाए जाते हैं और अनानास में महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचा सकते हैं क्योंकि वे बीमारियों के वाहक भी हैं। आर्थ्रोपोड अनानास को प्रभावित करते हैं। अनानास फ्रूट माइट फलों के घुन युवा की पत्तियों के फूलदान के आधार और विकासशील फलों के सहपत्रों और बाह्यदलों पर हमला करते हैं। 140 एमएल एंडोसल्फान 350 ईसी/100 लीटर पानी के घोल में पर्णीय छिड़काव से प्रभावी नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है। अनानास रेड माइटअनानास लाल घुन मध्य अमेरिका, फिलीपींस, ब्राजील, हवाई, क्यूबा, ताइवान, भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे लगभग सभी अनानास उत्पादन क्षेत्रों में पाया गया है। इस कीट को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए,ऑर्गनोफॉस्फेट कीटनाशकों या 6 एल डाइमेथोएट 400 ग्राम एल-1 ईसी के साथ 2,000 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर में पर्ण स्प्रे लगाते हैं।

2.नेमाटोड: नेमाटोड पोषक तत्वों और पानी को अवशोषित करने की पौधे की क्षमता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हुए प्राथमिक और द्वितीयक दोनों जड़ों को संक्रमित और नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे उपज में कमी आती है। अनानास को संक्रमित करने वाले तीन सबसे आम पौधे परजीवी नेमाटोड रूट-नॉट नेमाटोड, रेनिफॉर्म नेमाटोड और घाव वाले नेमाटोड हैं। रोपण से पहले मिट्टी की धूमन नेमाटोड समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन यह पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी समाधान नहीं है। फ़सल चक्रीकरण या लंबे समय तक फ़सल के अंतराल को अपनाना, नेमाटोड आबादी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ब्रेक के दौरान,

नेमाटोड की आबादी को दबाने के लिए सनई जैसी कवर फसलों का उपयोग किया जा सकता है।

3.सिम्फिलिड्स: सिम्फिलिड्स अनानास से जुड़े मिरियापोड हैं जो जड़ों पर फ़ीड करते हैं । मिरियापोड्स को नियंत्रित करने के लिए मिथाइल ब्रोमाइड गैस के साथ धूमन अत्यधिक प्रभावी है।

अनानास के महत्वपूर्ण रोग और उनका प्रबंधन

अनानास में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाने वाले रोग अक्सर फल पर हमला करते हैं। विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीवों के कारण अनानास प्रबंधन चुनौतीपूर्ण है जो मुख्य रूप से विकासशील पुष्पक्रम की सतह और आंतरिक भागों पर हमला करते हैं। **आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण फल रोगों के उदाहरण निम्नलिखित हैं-** • काला सड़न • फ्रूटलेट कोर रोट

इन रोगों को मुख्य रूप से कीटनाशक अनुप्रयोगों के माध्यम से (कीट) रोगवाहकों को नियंत्रित करके नियंत्रित किया जाता है।

शारीरिक विकार-अजैविक तनाव

धूप की कालिमा: कटिबंधों में उच्च सौर विकिरण के कारण, सनबर्न एक बड़ी अजैविक समस्या है जो अनानास को प्रभावित करती है, विशेष रूप से फलों के पकने के दौरान और कटाई से कुछ समय पहले। सनबर्न के कारण होने वाली उपज हानि प्रत्येक उत्पादन क्षेत्र में सौर विकिरण के स्तर और फसल के मौसम के अनुसार भिन्न होती है, जो गर्मियों के दौरान और अधिक गंभीर हो जाती है, खासकर जब दिन के दौरान लंबे समय तक उच्च तापमान होता है। सनबर्न को नियंत्रित करने के लिए, विकासशील फलों को कागज से ढक कर सुरक्षित रखते हैं ।

खरपतवार प्रबंधन: अनानास की धीमी वृद्धि के कारण खरपतवार की समस्या सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है जो उत्पादन लागत में वृद्धि करती है। चाहे एक पंक्ति या दो पंक्ति वाली रोपण प्रणाली का उपयोग किया जाता है, हाथ से निराई करना या कुदाल का उपयोग करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, विशेष रूप से डबल रोल फसल में। दूसरी ओर, डबल-रोल सिस्टम सिंगल-रोल सिस्टम से बेहतर है क्योंकि इससे खरपतवारों को उगाना कठिन हो जाता है।

प्लास्टिक कवर का उपयोग, जो खरपतवारों की उपस्थिति को काफी कम करता है, हालाँकि, प्लास्टिक के साथ भी, कुछ खरपतवार, जैसे कि साइपरेसी परिवार में, अभी भी आवरण को पार कर सकते हैं। बहुत ही कम मौकों पर ऐसा होता है, इन खरपतवारों को हाथ से खींचने की अत्यधिक अनुशंसा की जाती है, लेकिन बहुत सावधानी से प्लास्टिक को नष्ट न करें।

नन्दिनी इन्टरप्राइजेज खाद बीज एवं कीटनाशक

प्रो. रामदीन कुशवाह
84610-11860

हमारे यहां सभी प्रकार के खाद बीज एवं कीटनाशक दवाईयां उचित रेट पर मिलती हैं

पता : चीनोर रोड, छीमक, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)

04/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

सूचना प्रौद्योगिकी और कृषि विस्तार : डिजिटल युग में कृषि का भविष्य

सोमदत्त त्रिपाठी (शोध छात्र)
भानु प्रकाश मिश्रा (प्रोफेसर एवं विभाग प्रमुख)
अंजलि पांडेय शोध छात्रा, कृषि प्रसार विभाग सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौ. विश्वविद्यालय मोदीपुरम मेरठ
बृजेश कुमार गुप्ता सहायक प्राध्यापक, कृषि प्रसार विभाग, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा

परिचय

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में कृषि न केवल आर्थिक विकास का आधार है, बल्कि लाखों किसानों के जीवन का स्रोत भी है। बदलते समय और नई चुनौतियों के साथ, पारंपरिक कृषि प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का उपयोग आवश्यक हो गया है। डिजिटल युग ने कृषि में क्रांति ला दी है, जिससे किसानों को आधुनिक तकनीकों और नवीनतम जानकारी तक आसानी से पहुंच प्राप्त हो रही है। कृषि विस्तार सेवाओं के साथ आईटी का समन्वय किसानों के जीवन में सुधार और कृषि उत्पादकता में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।

कृषि विस्तार का महत्व

कृषि विस्तार का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधानों और बेहतर कृषि विधियों के बारे में जानकारी देना है। परंपरागत रूप से, यह प्रक्रिया सीधे संवाद, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से की जाती रही है, लेकिन डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग इसे अधिक व्यापक और कुशल बना रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि विस्तार की सेवाएं तेजी से और बड़े पैमाने पर किसानों तक पहुंचाई जा सकती हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी का कृषि में उपयोग

डिजिटल तकनीक ने कृषि विस्तार में कई नए रास्ते खोले हैं। आजकल, स्मार्टफोन, मोबाइल एप्लिकेशन, इंटरनेट, और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से किसान खेती से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह उन्हें कृषि के हर चरण में मार्गदर्शन करता है, जैसे बीज की गुणवत्ता, उर्वरक का उपयोग, सिंचाई के तरीके, और फसल कटाई। इसके अलावा, किसानों को मौसम की सटीक जानकारी, बाजार की कीमतें, और सरकारी योजनाओं का लाभ भी तुरंत मिल सकता है।

स्मार्टफोन और मोबाइल एप्स का उपयोग

भारत में स्मार्टफोन की पहुंच ने कृषि विस्तार को एक नई दिशा दी है। "किसान सुविधा" और "आई किसान" जैसे मोबाइल एप्स ने किसानों को खेतों में मदद की है। इन एप्स के माध्यम से किसान मौसम पूर्वानुमान, बाजार की जानकारी, और कृषि वैज्ञानिकों से सीधे सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार की डिजिटल सेवाओं ने किसानों को तुरंत और सटीक निर्णय लेने में मदद की है, जिससे उनकी फसल उत्पादकता में वृद्धि हुई है।



ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक

ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक का उपयोग फसल की निगरानी, भूमि की गुणवत्ता का मूल्यांकन, और सिंचाई के प्रबंधन में हो रहा है। यह तकनीक किसानों को वास्तविक समय में फसल की स्थिति की जानकारी देती है, जिससे वे समस्याओं को पहले से पहचानकर समाधान कर सकते हैं। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है, और उत्पादकता भी बढ़ती है।

ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट)

ई-नाम एक डिजिटल मार्केट प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादों के लिए सही बाजार मूल्य दिलाना है। इस प्लेटफार्म से किसान देशभर के विभिन्न बाजारों तक सीधे जुड़ सकते हैं, जिससे वे बिचौलियों से बचते हुए अपने उत्पादों का सही मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि में सूचना प्रौद्योगिकी की चुनौतियां

हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी ने कृषि क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव किए हैं, फिर भी इसे पूरी तरह से अपनाने में कुछ चुनौतियाँ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्टफोन की सीमित पहुंच और डिजिटल साक्षरता की कमी किसानों के लिए एक बड़ी बाधा है। इसके अलावा, बहुत से किसानों को नई तकनीकों को अपनाने में संकोच होता है, क्योंकि वे परंपरागत तरीकों से अधिक परिचित हैं।

समाधान

इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर काम करना होगा। डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके अलावा, सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं और डिजिटल उपकरणों की पहुंच को और अधिक सुलभ बनाना चाहिए।

निष्कर्ष

सूचना प्रौद्योगिकी का कृषि विस्तार में उपयोग करना कृषि के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल किसानों को सटीक और समय पर जानकारी प्रदान करता है, बल्कि उन्हें बदलते मौसम, बाजार की मांगों, और नई कृषि तकनीकों के बारे में जागरूक भी करता है। डिजिटल युग में, कृषि का विस्तार सूचना प्रौद्योगिकी के बिना अधूरा है। यदि सही तरीके से इन तकनीकों का उपयोग किया जाए, तो भारत के कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार और विकास संभव है।

08/2023-24

पराली प्रबंधन में 'बेलर' की उपयोगिता

✍ **शिव पूजन यादव** विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य विज्ञान)
✍ **डी. पी. सिंह** वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
✍ **सत्येन्द्र कुमार** विषय वस्तु विशेषज्ञ (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विज्ञान), केविके, बसुली, महराजगंज, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या

किसान वैसे तो समाज को जीवन देने के लिए अन्न उगाता है लेकिन अनजाने में ही फसलों के अवशेष जलाने से साँस लेने से जुड़ी गंभीर तकलीफों और कैंसर तक का वाहक बन रहा है। इससे उनका अपना परिवार भी नहीं बचता है। इन दिनों धान की कटाई भी होने लगी है। धान की कटाई के बाद बचने वाला फसल अवशेष को पराली कहा जाता है। पराली इन दिनों किसानों के साथ-साथ सरकार हेतु भी एक बड़ी समस्या बन गया है। जहां किसान पराली का सलीके से निपटान कर अपने खेतों की उर्वरता बढ़ा सकते हैं, वही यह बात किसानों तक पहचानी जरुरी है कि खेतों में लगी आग से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। फसल अवशेष को जलाने से मिटटी की 6 इंच परत आग में भस्म हो जाती है, जिसमे विभिन्न प्रकार के लाभदायक सूक्ष्म जीव जैसे- राइजोबियम, अजोटोबक्टेर, नील-हरित काई, मित्र कीट के अन्डे आदि नष्ट हो जाते हैं। आज पूरी खेती ऐसे रसायनों द्वारा हो रही है, जो किसानों के मित्र सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट क्र दे रहे हैं। ऐसे में खेत की जैव विविधता का संरक्षण बेहद जरुरी है। फसलों के अवशेष इसमें किसानों की मदद कर सकते हैं।

आजकल सीमान्त और खासकर बड़े किसान धान की फसल काटने के लिए कम्बाईन हार्वेस्टर जैसी मशीनों का सहारा ले रहे हैं। इससे कटाई से फसल के तने का अधिकांश हिस्सा खेतों में ही रह जाता है। यही कारण है कि देश में हर साल लगभग 31 करोड़ टन फसल अवशेष जलाए जाते हैं। जिससे हवा में जहरीली गैसों की मात्रा 33 से 290 गुणा बढ़ जाती है। हर साल अकेले पंजाब और हरियाणा में करीब 3 करोड़ 50 लाख टन पराली जलाई जाती है। 1 टन पराली जलाने पर वातावरण में 2 किलो सल्फर डाई ऑक्साइड, 3 किलो ठोस कण, 60 किलो कार्बन मोनो ऑक्साइड, 1460 किलो कार्बन डाई ऑक्साइड और 199 किलो राख निकलती है। ऐसे में जब करोडो टन अवशेष जलते हैं तो वायुमंडल की कितनी दुर्गति होती होगी। इसके साथ ही एक टन धान के पराली में लगभग 5.5 किग्रा नत्रजन, 2.3 किग्रा च2व5, 25 किग्रा ज्ञ2व, 1.2 किग्रा सल्फर, चावल द्वारा अवशोषित 50-70 प्रतिशत सूक्ष्म पोषक तत्व और 400 किग्रा कार्बन, जो धान की पराली जलाने से नष्ट हो जाता है। पराली का निस्तारण करना किसानों के लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन आधुनिक कृषि यंत्र पराली को निस्तारित करने में किसानों की बहुत मदद करता है।

पराली क्यों जलाता है किसान?: धान की कटाई के बाद पुआल को मिटटी में मिलाने में और गेहूं की बुआई हेतु खेत तैयार करने के लिए कई जुताईयों (2-3 बार हैरो/पावर टिलर, या रोटावेटर और प्लैंकर) की आवश्यकता होती है, जिससे खेती की लागत बढ़ जाती है और गेहूं की बुआई में भी देरी होती है। खेत में पुआल सड़ने में अधिक समय लगता है और इसके लिए 6-7 ऑपरेशन की आवश्यकता होती है। इसलिए, किसान अगली गेहूं की फसल बोने के लिए खेत को जल्दी से साफ करने हेतु धान की पुआल जलाने का विकल्प चुनते हैं क्योंकि इसका उपयोग सीमित है। यह आमतौर पर उन क्षेत्रों में ज्यादा प्रचलित है, जहां संयुक्त कटाई विधि का उपयोग किया जाता है जो फसल अवशेषों को पीछे छोड़ देता है।

पराली प्रबंधन के तरीके: पराली को किसान खेत में न जलाए इसके लिए सरकार और वैज्ञानिको ने बहुत सरे उपाय किए हैं। फसल अवशेष को या तो खेत में ही इन्कॉर्पोरेट (इन-सीटू) कर दिया जाए अथवा खेत से ससमय बाहर निकलने की व्यवस्था (एक्स-सीटू) की जाए जिससे अगली फसल को उचित समय पर बोया जा सके। शस्य क्रियाओ द्वारा उचित फसल चक्र अपनाकर पराली जलाने की प्रक्रिया को काफी हद तक कम किया जा सकता है, लेकिन यह सभी कृषि जलवायु एवं पारिस्थिकी दशाओ में संभव नहीं है। बायो डीकोम्पोजर (जैसे, पूसा बायो-डीकंपोजर) की मदद से फसल अवशेष को खेत में ही सड़ाकर मिटटी में जुताई करके मिला सकते है, लेकिन इस प्रक्रिया को पूरा होने में लगभग एक महीने का समय लगता है, जिसके कारण यह भी ज्यादा प्रासंगिक नहीं हो पाया। हालांकि बायो डीकोम्पोजर की मदद से पुआल जो खेत से बाहर निकालकर इकट्ठा किया गया है, को सड़ाकर कम्पोस्ट बहुत जल्दी बनाया जा सकता है। आधुनिक मशीनरी का प्रयोग करके फसल अवशेष का उचित प्रबंधन करना बहुत ही आसान हो गया है। पराली के उचित प्रबंधन हेतु रोटावेटर, हैप्पी सीडर, इनकॉर्पोरेटर, मोल्ड बोर्ड हल, जीरो सीड ड्रिल, स्ट्रॉ बेलर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर और कंबाइन हार्वेस्टर पर सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम व्यावसायिक रूप से उपलब्ध कृषि मशीनरी हैं। रोटावेटर फसल अवशेषों को उपयोगी बनाने में काफी मददगार है। इस मशीन से जुताई करने पर फसल अवशेष बारीक़ टुकड़ो में कटकर मिटटी में ही मिल जातें हैं। फसल के अवशेषों को मिट्टी में समाविष्ट करने से ह्यूमस की मात्रा भी बढ़ जाएगी जो मिट्टी में रहने वाले रोगाणुओं के संपर्क में आएगी और परिणाम स्वरूप, अवशेषों के अपघटन में तेजी आएगी। धान की कटाई के बाद गेहूं की बुआई के लिए रोटो टिल ड्रिल का विकास किया गया। मशीन एक सीड ड्रिल के साथ संयुक्त रोटावेटर थी। लेकिन इस मशीन का कार्य कम्बाईन हार्वेस्टर से कटाई किये गये धान के खेतों में असंतोषजनक था। इस मशीन को जब स्ट्रॉ चॉपर से पुआल को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने के बाद उपयोग किया गया, तो मशीन का प्रदर्शन अच्छा पाया गया। हैप्पी सीडर विकसित किया गया; यह एक ही कार्य में खेत की बुआई करता है तथा ढीले भूसे तथा खड़ी ठूंठ को काटता है, उठाता है तथा फेंकता है। इसके लिए शक्ति स्रोत के रूप में 45 एचपी वाले ट्रैक्टर के साथ पीटीओ द्वारा संचालित किया जाता है, और इसकी क्षमता 0.3-0.4 हे./घंटा है। इस मशीन का कार्य भी संतोषजनक तब पाया गया जब भूसे का भार 7 टन/हे. से कम था। रोटावेटर या डिस्क हैरो/मौर्ल्ड बोर्ड हल का उपयोग करके, कटे और फैले हुए ठूंठ आसानी से मिट्टी में दब जाते है और सिंचाई के बाद सड़ जाते थे। राइस स्ट्रॉ चॉपर-कम-स्प्रेडर ढीली और खड़ी पराली दोनों स्थितियों में संतोषजनक ढंग से काम करता है। हालाँकि, कटे हुए भूसे और ठूंठ को विघटित होने में अधिक समय लगता है, जिससे अगली फसल की बुआई में देरी होती है। स्टबल हार्वेस्टर कम चॉपर में ढीले भूसे का जमाव देखा गया। एक स्ट्रॉ ब्रूज़र और एक कंबर स्प्रेडर वर्तमान कंबाइन के सहायक उपकरण हैं। इसे कंबाइन हार्वेस्टर के पिछले हुड पर, भूसी छानने की छलनी के पीछे, और भूसा वॉकर के ठीक सामने लगाया जाता है। विकसित मशीन का प्राथमिक उद्देश्य कंबाइन के स्ट्रॉ वॉकर से पुआल और भूसी को तोड़ना और उन्हें कटे हुए खेत में बिखेरने से पहले छोटे टुकड़ों में काटना था। इन सभी विधियों को अपनाने के बहुत सारे लाभ है तो कुछ समस्याए भी है, जिस कारण आज भी पराली जलाने की प्रक्रिया को पूरी तरह रोका नहीं जा सका है।

बेलर की कार्य प्रणाली और इसकी उपयोगिता : बेलर, धान की कटाई कम्बाईन हार्वेस्टर से करने के बाद बची हुई ठूंठ को पहले छोटे-छोटे टुकड़ों में काटता है, फिर, यह कटी हुई पराली को एक चौम्बर में दबाता है, जो फसल अवशेषों को घने, प्रबंधनीय पैकेजों में जमा करने के लिए हाइड्रोलिक प्रेस के रूप में कार्य करते हैं। बेलर मशीन का उपयोग करने से पहले किसान फसल अवशेषों को ट्रैक्टर पर लगे कटर से काटते हैं। ट्रैक्टर पर लगी बेलर मशीन जाल का उपयोग करके पराली को कॉम्पैक्ट गांठों में संपीड़ित करती है। एक निश्चित मात्रा में पराली दबाने के बाद, बेलर उसे एक मजबूत रस्सी या तार से बांधकर एक गठ्ठर बना देता है। अंत में, यह गठ्ठर चौम्बर से बाहर निकाल दिया जाता है स पराली को गठ्ठरों में बांधकर खेत में ही छोड़ा जा सकता है जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। पराली के गठ्ठरों का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जा सकता है। पराली के गठ्ठरों का उपयोग बायोगैस उत्पादन हेतु भी किया जा सकता है जिससे किसानों को आमदनी भी मिलती है। 1 एकड़ खेत में करीब 20 क्विं. पराली निकलती है। एक बेलर रोजाना 20 से 30 एकड़ खेत से पराली को उठा सकता है। बेलर को चलाने हेतु 50 हॉर्स पावर या उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर की आवश्यकता होती है। एक बेलर चलाने से पहले ही किसानों को रैकर की आवश्यकता होती है। रैकर धान की फसल कटाई के बाद खेतों में फैली हुई पराली को लाइनों में इकठ्ठा करता है, जिससे बेलर का काम बेहद आसान हो जाता है। रैकर को चलाने हेतु 25 से 30 हॉर्स पावर ट्रैक्टर की आवश्यकता होती है। बेलर या रैकर खरीदने पर सरकार द्वारा 50 से 80% तक की सब्सिडी देती है। बेलर की कीमत करीब 17 लाख रु. और रैकर की कीमत 4 लाख रुपए है।

फायदे

पर्यावरण संरक्षण- फसल के डंठल जलाने की आवश्यकता को समाप्त करता है, वायु प्रदूषण और मिट्टी के क्षरण को कम करने में योगदान देता है। किसान कटाई के बाद पराली जलाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण होता है। बेलर पराली को संपीड़ित करके उसे गांठों में तब्दील करके जलाने का एक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करते हैं।

संसाधन दक्षता- पराली को कुशलतापूर्वक संपीड़ित करता है, जिससे प्रबंधन, परिवहन और भंडारण आसान हो जाता है। यह किसानों को तुरंत खेत की जुताई करने और अगली फसल बोने की अनुमति देता है।

आर्थिक लाभ- एक मूल्यवान संसाधन के रूप में संपीड़ित पराली की बिक्री के माध्यम से राजस्व सृजन के रास्ते खुलते हैं।

बेलर के प्रयोग करने में आने वाली समस्याएं

उच्च इनपुट लागत-एक बेलर की लागत बिना सब्सिडी के लगभग 14.5 लाख रुपये है। सब्सिडी के बाद भी अधिकतर कास्तकार इसको खरीदने के लिए पर्याप्त धन नही जुटा पाते हैं।

सामर्थ्य का मुद्दा- फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत शामिल किए जाने के बाद पहले दो वर्षों में कोई बेलर इकाइयाँ नहीं बेची गई।

पर्याप्त मशीनों की अनुपलब्धता-उत्तर प्रदेश में धान की खेती खरीफ की मुख्य फसल है लेकिन, राज्य में उपलब्ध बेलर्स द्वारा कुछ प्रतिशत क्षेत्र को ही कवर किया जा सकता है। एक बेलर एक दिन में केवल 15-20 एकड़ ही कवर कर सकता है।

निष्कर्ष : यदि कृषक बंधु अवशेष प्रबंधन के विकल्पों में से इन-सीटू या एक्स-सीटू जो उपयुक्त हो, का चुनाव करके फसल अवशेष प्रबंधन करते है तो जहा पराली को अभिशाप समझा जाता है उसे सोना में परिवर्तित कर सकते है। पराली जलाने से उसमे उपस्थित पोषक तत्व, मिट्टी के कुछ गुण जैसे मिट्टी का तापमान, पीएच, नमी, उपलब्ध फास्फोरस और मिट्टी के कार्बनिक पदार्थ काफी प्रभावित होते हैं। अतः फसल अवशेषों को खेत में मिला देने से मिटटी में उपस्थित सूक्ष्म जीवों के लिए भोजन का काम करता है, इससे मल्चिंग करके खेत की नमी को बनाये रखने के साथ ही मिट्टी के कटाव को भी कम करता है। पराली का गट्ठर बनाकर यथा उचित जगह पहुचाया जा सकता है। इन सभी अवशेष प्रबंधन विधियों को प्रभावी बनाने के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य उपयोग के तरीकों की पहचान की जानी चाहिए तथा सुविधाएं और बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाना चाहिये। इसमे संग्रह के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना, बेलिंग, बड़ी मात्रा में फसल अवशेष के परिवहन और हैंडलिंग सुविधाओं का निर्माण। धान के पुआल का उपयोग बायोमास जैसे विभिन्न उद्योगों में करना, बिजली उत्पादन इकाइयां, थर्मल पावर प्लांट में बायोमास सह-फायरिंग, बायो-सीएनजी, जैव इथेनॉल, आदि के लिए चेंनेल बनाना। मंडी के माध्यम से किसानों से धान के पुआल की खरीद सुनिश्चित कर पुआल एग्रीगेटर्स को बढ़ावा दिया जाये तो संभव है की भविष्य में पराली जलाने की समस्या से निजात पाया जा सकता है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

पर्यावरण के अनुकूल एवं पौष्टिक गुणों से भरपूर 'दालें'

डॉ. अंजलि वर्मा
श्री हरिओम मिश्र विषय वस्तु विशेषज्ञ
विषय वस्तु विशेषज्ञ, के.वि.के. बस्ती, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या
डॉ. रीमा वर्मा सहायक अध्यापक, श्री वाल्मीकि इंटर कॉलेज, विक्रम जोत,बस्ती, (उ.प्र.)

दालें न केवल भारतीय आहार का एक प्रमुख घटक होने के कारण महत्वपूर्ण है, बल्कि पशु प्रोटीन की तुलना में आहार प्रोटीन का सस्ता स्रोत होने की वजह से भी महत्वपूर्ण है। दालें पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती हैं क्योंकि इनका कार्बन उत्सर्जन कम होता है और ये पर्यावरण के लिए अच्छी होती है। लगभग 5,000 से भी अधिक वर्षों से मानव दलहनी फसलों की खेती कर रहा है। ये फसलें दुनिया के अधिकांश क्षेत्रों में उगाई जाती है। भारत दालों का अग्रणी उत्पादक है, जो वैश्विक उत्पादन का 25% हिस्सा है। विश्व खपत का 27% हिस्सा लेकर सबसे बड़ा उपभोक्ता है, तथा वैश्विक आयात का 14% हिस्सा लेकर एक महत्वपूर्ण आयातक है। देश ने वर्ष 2023-24 के दौरान 5,689.40 करोड़ रु./ 686.90 मिलियन अमरीकी डॉलर कीमत की 626,653.80 मीट्रिक टन दालों का विश्वभर को निर्यात किया है (डीजीसीआईएस) प्रमुख दाल उत्पादक राज्यों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उ.प्र. शामिल है। सामान्यतः मानव उपभोग के लिए उपयोग की जाने वाली दलहनी फसलों में सोयाबीन, मटर, मसूर, चौड़ी फलियां, मूंग, हरी फलियां, अरहर और मूंगफली आदि शामिल हैं। दालें न केवल पोषण प्रदान करती हैं, बल्कि जैवसक्रिय यौगिकों से भरपूर होने के कारण, स्वास्थ्यवर्धक और औषधीय गुणों से भी भरपूर होती हैं।

महत्व: दलहन लेगुमिनीसी समूह के पौधे होते हैं। दलहन फसल उत्पादन, मृदा उर्वरता बनाये रखने की अपनी सहज क्षमता के कारण टिकाऊ खेती में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसलिए दलहन उत्पादन को बदलते परिवेश में मानव पोषण, पशुधन आहार, पर्यावरण तथा मृदा उर्वरता का टिकाऊ स्रोत कहा जा सकता है। दलहनी फसलें अपने बीज, फलियों में बनाती हैं। यह घास, अनाज और अन्य गैर फलियों वाली फसलों से स्पष्ट रूप से भिन्न होती हैं। इनमें नाइट्रोजन पोषक तत्व की मांग अन्य फसलों की तुलना में कम होती है।

■ दालों में पोषक तत्वों की प्रचुरता उन्हें पोषण का एक ऐसा स्रोत बनाती है जो स्वस्थ और संतुलित आहार का निर्माण करता है । ■ कुछ फलीदार फसलों जैसे कि मूंगफली व सोयाबीन का प्रयोग व्यापारिक स्तर पर तेल प्राप्त करने के लिए किया जाता है। ■ दलहनी फसलें दाल की पूर्ति के साथ-साथ हरी फलियां एवं पत्तियां सब्जी के रूप में प्रयोग की जाती हैं। ■ इनके पौधों की जड़ों की गांठों में राइजोबियम जीवाणु पाये जाते हैं, जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करके पौधों को उपलब्ध करवाते हैं। इससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती है। इससे सिंथेटिक उर्वरकों की आवश्यकता कम हो जाती है और मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ■ दालें पर्यावरण के अनुकूल फसलें हैं जिन्हें अन्य प्रोटीन स्रोतों की तुलना में कम पानी और ऊर्जा की आवश्यकता होती है। उनकी खेती ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में मदद करती है। ■ दालें किसानों के लिए मूल्यवान नकदी फसलें हैं, जो विकासशील और विकसित दोनों देशों में आय के अवसर प्रदान करती हैं। वे ग्रामीण आजीविका और आर्थिक स्थिरता में भी योगदान करते हैं। ■ दलहनी फसलों के दानों के छिलकों में प्रोटीन के अलावा फास्फोरस व अन्य खनिजों की काफी मात्रा होने के कारण पशुओं के लिए सर्वोत्तम चारे में प्रयोग किए जाते हैं।

वर्गीकरण: खाद्य दलहनों को दो व्यापक समूहों में वर्गीकृत किया जाता है: दालें और तेल के बीज। दालें, खाद्य प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली दलहनी फसलों के सूखे बीज हैं। तिलहन उच्च तेलयुक्त फसलें हैं जैसे कि मूंगफली, सोयाबीन आदि। दालों के समूह में हरी दलहनी फसलों जैसे कि हरा चना, हरी मटर, हरी फलियों को सम्मिलित नहीं किया जाता है। इन फलियों का उपयोग सब्जी बनाने में किया जाता है, इसलिए इन्हें सब्जियों की फसलों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। दालें फलियों की एक व्यापक श्रेणी है जिसमें विभिन्न प्रकार शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक की अलग-अलग विशेषताएं और पोषण संबंधी विशेषताएं हैं। दालें विभिन्न आकार, साइज़ और रंगों में आते हैं, छोटे और गोल से लेकर बड़े और चपटे तक। कुछ दालें अपने जल्दी पकने के लिए जानी जाती हैं, जबकि अन्य को तैयार करने से पहले भिगोना पड़ता है। इनका उपयोग सूप से लेकर सलाद और साइड डिश तक कई तरह के व्यंजनों में किया जाता है। उनकी विविधता खाना पकाने में बहुमुखी प्रतिभा की अनुमति देती है और संतुलित और स्वस्थ आहार में योगदान देती है।

दलहन फसलों का उत्पादन सभी तीनों मौसमों में किया जाता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से कुल खाद्यान्नों को संदर्भ में दालों का कुल योगदान 11% है, जिसमें चना 4%, अरहर 2% और अन्य दालों का लगभग 5% क्षेत्र है ।

मौसम	दालों का उत्पादन
खरीफ	अरहर, उड़द, मूंग, लोबिया, कुल्थी, मोठ
रबी	चना, मसूर, मटर, खेसारी, राजमा
जायद	मूंग. उड़द लोबिया आदि

पोषण मूल्य: ■ दालें स्वास्थ्यवर्धक, पौष्टिक और पकाने में आसान होती हैं। दालों में 20 से 30 प्रतिशत प्रोटीन पाये जाने की वजह ये यह शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन का मुख्य स्त्रोत मानी जाती हैं। ■ सभी दालें पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो फाइबर (रेशा), प्रोटीन, खनिज (जैसे, आयरन) और विटामिन (जैसे, फोलेट) का समृद्ध स्रोत प्रदान करती है। ■ इनमें प्रचुर मात्रा में आहारीय रेशा तथा आवश्यक अमीनो अम्ल (मेथियोनीन व लाइसिन) पाए जाने की वजह से ये अनाजों के साथ पोषण के रूप में परिपूरक होती हैं। ■ दालों में वसा कम मात्रा में उपस्थित होती है जबकि ग्लूटेन व कोलेस्ट्रॉल-से मुक्त है। हालांकि विभिन्न प्रजातियों में पोषण मूल्य थोड़ा भिन्न हो सकता है।■ दालों में प्रत्येक ग्राम फाइबर के लिए लगभग 1 ग्रा. प्रोटीन होता है, जिससे दालें पादप-आधारित प्रोटीन के सबसे समृद्ध स्रोतों में से एक बन जाती हैं। ■ नियमित रूप से खाए जाने पर दालें मोटापे, हृदय रोग, मधुमेह और कुछ प्रकार के कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती हैं। ■ दालों में पाए जाने वाले कुछ प्रमुख खनिजों में लोहा, पोटेशियम, मैग्नीशियम और जस्ता शामिल हैं। दालों में फोलेट, थायमिन और नियासिन सहित बी विटामिन भी प्रचुर मात्रा में होते हैं ।

एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में लगभग 31 प्रतिशत लोग शाकाहारी हैं, जिनके आहार में दाले उनको प्रोटीन आवश्यकता के एक बड़े हिस्से को पूरा करने में प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं। एक औसत व्यक्ति की दैनिक प्रोटीन की आवश्यकता पुरुषों और महिलाओं के लिए क्रमशः 54.0 और 45.7 (आर.डी.ए.,2020) ग्राम होती है। 100 ग्राम दालों में लगभग 40-50 ग्राम दालों को एक औसत व्यक्ति के दैनिक भोजन में शामिल करके प्रतिदिन की प्रोटीन आवश्यकता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही अनाज आधारित भोजन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है।

निष्कर्ष: पोषण सुरक्षा का मूल्यांकन प्रायः उस खाद्य वस्तु की प्रति व्यक्ति आवश्यकता के अनुसार उपलब्धता से किया जाता है। बढ़ती जनसंख्या के साथ हमारे देश में खाद्य वस्तु के उत्पादन में भी प्रति व्यक्ति आवश्यकता को पूरा करने के लिए कई गुना वृद्धि करने की आवश्यकता है। अपने विविध उत्पादन और उपभोग पैटर्न के साथ, भारत आहार और कृषि में दालों के महत्व का उदाहरण है। भारत में दालों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कुछ नई पहल भी की गई। ये पहल बीज मिनी किट्स का वितरण, बीज केंद्रों (सीड हब्स) का निर्माण, प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम की प्रबल करना, गुणवत्तापूर्ण चीजों के उत्पादन पर अनुदान और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन करना है। साथ ही दलहनी फसलों के मूल्य का सही निर्धारण होना चाहिए, जिससे कि उचित मूल्य से आकृष्ट होकर किसान दलहनी फसलों के अंतर्गत क्षेत्रफल बढ़ा सकें।

12/2022-23

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

फसल अवशेष प्रबन्धन क्यों और कैसे?

शिवेन्द्र प्रताप सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ- पादप प्रजनन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलीपार, गोरखपुर (उ.प्र.)

मनोज कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ-कृषि प्रसार, कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलीपार, गोरखपुर (उ.प्र.)

एस. के. तोमर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र बेलीपार, गोरखपुर (उ.प्र.)

फसल अवशेष पौधे के वे भाग (जैसे भूसा, तना, डंठल, पत्ते व छिलके इत्यादि होते हैं), जो फसल की कटाई और गहाई के बाद खेत में छोड़ दिए जाते हैं। फसल अवशेष जलाने में चीन, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पर हैं। भारत में इसको सर्वाधिक पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जलाया जाता है। वर्तमान में हरियाणा व पंजाब जैसे कृषि की दृष्टि से विकसित राज्यों में भी मात्रा 10 प्रतिशत किसान ही फसल अवशेषों का प्रबंधन कर रहे हैं। हमारे देश में सालाना लगभग 630-635 मिलियन टन फसल अवशेष पैदा होता है।

कुल फसल अवशेष उत्पादन का 58% धान्य फसलों से 17% गन्ना, 20% रेशा वाली फसलों से तथा 5% तिलहनी फसलों से प्राप्त होता है। अपने देश में सालाना 154.59 मीट्रिक टन/वर्ष, धान के अवशेष का उत्पादन होता है। इसको जलाने से 0.236 टन नाइट्रोजन, 0.009 टन फॉस्फोरस एवं 0.200 टन/वर्ष पोटाश का नुकसान हो रहा है।

फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव

फसल अवशेषों को जलाने से मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य के साथ साथ हमारी प्रकृति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है-

- जब फसल अवाशेषों को जलाते समय मिटटी के सतह का तापमान 50-55 डिग्री सेंटीग्रेट हो जाता है ऐसी दशा में मिटटी में पाए जाने वाले लाभदायक जीवाणु (जैसे-बैसिलस सबलिटिस, राइज़ोबियम प्रजाति, एजोटोबैक्टर प्रजाति इत्यादि), लाभदायक फफूंद (जैसे- ट्राईकोडर्मा हर्जिएनम, व्युवेरिया वेसियाना, वैम) एवं लाभदायक मित्र कीट (जैसे-क्राईसोपा लेक्सिपर्डा, कोक्सिनेला सेप्टमपंक्टाटा इत्यादि) नष्ट हो जाते हैं ।
- फसल अवशेष को जलाने से क्षोभ मंडल में गैसीय प्रदूषकों जैसे-कार्बनमोनोऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रसऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन कि मात्रा

बढ़ने से कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आ जाती है। एक टन भूसे को जलाने से 3 कि.ग्रा. पार्टिकुलेटमैटर (पीएम), 60 कि.ग्रा. कार्बनमोनोऑक्साइड, 1,460 कि.ग्रा. कार्बनडाइऑक्साइड, 199 कि.ग्रा. राख और 2 कि.ग्रा. सल्फर डाइऑक्साइड निकलती है।

- फसलों के अवशेषों को जलाने पर उनके जड़, तना एवं पत्तियों में संचित लाभदायक पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। धान की पुआल को खेत में जलाने पर पुआल में उपस्थित नाइट्रोजन की लगभग सारी मात्रा, फॉस्फोरस का लगभग 25 प्रतिशत, पोटेशियम का 20 प्रतिशत, और सल्फर का 5 से 50 प्रतिशत का नुकसान हो जाता है।
- फसल के अवशेष को खेत में आग लगाने से सर्वप्रथम मृदा नमी में कमी एवं मृदा तापमान में बढ़ोतरी होती है, जिससे खेत की उर्वराशक्ति कम होने के साथ-साथ मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- धान का फसल अवशेष जलाना विशेष रूप से एयरोसोल कणों जैसे मोटेकण (पीएम 10) और महीन कण (पीएम 2.5) का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि कृषि अवशेष जलाने के कारण निकलने वाले महीन कण आसानी से फेफड़े में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे हृदय में परेशानी होती है

फसल अवशेषोंका प्रबन्धन

एक अध्ययन के अनुसार फसल के अवशेषों का सिर्फ 22% ही इस्तेमाल होता है। **शेष जला दिया जाता है। इसके प्रबन्धन के निम्न विकल्प हैं-**

पूसा डीकम्पोजर का उपयोग करके

यह भाकृअनपु-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया एक ऐसा छोटा कैप्सूल है, जो फसल अवशेषों को लाभदायक कृषि अपशिष्ट खाद में बदल देता है। एक कैप्सूल की कीमत सिर्फ 4-5 रुपये है और एक एकड़ खेत के अवशेष को उपयोगी खाद में बदलने के लिए केवल 4 कैप्सूल की आवश्यकता होती है।

जीरो टिल/हैप्पी सीडर/सुपर सीडर द्वारा गेहूं की बुआई

संरक्षित खेती को अपनाकर हैप्पी सीडर द्वारा गेहूं की बुआई करें। इस मशीन पराली का गठ्ठर अथवा ब्लॉक में भूसे को हार्वेस्ट करने के लिए हार्वेस्टर लगा होता है, जो भूसे को सिड्रिल के आगे से उठाकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बदलकर बुआई की गई फसल पर पलवार के रूप में बिछा देता है। ऐसा करने से मृदा में बीज अंकुरण के लिए पर्याप्त मात्रा में नमी संरक्षित रहती है।

खेत में अवशेषों का समावेश

कटाई के उपरांत खेत में बचे फसल अवशेष, घास-फूस, पत्तियां व ठूंठ आदि को सड़ाने के लिए फसल काटने के बाद 20-25 कि.ग्रा. नाइट्रोजन प्रति हैक्टर की दर से छिड़ककर डिस्क हैरो या रोटावेटर से मिट्टी में मिला देना चाहिए। इस प्रकार अवशेष खेत में विघटित होना प्रारंभ कर देंगे।

खेत से हटाकर दूसरे कार्यों में उपयोग करना

कटाई उपरांत धान की पराली को पैडी स्ट्रॉचॉपर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या गट्ठर बनाने वाली मशीन से ब्लॉक या ब्रिक्स बनाकर इसे खेत से हटा सकते हैं। दूसरे कार्यों जैसे-पशुओं के चारे, पेपर बनाने, जैव ईंधन एवं मशरूम उत्पादन, कम्पोस्ट बनाने या ईंधन के तौर पर भी इसका उपयोग कर सकते हैं।

कम अवधि एवं कम बढ़ने वाली किस्मों का प्रयोग

धान की कम अवधि में पकने वाली किस्में लंबी अवधि में पकने वाली किस्मों की तुलना में जल्दी पक जाती हैं, जिससे अगली फसल की बुआई और खेत की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। इसके अलावा इन किस्मों से प्रति एकड़ फसल अवशेष उत्पादन भी लंबी अवधि एवं अधिक बढ़ने वाली किस्मों की अपेक्षा कम होता है। इस प्रकार इनके अवशेष प्रबंधन में ज्यादा परेशानी नहीं होती है।

- पशु चारे के रूप में उपयोग करके
- गेहूँ एवं मक्का के फसल अवशेषों का भूसा बनाकर पशु चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है
- फसल अवशेषों का मशरूम कि खेती में सार्थक प्रयोग किया जा सकता है
- फसल अवशेषों के प्रभावी प्रयोग जैसे झोपड़ी, खिलौने, चटाई, गत्ता एवं मूर्तियाँ बनाने में किया जा सकता है
- धान एवं अन्य फसलों के अवशेषों का गैसीकरण कर उर्जा का का उत्पादन किया जा सकता है
- फसल अवशेषों को कम्पोस्ट बनाने में उपयोग किया जा सकता है
- फसल अवशेषों को पलवार अथवा मल्च के रूप में प्रयोग कर विभिन्न फसलों में खरपतवार के प्रकोप को कम किया जा सकता है साथ ही साथ मृदा स्वास्थ्य में भी सुधर किया जा सकता है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

न्यूट्रीगार्डन : पोषण और स्वास्थ्य के लिए कदम

सीमा कनौजिया, फौज़िया बानो
(शोध छात्रा) खाद्य एवं पोषण विभाग, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)

न्यूट्रीगार्डन एक ऐसा बाग है जहाँ पोषण से भरपूर फल, सब्जियाँ और जड़ी-बूटियां उगाई जाती हैं। इस पहल का उद्देश्य है प्राकृतिक और जैविक खाद्य पदार्थों का उत्पादन करना, जिससे परिवारों को ताज़ा और स्वास्थ्यवर्धक आहार मिल सके। न्यूट्रीगार्डन न केवल भोजन की गुणवत्ता बढ़ाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद करता है।

न्यूट्रीगार्डन का मुख्य उद्देश्य घर में ही रसायनमुक्त और ताज़ा उत्पाद प्राप्त करना है। इसके अलावा, यह पारिवारिक बजट में भी बचत करता है और जैविक खेती को बढ़ावा देता है।

न्यूट्रीगार्डन की विशेषताएं

1.ताज़गी और पौष्टिकता

न्यूट्रीगार्डन में उगाई जाने वाली सब्जियाँ और फल ताज़े होते हैं और इनमें कोई भी रसायन या कीटनाशक नहीं होते। इससे इनके पोषक तत्व बरकरार रहते हैं, जिससे आपको अधिक विटामिन और मिनरल मिलते हैं।

2.रसायनमुक्त खाद्य पदार्थ

बाज़ार में मिलने वाले उत्पादों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग होता है, जबकि न्यूट्रीगार्डन में आप जैविक खाद और प्राकृतिक तरीकों से सब्जियाँ उगा सकते हैं। इससे आपके खाद्य पदार्थ शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं।

3.पर्यावरण के अनुकूल

न्यूट्रीगार्डन न केवल आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाता है। इसमें पानी की बचत, मृदा संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है।

4.शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य

बागवानी एक प्रकार का व्यायाम है, जो आपको शारीरिक रूप से फिट रखता है। इसके साथ ही, पौधों की देखभाल करने से मानसिक शांति और तनाव में कमी आती है।

न्यूट्रीगार्डन कैसे बनाएं?

1.स्थान का चयन करें

सबसे पहले अपने घर में एक ऐसा स्थान चुनें जहाँ धूप आती हो। यह आपके पौधों के विकास के लिए जरूरी है। अगर आपके पास ज़्यादा जगह नहीं है तो आप छत या बालकनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

2.उपयुक्त पौधों का चयन

न्यूट्रीगार्डन के लिए स्थानीय जलवायु के अनुसार पौधे चुनें। टमाटर, पालक, धनिया, मिर्च, और तुलसी जैसे पौधे आसानी से उगाए जा सकते हैं।

3.जैविक खाद और मिट्टी का उपयोग

न्यूट्रीगार्डन में जैविक खाद का प्रयोग करें ताकि आपके पौधे पोषक तत्वों से भरपूर हों। कम्पोस्ट खाद और गोबर की खाद पौधों के लिए सबसे बेहतर होती है।

4.सिंचाई और देखभाल

नियमित रूप से पौधों में पानी दें और उनकी देखभाल करें। कीड़ों और बीमारियों से बचाने के लिए जैविक तरीकों का इस्तेमाल करें।

न्यूट्रीगार्डन के लाभ

1.ताज़ा और रासायन

मुक्त खाद्य पदार्थः यहाँ उगाई जाने वाली सब्जियाँ और फल जैविक होते हैं, जिनमें किसी प्रकार का हानिकारक रसायन नहीं होता।

2.पोषण में वृद्धि

ताजे उत्पाद पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं।

3.पर्यावरण संरक्षण

न्यूट्रीगार्डन जैव विविधता को बढ़ावा देता है और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखता है।

4.खर्च में कमी

घर पर सब्जियाँ उगाने से बाजार की तुलना में खर्च कम होता है। न्यूट्रीगार्डन एक सरल और प्रभावी तरीका है जो पोषण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी करता है।

निष्कर्ष

न्यूट्रीगार्डन न केवल आपके आहार को बेहतर बनाता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी मदद करता है। यह पर्यावरण के अनुकूल है और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसलिए, आज ही अपने घर में न्यूट्रीगार्डन बनाने की शुरुआत करें और ताजगी और पौष्टिकता से भरे जीवन का आनंद लें।

02/2023-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

सुरक्षित अनाजों का भंडारण एवं सावधानियां

संदीप साहू, संजय कुमार (शोध छात्र)
सस्य विज्ञान विभाग, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा (उ.प्र.)

डॉ. जी.एस. पंवार अधिष्ठाता कृषि, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा (उ.प्र.)

परिचय-खाद्यान्न के लिए बढ़ती आबादी की वर्तमान और भविष्य की मांग से निपटने के लिए, फसल के दौरान और उसके बाद बीजों के नुकसान को कम करने पर जोर दिया जाता है। पूरे वर्ष उचित एवं संतुलित सार्वजनिक वितरण सुनिश्चित करने के लिए बीजों को अलग-अलग अवधि में संग्रहित किया जाता है। भारत में लगभग 10% नुकसान फसल कटाई के बाद हो जाता है जिसमें से लगभग 6.5% नुकसान अकेले बीज भंडारण करने के समय में होता है। जिसका मुख्य कारण सुरक्षित भंडारण का न होना है। भारत जैसे विकासशील देश में अनाज के कुल उत्पादन का लगभग 25% भाग विभिन्न कारणों से उपभोग उपयुक्त नहीं रह पाता। जिसका कारण भंडारण की समुचित व्यवस्था का अभाव प्रमुख है। किन्तु भारतवर्ष जैसे विशाल देश और विशाल कृषि उत्पाद हेतु भंडारण व्यवस्था तुरंत ही सुधारा नहीं जा सकता, इसलिए कृषकों को अपने स्तर पर ही फसल की कटाई के बाद अनाज को पूरी तरह से सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है, विश्व बैंक की रिपोर्ट (1999) के अनुसार भारत में फसलोत्तर हानि प्रत्येक वर्ष 12 से 16 मिलियन टन खाद्यान्न है जो भारत के एक तिहाई गरीबों का पेट भर सकती है। न फसलोत्तर हानियों में से भंडारण कीट द्वारा हानि ही 2.0 से 4.2% है इसके बाद चूहो द्वारा की 2.50%, पक्षियों द्वारा 0.85% और नमी के कारण 0.68 प्रतिशत है।

1. भंडारण में लगने वाले कीट और चूहे- गोदामों में मुख्यतः गेहूँ और चावल घुन या सूँड वाली सुरसुरी, खपरा बिटिल या पाई, भारतीय मैदा पतंगा लेसर ग्रेन बोरर या छोटी सुरसुरी, लाल आंटा घुन, चावल पतंगा एवं पलन बिटिल या ढोरा इत्यादि गोदामों के प्रमुख कीट हैं। चूहों में घरेलू चूहा एवं छोटी चुहिया भण्डारित अन्न को नुकसान पहुंचाती है।

गोदामों में कीटों के प्रकोप के प्रमुख कारण

नमी की उपलब्धता - भंडारित अन्न में यदि 10: से अधिक नमी होती है तो अनाजों का भंडारण समय घटने लगता है एवं कीटों की संख्या में बढोत्तरी होती है

बीज नमी (%)	भण्डारण समय
11-13 प्रतिशत	6 महीने
10-12 प्रतिशत	1 साल
9-10 प्रतिशत	2 साल
8-10 प्रतिशत	4साल

सापेक्षिक आर्द्रता व तापमान - अन्न भण्डारण के लिये यह आवश्यक है कि वायुमण्डल की सापेक्षिक आर्द्रता बीज नमी प्रतिशत के लगभग बराबर होनी चाहिये एवं भण्डारित कक्ष का तापमान लगभग 25°c से कम होना चाहिए।

आक्सीजन की उपलब्धता- यदि भण्डारण कक्ष में पर्याप्त आक्सीजन उपलब्ध है तो कीटो संख्या बहुत तेजी से बढती है।

2. सुरक्षित अन्न भण्डारण

परंपरागत तौर तरीके से अनाजों का सुरक्षित भण्डारण: सुरक्षित भंडारण हेतु अनेक पारम्परिक प्रथायें आसानी से प्रयोग में लाई जाती है। ये परंपरागत तरीके स्थानीय रूप में उपलब्ध एवं प्राकृतिक संसाधनो पर आधारित होती है। घरेलू स्तर पर निम्नलिखित पारंपरिक विधियों का उपयोग अनाज भंडारण हेतु किया जा सकता है।

अनाजों को धूप से सुखाकर-यह अन्न भण्डारण की सबसे आसान एवं टिकाऊ विधि है इस विधि में फसल कटने के बाद अनाजों को लगभग 1-2 दिन तक धूप में सुखायेंज ब तक अनाजों में 10% नमी उपलब्ध रहे। इससे कीओ में हाने वाली प्रजनन क्रिया रूक जाती है। यह प्रक्रिया मई व जून के महीने से करनी चाहिये

अन्न भण्डारण के लिये नीम की पत्तियों का उपयोग- नीम के पेड से ताजी पत्तिया को एकत्र कर उन्हें छायादार स्थान में सुखाकर अनाज के साथ मिलाकर बोरी में भर देते हैं। विधि बहुत ही प्रभावी, सुरक्षित एवं सस्ती है।

नीम तेल का उपयोग-20 मिली नीम तेल प्रति 1 किग्रा. अनाजों में लगाने से इसकी तेज गंध से कीडों का प्रकोप नही होता है और यह कीडों को अण्डे की अवस्था में भी मारने में सक्षम है।

हल्दी का प्रयोग- इसमें प्रति किलो अनाज में 40 ग्रा. हल्दी चूर्ण का इस्तेमाल करते है। हल्दी चूर्ण को अनाज के साथ मिलाकर आधे घंटे के लिए छाया में सुखा देते है। यह उपचार कीटो से लम्बे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है और खाने की दृष्टि से सुरक्षित है।

लहसुन का उपयोग - लहसुन में उपस्थित कीटनाशी गुण एवं उसके गंध के कारण कीटों की संख्या को कम किया जा सकता है इस विधि में लहसुन की कलियों को छीलकर चावल एवं गेहूं के निचले सतह में रखकर पेटी को अच्छे से कसकर बंद कर देते है।

नमक का उपयोग - पुराने समय से ही नमक का उपयोग कवक एवं जीवाणुओं से बचाव के लिए किया जाता रहा है।

चूना उपचार- साधारण 10 ग्राम चूने का चूर्ण का उपयोग 1 किग्रा. अनाज के साथ मिलाकर अनाजों को जूट से बनें थैले में भरकर सुखे स्थान पर रख देने से इसकी महक से ही कीडे दूर भागने लगते है।

नीम के घोल द्वारा उपचारित जूट से बने थैले का उपयोग: नीम के घोल को तैययर करने हेतु 10 लीटर पानी में 10% नीम पत्तियो एवं नीम के बीज का पाउडर बनाकर पोटली में बांध कर पूरी रात पानी में डुबोकर रखे, इसके बाद थैलो को आधे घण्टे के लिये उसी धोल में रखकर थैले को छाया में सुखाकर ही इस्तेमाल अनाज भरने के किया जा सकता है। यह विधि एक वर्ष तक ही कीडो से बचाव के लिये उपयोगी है।

रासायनिक विधि द्वारा अन्न भण्डारण: ■ अनाज भण्डारण करने से पूर्व भण्डारण कक्ष को मैलाथियान 50% ईसी को 1:100 के अनुपात में घोल बनाकर 3ली. प्रति 100 वर्ग मी0 की दर से फर्श, दीवार एवं छत पर छिडकाव कर देने से छिपे हुए कीट मर जाते है। ■ पुराने थैलो को कड़ी घूप में सुखाने या मैलाथियान 50 प्रतिशत ईसी के 1:100 के अनुपात में 10 मिनट भिगोने से बोरो में छिपे हुए कीट मर जाते है। ■ यदि भण्डारण कक्ष में बोरियो में भण्डारण करना हो तो छत की पूरी ऊंचाई का 1/5 भाग छोड़कर ही बोरियों की छल्ली लगाना चाहिए तथा कीटों से सुरक्षा की दृष्टि से एल्युमिनियम फास्फाइड पाउडर पाउच 56% (10 ग्राम पैकिंग का 150 ग्राम प्रति घन) एल्युमिनियम फास्फाइड (15% 12 ग्राम पैकिंग का 600 ग्राम प्रति घन मी. की दर से बोरियों के बीज रख देते है तथा भण्डारण कक्ष को अच्छी तरह से बन्द कर वायुरोधी कर देना चाहिए। ■ बीज में प्रयोग हेतु भण्डारित किये जाने वाले अनाजों में मैलाथियान 5% पाउडर 250 ग्राम पर क्विं. मिलाकर भण्डारित करें।

अनाज को भण्डारण में रखने से पहले सावधानियां

■ भण्डारण की साफ-सफाई अच्छी तरह करें। ■ गोदाम की फर्शो, दीवारों और छत को पर पाई जाने वाली दरारों एवं सुराखों को सीमेन्ट से बन्द कर देना चाहिए। ■ अनाज संग्रहण के लिये नई बोरिया प्रयोग में लाए। यदि बोरियां पुरानी हो तो नीम धोल द्वारा उपचारित कर देना चाहिए।

अनाज को भण्डारण में रखते समय सावधनियां: ■ अनाज को ढोने लिये काम में लाई जाने वाली ट्राली को अच्छी तरह साफ करना चाहिए। ■ अनाज को धूप में अच्छी तरह सुखा लेना चाहिए। इसकी जांच दाने को दांत के नीचे काटने से की जाती है। यदि कट की आवाज आती है तो अनाज भरने हेतु तैयार है। ■ सुखाने के बाद गरम अनाज को तुरंत नहीं रखें। ऐसा करने से कीड़े-मकोड़े की बढ़ोत्तरी का खतरा रहता है। अनाज को रात भर ठंडा करने के बाद भरें। ■ अनाज की भारी बोरियां सीधे जमीन व दीवार से सटाकर नहीं रखनी चाहिए। उन्हें लकड़ी के तख्तों व बांस की चटाई पर थोड़ी ऊंचाई पर रखें। ■ कोठी में भी अनाज को पॉलीथिन से ढंककर बंद कर दें ताकि अनाज में नमी नही जा सकें।

02/203-24

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

परंपरा भी, जरूरत भी प्राकृतिक खेती और इसके घटक

निशा महान (शोध छात्रा) सस्य विज्ञान, ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ, हमीरपुर (उ.प्र.)

लोकनाथ सिंह (शोध छात्र-सस्य विज्ञान, ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ, हमीरपुर, उ.प्र.)

डॉ. विनोद कुमार पांडेय

डॉ. वरुण कुमार सिंह

अधिक उत्पादन के लालच में मानव ने रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का अधाधुंध प्रयोग किया जिससे किसान की लागत बढ़ गई और धरती माता अनेक समस्याओं से ग्रसित हो गई है, जैसे-जैविक कार्बन की कमी, मृदा की भौतिक व जैविक गुणवत्ता स्तर का नीचा होना तथा मिट्टी में जीवाणुओं का असंतुलन इत्यादि। वेदों में ऋषियों ने मां के रूप में धरती माता व गाय माता को विशेष दर्जा प्रदान किया है इसके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक मनुष्य पर है। धरती मां का स्वास्थ्य गौ माता के संरक्षण के साथ गहराई से जुड़ा है। प्राकृतिक खेती इसकी ओर किया गया एक सामूहिक प्रयास है जिसमें पौधों के स्वास्थ्य पर ध्यान न देकर भूमि के स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

प्राकृतिक खेती वह खेती है जिसमें किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थ जैसे-रासायनिक खाद, रासायनिक उर्वरक, रासायनिक कीटनाशक, रासायनिक खरपतवारनाशक व रासायनिक बीज शोधक इत्यादि का उपयोग नहीं किया जाता है। केवल प्राकृतिक रूप से निर्मित किए गए पदार्थ, पेड़-पौधों व फसलों के अवशेषों और हरी खाद का उपयोग किया जाता है। यह एक प्रकार से विविध कृषि प्रणाली है जिसमें प्राकृतिक पदार्थों को उपयोग में लाया जाता है। प्राकृतिक खेती को वर्ष 1975 में अपनी पुस्तक 'द वन स्ट्रॉ रिवोल्यूशन' में मासानोबू फुकुओका ने पेश किया था जो की एक जापानी किसान तथा दार्शनिक थे। प्राकृतिक खेती रासायान मुक्त खेती की एक विधा है जो पारंपरिक भारतीय पद्धतियों से उद्धृत है, परंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक खेती को पुनर्योजी कृषि का एक रूप माना जाता है जो ग्रह बचाने की एक रणनीति है। प्राकृतिक खेती कृषि पारिस्थितिकी पर निर्भर करती है, इसका उद्देश्य उत्पादन की लागत को कम करना और एक स्थाई स्तर पर वापसी को बढ़ावा देना है।

प्राकृतिक खेती के घटक

1. बीजामृत

आवश्यक सामग्री: देसी गाय का गोबर-5 किलोग्राम, देसी गाय का मूत्र-5 लीटर, चूना-250 ग्राम, पानी-20 लीटर, खेत की मिट्टी-मुट्ठी भर

उद्देश्य: बीज शोधन के लिए

निर्माण की विधि: सभी सामग्री को पानी में घोलकर 24 घंटे के लिए छाया में रखें तथा दिन में 2 बार (सुबह-शाम) लकड़ी के डंडे से घड़ी की सुई की दिशा में मिलाये। तैयार होने के बाद बीज को शोधित करें तथा बीज को छाया में सुखाकर बुवाई करें।

2. जीवामृत

आवश्यक सामग्री: देसी गाय का गोबर-10 किलोग्राम, देसी गाय का मूत्र-10 लीटर, गुड-2 किलोग्राम, बेसन-2 किलोग्राम, पानी-180 लीटर, बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी-1 किलोग्राम

उद्देश्य - फसलों में छिड़काव के लिए

निर्माण की विधि-सभी सामग्री को प्लास्टिक के ड्रम में डालकर लकड़ी की सहायता से घोलकर इस घोल को 2-3 दिन तक सड़ने के लिए छाया में रख देते हैं तथा दिन में 2 बार (सुबह-शाम) घड़ी की सुई की दिशा में लकड़ी के डंडे की मदद से घुमा देते हैं। घुमाने के बाद जीवामृत को बोरे से ढक देते हैं। गर्मियों में जीवामृत बनाने के 7 दिन तथा सर्दियों में 8 से 15 दिन बाद तक उपयोग कर सकते हैं।

3. घनजीवामृत

आवश्यक सामग्री: देसी गाय का गोबर - 100 किलोग्राम, गुड - 1 किलोग्राम, दलहन का आटा(चना, मटर, मसूर) - 2 किलोग्राम, खेत की मिट्टी - 1 मुट्ठी, देसी गाय का मूत्र - आवश्यकतानुसार

निर्माण की विधि - सभी सामग्री को मिलाकर अच्छी तरह से गूंथ लें, जिससे हलवा जैसा गाढा बन जाए, इसको 2 दिन बोरे से ढक कर छाया में रखते हैं तथा थोड़ी-थोड़ी पानी छिड़कते रहते हैं। 2-3 दिन बाद इसके लड्डू बना लें। इन लड्डुओं को कपास, मिर्च, टमाटर, बैगन, भिंडी व सरसों के बीज के साथ भूमि में रख देते हैं ऊपर से सूखी घास डाल देते हैं। इसके प्रयोग के समय खेत में नमी की कमी नहीं होनी चाहिए।

4. नीमास्त्र

उद्देश्य : रस चूसने वाले कीटों, छोटी सूड़ियों के नियंत्रण के लिए

सामग्री-नीम के हरे पत्ते - 5 किलोग्राम या नीम के सूखे फल- 5 किलोग्राम, पानी 100 लीटर, देसी गाय का मूत्र - 5 लीटर, देसी गाय का गोबर-1 किलोग्राम

निर्माण की विधि-नीम के पत्ते या फलों में से जो भी उपलब्ध हो उसको पीसकर सभी सामग्री को पानी में डालकर लकड़ी की मदद से घोल देते हैं तथा इस घोल को 48 घंटे के लिए छाया में रख देते हैं। दिन में 3 बार लकड़ी की मदद से मिला देते हैं तथा 48 घंटे बाद कपड़े से छानकर फसलों पर छिड़काव करते हैं।

5. ब्रह्मास्त्र

उद्देश्य: कीड़ों,बड़ी सुंडियों तथा इल्लियों के नियंत्रण हेतु

आवश्यक सामग्री: देसी गाय का मूत्र - 10 लीटर, नीम के पत्ते-3 किलोग्राम, करंजे के पत्ते - 2 किलोग्राम, सीताफल के पत्ते-2 किलोग्राम, धतूरे के पत्ते-2 किलोग्राम

निर्माण की विधि: सभी पत्तों को पीसकर गोमूत्र में घोल लें तथा ढक कर 3-4 उबाल आने तक उबालें। 48 घंटे तक ठंडा होने के लिए रखें। ठंडा होने के बाद कपड़े से छानकर किसी बर्तन में भरकर रखें। 100 लीटर पानी में 2-2.5 लीटर ब्रह्मास्त्र मिलकर फसलों पर छिड़काव करें।

6. अग्नि-अस्त्र

उद्देश्य: पेड़ के तनों वा डंठलों में रहने वाले कीड़े, फलियों और फलों में रहने वाली सुंडियों, कपास की सुंडियों तथा अन्य सभी प्रकार की बड़ी सुंडियों के नियंत्रण के लिए

आवश्यक सामग्री: देसी गाय का मूत्र-20 लीटर, हरी मिर्च-आधा किलोग्राम, लहसुन-आधा किलोग्राम, नीम के पत्ते-5 किलोग्राम

निर्माण की विधि: हरी मिर्च, लहसुन और नीम के पत्तों को पीसकर गोमूत्र में घोलकर 4-5 उबाल आने तक पकाते हैं। उबाल आने के बाद उतारकर 48 घंटे तक ठंडा होने के लिए रख देते हैं तथा 48 घंटे बाद कपड़े से छानकर अलग बर्तन में रख देते हैं। 100 लीटर पानी में 2-2.5 लीटर अग्नि-अस्त्र डालकर फसलों पर छिड़काव करें।

7. दशपर्णी अर्क

उद्देश्य: सभी प्रकार के रस चूसक कीड़ों और इल्लियों के नियंत्रण के लिए।

आवश्यक सामग्री: पानी-200 लीटर, देसी गाय का मूत्र-10 लीटर, देशी गाय का गोबर-2 किलोग्राम, हल्दी पाउडर-500 ग्राम, अदरक की चटनी-500 ग्राम, हींग पाउडर-10 ग्राम, तंबाकू पाउडर-1 किलोग्राम, तीखी हरी मिर्च की चटनी-1 किलोग्राम, लहसुन की चटनी-आधा किलोग्राम, नीम की छोटी-छोटी टहनियां-2 किलोग्राम, करंज की पत्तियां-2 किलोग्राम, अरंडी की पत्तियां-2 किलोग्राम, बेल की पत्तियां-2 किलोग्राम, आम की पत्तियां-2 किलोग्राम, धतूरे की पत्तियां-2 किलोग्राम, तुलसी की टहनिया फूल-पत्तों सहित-2 किलोग्राम, अमरूद की पत्तियां-2 किलोग्राम, देसी करेले की पत्तियां-2 किलोग्राम, पपीते की पत्तियां-2 किलोग्राम, हल्दी-2 किलोग्राम, अदरक-2 किलोग्राम, बबूल की पत्तियां-2 किलोग्राम, सीताफल की पत्तियां-2 किलोग्राम, सोंठ का पाउडर-200 ग्राम

निर्माण की विधि: लिखित वनस्पतियों में से कोई 10 वनस्पतियों की पत्तियों का उपयोग करें सभी वनस्पतियों के उपयोग करने की जरूरत नहीं होती है। सभी सामग्री को एक ड्रम में घोले तथा लकड़ी के डंडे से घड़ी की सुई की दिशा में दिन में 2 बार (सुबह-शाम) घोले। इस घोल को छाया में रखें तथा धूप व पानी से बचाए। इस औषधि को तैयार होने में 40 दिन का समय लगता है, 40 दिन बाद कपड़े से छाने तथा अलग बर्तन में भंडारण करें। इस घोल का प्रयोग 6 महीने तक किया जा सकता है। 200 लीटर पानी में 5-7 लीटर 10 दशपर्णी अर्क मिलकर फसलों पर छिड़काव करें।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
उत्तर प्रदेश

कार्बन खेती : जलवायु परिवर्तन से निपटने की नई दिशा

हरि शंकर सिंह, रोहित कुमार जायसवाल
रिसर्च स्कॉलर, (मृदा विज्ञान विभाग),
चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी
विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.)

संजीव शर्मा (सहायक प्रोफेसर) मृदा विज्ञान विभाग) (चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.)

कार्बन खेती एक ऐसी कृषि पद्धति है जिसमें मिट्टी और वनस्पति के माध्यम से वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके मिट्टी में संग्रहित किया जाता है। यह न केवल जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद करता है, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता, जैव विविधता और खेती की उत्पादकता को भी बढ़ाता है। जिस्से हमारी मृदा मै ऊर्वरक छमता बानी रहती है। मुख्य तकनीकों में कवर क्रॉपिंग, नो-टिल खेती, और एग्रोफोरेस्ट्री शामिल हैं। कवर क्रॉपिंग के तहत फसलों के बीच में ऐसी फसलें उगाई जाती हैं जो मिट्टी को ढकने के साथ-साथ कार्बन अवशोषित करती हैं। नो-टिल खेती में बिना मिट्टी को जोते खेती की जाती है, जिससे कार्बन का मिट्टी में संरक्षण होता है। एग्रोफोरेस्ट्री में खेतों के साथ पेड़-पौधों का संयोजन किया जाता है, जो कार्बन संग्रहण में मदद करता है। जैविक खाद और फसल अवशेष प्रबंधन भी कार्बन खेती के हिस्से हैं, जो मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाते हैं।

कार्बन खेती किसानों के लिए एक नई आर्थिक संभावनाएं भी प्रदान करती है। कार्बन क्रेडिट सिस्टम के माध्यम से, किसान अतिरिक्त कार्बन संग्रहण के लिए वित्तीय लाभ कमा सकते हैं। इस प्रणाली से किसान जलवायु परिवर्तन से निपटने में योगदान करते हुए अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस प्रकार, कार्बन खेती जलवायु संकट से निपटने के साथ-साथ सतत कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक टिकाऊ उपाय है।

कार्बन खेती के मुख्य उद्देश्य

कार्बन का अवशोषण और संग्रहणः वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर इसे मिट्टी में जमा करना। कार्बन कैप्चर और स्टोरेज एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें औद्योगिक स्रोतों से कार्बन डाइऑक्साइड की अपेक्षाकृत शुद्ध धारा को अलग किया जाता है, उपचारित किया जाता है और दीर्घकालिक भंडारण स्थान पर ले जाया जाता है। CO2 को एक बड़े बिंदु स्रोत से कैप्चर किया जाता है, जैसे कि प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण संयंत्र या कोयला बिजली संयंत्र, और आमतौर पर एक गहरी भूवैज्ञानिक संरचना में संग्रहीत किया जाता है। 2023 तक, सालाना कैप्चर किए गए CO2 का लगभग 73% उन्नत तेल वसूली के

लिए उपयोग किया जाता है, एक प्रक्रिया जिसमें अधिक तेल निकालने के लिए CO2 को आंशिक रूप से समाप्त तेल भंडार में इंजेक्ट किया जाता है और फिर भूमिगत छोड़ दिया जाता है। चूंकि ईओआर इसे संग्रहीत करने के अलावा CO2 का उपयोग करता है, इसलिए सीसीएस को कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण के रूप में भी जाना जाता है।

मिट्टी की उर्वरता में वृद्धिः पौधों की वृद्धि तथा विकास के लिए मृदा को भौतिक, रसायनिक तथा जैविक शक्ति के योग को मृदा उर्वरता कहते हैं। पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिए भौतिक रसायनिक तथा जैविक शक्ति तीनों का अपना-अपना महत्व है यदि एक भी शक्ति कम है,तो मृदा की उर्वरता यह स्वास्थ्य कम होगा। जैसे, मिट्टी में पौधों की वृद्धि के लिए पर्याप्त पोषक तत्व है, किंतु यदि जल निकास ठीक से नहीं है, तो जल निकास ना होने के कारण मृदा वायु में कमी होगी जिससे मृदा जीव की वृद्धि प्रभावित होगी उनके लिए प्रतिकूल स्थिति निर्मित होने से मृदा की उर्वरता या स्वास्थ्य कम होगा। सभी उत्पादक भूमि की उर्वरता या स्वास्थ्य अच्छी हो सकती है, किंतु सभी उर्वर भूमि की उत्पादकता अच्छी नहीं हो सकती। ऐसा भूमि में जल निकास ना होने से, जलवायु की विपरीत परिस्थितियों होने के कारण हो सकता है।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना: ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को कम करना।

किसानों के लिए आय के नए स्रोतः कार्बन क्रेडिट्स के माध्यम से अतिरिक्त आय प्राप्त करना।

कार्बन खेती के मुख्य तरीके

कवर क्रॉपिंग (आवरण फसल)

विवरण- मुख्य फसल के बाहर की अवधि में मिट्टी को ढंकने के लिए क्लोवर, राय, या लेग्युम जैसी फसलें उगाई जाती हैं।

लाभ- मिट्टी की संरचना में सुधार, जैविक पदार्थ बढ़ाना और कार्बन को संग्रहीत करना।

कमी जुताई (नो-टिल खेती)

विवरणः मिट्टी की कम से कम खुदाई या जुताई करना।

लाभः मिट्टी के अंदर कार्बन को संरक्षित करना, मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना।

एग्रोफोरेस्ट्री (कृषि वानिकी)

विवरण- खेतों में पेड़ों और झाड़ियों को उगाना, जैसे कि वायुवरोधन और फसल की पंक्तियों में वृक्षारोपण।

लाभ-भूमि की उत्पादकता और जैव विविधता बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी में कार्बन का संग्रहण।

कम्पोस्टिंग और जैविक संशोधन

विवरण- कम्पोस्ट, गोबर या अन्य जैविक संशोधनों का उपयोग।

लाभ- मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ाना और कार्बन को संग्रहीत करना।

बायोचार का उपयोग

विवरण- जैविक पदार्थ को ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में गर्म करके बायोचार का उत्पादन और उसे मिट्टी में मिलाना।

लाभ- मिट्टी की उर्वरता और पानी की धारण क्षमता में वृद्धि।

रोटेशनल ग्रेजिंग (चक्रात्मक चराई)

विवरण- पशुओं को चराई के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में स्थानांतरित करना।

लाभ- पौधों की वृद्धि को बढ़ाना और मिट्टी में कार्बन का संचय करना।

गहन फसल चक्रण और विविधीकरण

विवरण- फसलों का विभिन्न मौसमों में चक्रण और एक ही भूमि पर विविध फसलों का उत्पादन।

लाभ- मिट्टी की उर्वरता और जैविक पदार्थ में सुधार।

कार्बन क्रेडिट्स और किसानों के लिए लाभ

कार्बन खेती से जुड़े किसान कार्बन क्रेडिट्स बेच सकते हैं, जो कंपनियों द्वारा खरीदे जाते हैं ताकि वे अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकें। यह किसानों के लिए एक अतिरिक्त आय का स्रोत बन सकता है। जैसे : जैविक कृषि, पेड़ लगाना और वन संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, पानी और मिट्टी का संरक्षण

निष्कर्ष

कार्बन खेती एक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धति है जो न केवल किसानों को आर्थिक लाभ देती है बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता, उत्पादकता और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
राजस्थान

भारतीय दर्शन में वृक्ष का महत्व

सीमा जाट (सहायक प्रोफेसर) विस्तार शिक्षा विभाग, दयानंद कॉलेज, अजमेर (राजस्थान)

के.सी. शर्मा निदेशक, मानव संसाधन विकास, श्री करण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर (राजस्थान)

पर्यावरण का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसमें स्थल मण्डल, जल मण्डल एवं वायुमण्डल तीनों ही सम्मिलित है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वायु को दुषित न करें, जल की गुणवत्ता को बनाये रखें, भूमि को प्रदूषित न करें। प्राकृतिक साधनों का न्यूनतम दोहन करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर अब जन-आंदोलन बन चुका है। यह माँ और धरती माता के प्रति जन-सम्मान का प्रकटीकरण है। हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर माँ और धरती माता के प्रति सम्मान प्रकट कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण आज विश्व के लिए चिंता का विषय है। कार्बन डाईऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड ने ओजोन स्तर को कम कर दिया है, जिससे धरती पर गर्मी बढ़ने लगी है और जलवायु परिवर्तन का अनुभव हो रहा है।

भारतवर्ष विश्वास, प्रेम एवं परम्पराओं का देश है। यहाँ पर अनादि काल से अनेक प्रकार की उपासनाएँ, पूजा तथा अर्चना की पद्धतियाँ प्रचलित है। देवी देवताओं से लेकर पेड़ पौधों एवं पशु पक्षिओं को पूजने तक लोक रीती घर-घर प्रचलित थी और आज भी है। जहाँ वृक्षों की पूजा की जाती है। आज भी वृक्षों को वृक्ष देवता कहकर पुकारते हैं।

पीपल : पद्य पुराण में लिखा है कि पीपल का वृक्ष लगाकर मनुष्य सैकड़ों यज्ञों से ज्यादा फल प्राप्त कर लेता है प्रत्येक पर्व के दिन जो उसमें पत्ते पास में गिरते हैं वे पिण्ड के समान होकर पीपल वृक्ष के रोपकर्ता के पितरों को तृप्ति प्रदान करते हैं। हमारे देश में आज भी यह मान्यता है कि पीपल के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है पीपल व तुलसी 24 घण्टे आक्सीजन प्राणवायु देते हैं। गौतम बुद्ध ने इसी वृक्ष के नीचे जीवन का संदेश प्राप्त किया था और उनहें ज्ञान का प्रकाश मिला था।

लोक संस्कृति में पीपल को खुशी ओर सुख का प्रतीक मानते हैं और प्रातः काल जल चढ़ाकर इसके प्रति श्रद्धा करते हैं। वैदिक युग में पीपल को काफी महत्ता प्राप्त थी और आज भी है। आदिकाल में पीपल की पूजा अराधना अनेक प्रकार से स्त्रियाँ किया करती थी।

आँवला: आँवला के वृक्ष के लिए लिखा गया है कि जिसके आँगन मे आँवले का पेड है उस घर में श्री विष्णु सदा विराजमान रहते हैं। आँवला खाने से आयु बढ़ती है उसका जल पीने से धर्म संयम होता है और उसके द्वारा स्नान करने से दरिद्रता दूर होती है तथा सभी प्रकार का एश्वर्य प्राप्त होता है पुत्र प्राप्ति के लिए इस वृक्ष की पूजा की जाती हैं।

तुलसी: तुलसी के पौधे का हिन्दू संस्कृति में काफी महत्व है। मंदिरों तथा घर आँगन के अहातों से लेकर बाग में बगीचों, कुएँ, तालाबों के पवित्र स्थानों पर इसके पौधों को विशेषरूप से देखा जा सकता है। तुलसी पर प्रतिदिन जल चढ़ाकर मनोकामना की सिद्धि

होती है, कार्तिक मास एकादशी के दिन तुलसी का धूमधाम से विवाह रचाया जाता है और पूर्णिमा के दिन विदाई की रस्म अदा करते हैं।

शम्भूएके सर्व तीर्थोति चम्मधो सर्वदेवताः।
चदग्रे सर्ववेदाश्च तुलसिता नमाभ्यहम्।।

तुलसी की पत्तियों को पूजा अराधना में भोग के साथ व चरणामृत में डालकर प्रसाद रूप में वितरित किया जाता है। तुलसी के मूल में सभी तीर्थों का निवास है जिसके मध्य में सभी देवताओं का निवास है उस तुलसी को प्रणाम करती हूँ।

बरगद : बरगद की पूजा ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन हिन्दू स्त्रियाँ इसकी पूजा करती है। ऋग्वेद एवं अर्थवेद में ऐसा लिखा गया है कि बरगद के वृक्ष को लगाने वाले को स्वर्ग की प्राप्ति होती है। पद्म पुराण में बरगद को भगवान विष्णु का अवतार कहा गया है।

बेर: बेर फल का उल्लेख तुलसीदास कृत रामायण में भी है कि श्री रामचन्द्र जी भगवान ने प्रेम विभोर होकर शबरी के जूठे बेर खाये। बेल का सम्पूर्ण वृक्ष पवित्र और भगवान शिव को प्रिय है। शिव पूजन आक, धतुरा, कनेर आदि से किया जाता है।

पलाश: पलाश को कामदेव का रूप कहा गया है क्योंकि इसके सुन्दर व आकर्षक फल बंसत ऋतु में बड़े ही मनोहारी प्रतीत होते हैं। पद्य पुराण में पलास को ब्रह्मा का अवतार कहा गया है। इसकी लकड़ी को हवन सामग्री में प्रयोग करते हैं।

खेजड़ी: थार के रेगिस्तान में पाए जाने वाले वृक्ष खेजड़ी के सम्बन्ध में राजस्थानी भाषा में कन्हैयालाल सेठिया की कविता मींझर बहुत प्रसिद्द है। इस कविता में खेजड़ी की उपयोगिता और महत्व का सुन्दर चित्रण किया गया है। दशहरे के दिन शमी के वृक्ष की पूजा करने की परंपरा भी है। रावण दहन के बाद घर लौटते समय शमी के पत्ते लूट कर लाने की प्रथा है जो स्वर्ण का प्रतीक मानी जाती है। इसके अनेक औषधीय गुण भी है। पांडवों द्वारा अज्ञातवास के अंतिम वर्ष में गांडीव धनुष इसी पेड़ में छुपाए जाने के उल्लेख मिलते हैं। इसी प्रकार लंका विजय से पूर्व भगवान राम द्वारा शमी के वृक्ष की पूजा का उल्लेख मिलता है। शमी या खेजड़ी के वृक्ष की लकड़ी यज्ञ की समिधा के लिए पवित्र मानी जाती है।

नीम: नीम का भी सामयिक एवँ आर्थिक दृष्टिकोण से काफी महत्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन पूजा-अराधना करके काली मिर्च सहित नीम की कोमल पत्तियों को खाने का विशेष महत्व है। नारियल वैदिक कालीन भारतीय साहित्य में नारियल का उल्लेख किया गया है। इसके फल का पूजा आराधना में आज भी विशेष स्थान है। हवन में नारियल फल आवश्यक माना गया है। रामनवमी के दिन श्री रामचन्द्र जी भगवान को नारियल फलों से अर्ध्थ देने का विधान है।

चन्दन: चन्दन एक ऐसा वृक्ष है जिसकी सुगंधित लकड़ी का व्यवहार देवी-देवताओं के पूजा-पाठ में किया जाता है। वैशाख मास के दिन गंगा स्नान करके भगवान कृष्ण को चन्दन चढ़ाने का विशेष माहात्म्य दर्शाया गया है।

गुलर: पुराणों में गुलर को विष्णु का अवतार कहा गया है। हवन सामग्री तैयार करने में भी गुलर की आवश्यकता पड़ती है। भारतीय संस्कृति में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है की स्त्रियाँ गुलर वृक्ष की पूजा संतान तथा सौभाग्य और सम्पत्ति की प्राप्ति के लिए करती है।

अंजीर : पुराण में अंजीर वृक्ष को भी भगवान विष्णु का अवतार माना गया है। इसकी पूजा और अर्चना करने से सुख शान्ति तथा आनन्द की प्राप्ति होती है। अशोक वृक्ष हिन्दुओं का एक पवित्र वृक्ष है इसकी महत्ता पूजा अर्चना में काफी है। इसकी हरी पत्तियों का तोरण बनाकर शुभ अवसर पर द्वारों पर सजाते हैं।

आम: आम के वृक्ष और आम के फल को बहुत. बहुत शुभ माना जाता है। मांगलिक कार्यों में इसका प्रयोग अवश्य ही किया जाता है। इसकी लकड़ी को हवन सामग्री में प्रयोग करते हैं।

कदम्ब: विष्णु पुराण में कदम्ब को कादम्बरी भी कहा गया है। कदम्ब का नाम महाभारत कालीन श्री कृष्ण के साथ जुड़ा है।

केले: केले का सम्पूर्ण पौधा पवित्र समझा जाता है। केले के सम्पूर्ण पौधे को किसी भी शुभ कार्य में प्रवेश द्वारा पर शोभा बढ़ाने एवँ मंडप सजाने के लिए हिन्दू कर्मशास्त्र में विधान है केले के फल को शुभ माना गया है और यही कारण है कि इसे प्रायः सभी प्रकार के शुभ कार्यों में स्थान दिया गया है। गुरूवार को केले की पूजा करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसके अलावा भी कई पेड़ पौधे जैसे सेजड़ी, चम्पा, कल्पवृक्ष, बांस, कमल, तृपसी, पान, बखमा, साफ, सेमल, चमेली आदि को भी आदर से पूजा जाता है।

धन्वतरि कोष में उद्यान विज्ञान पर प्रकाश डाला गया है। उत्तर वैदिक काल में उद्यान विज्ञान की अबाध गति से प्रगति हुई थी। भारतीय साहित्य में ऐसी ढेर सारी कथाएँ पढ़ने को मिलती है। जिनमें आम, महुआ, इमली, नीम, बबूल, बेस, पीपल, बरगद, अशोक, गुलर, आँवला, बांस एवँ अनेकानेक फल जैसे कमल, गुलाब, कचनार इत्यादि के पेड़ पौधे का संबंध ग्लानि, घृणा, हीनता, संतप्ति, असंतप्ति, दुख-सुख, व्यथा प्रेम आदि के साथ जोड़ा गया है। आदिकाल में हवन की लकड़ी में आम की लकड़ी, पीपल, ढाक आदि की लकड़ी का प्रयोग होता आ रहा है। वेद, उपनिषद्, महाभारत, पुराणों, रामायण इत्यादि ग्रंथों मे जिनमें भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की कहानी है। स्थान-स्थान पर लिखा मिलता है कि पेड़-पौधों से घृणा करना अपरिपक्व अवस्था में काटना, उन्हें प्यार न करना मानव को सीधे पतन की ओर ले जाता है। अपने देश के ऋषि मुनियों के महान ग्रंथों की रचनाएँ भी वनों में एकांत में बैठकर की है। पुराण में लिखा है कि जंगलों की कटाई से सुखा एवं अभाव की स्थिति बताती है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
राजस्थान

बैंगन भारत में उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण फसल

नीतू चौधरी विद्यावाचस्पति, कीट विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान, कृषि महाविद्यालय, बीकानेर

बैंगन भारत में उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण सब्जी फसल है। उच्च तुंगता वाले क्षेत्रों के अलावा यह संपूर्ण भारत में उगाई जाती है। इसकी खेती वर्षभर की जा सकती है। चीन के बाद भारत बैंगन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत में प्रमुख बैंगन उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, कर्नाटक, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश और आंध्र प्रदेश हैं। यह एक बहुवर्षीय फसल के रूप में उगाई जा सकती है। परंतु इसे एक वर्षीय फसल के रूप में उगाया जाता है।

बुआई का समय: पहली फसल के लिए, अक्टूबर में नर्सरी तैयार करें और नवंबर में पौधे रोपाई के लिए तैयार हो जाते हैं।

दूसरी फसल के लिए, नवंबर में नर्सरी तैयार करें और फरवरी के पहले पखवाड़े में रोपाई करें।

तीसरी फसल के लिए, फरवरी-मार्च में नर्सरी बोएं और अप्रैल के अंत से पहले रोपाई करें। चौथी फसल के लिए, जुलाई में नर्सरी बोएं और अगस्त में रोपाई करें। गर्मी के मौसम में हर तीसरे या चौथे दिन और सर्दियों के मौसम में 12 से 15 दिन बाद खेत में सिंचाई करें। बैंगन की अच्छी पैदावार के लिए समय पर सिंचाई बहुत ज़रूरी है। ठंड के दिनों में मिट्टी को नमीदार बनाए रखने के लिए बैंगन के खेत में नियमित रूप से सिंचाई करनी चाहिए। खेत में पानी जमा न होने दें क्योंकि बैंगन जलभराव को बर्दाश्त नहीं कर सकता। आमतौर पर खरपतवार नियंत्रण, वायु संचार और पौधों की अच्छी वृद्धि के लिए दो-चार निराई-गुड़ाई और गुड़ाई की आवश्यकता होती है। काली पॉलीथीन फिल्म से मल्चिंग करने से खरपतवार की वृद्धि कम होती है और मिट्टी का तापमान बना रहता है। बैंगन के पौधे पर विभिन्न जीवन प्रावस्थाओं में विभिन्न प्रकार के रोगों का आक्रमण होता है। जो किसके उत्पादन में एक प्रमुख सीमा कारक है। इस लेख मे हम बैंगन में होने वाले प्रमुख रोगों तथा उनके प्रबंधन के बारे में चर्चा करेंगे

कीट और उनका नियंत्रण

● टहनी और फल छेदक, (ल्यूसिनोड्स ऑर्बोनेलिस) यह बैंगन के प्रमुख और गंभीर कीटों में से एक है। एक छोटी गुलाबी रंग की इल्ली शुरुआती अवस्था में अंतिम टहनियों में छेद करके अंदरूनी ऊतकों को खाती है, बाद में फलों में छेद कर देती है। संक्रमित फलों पर बड़े-बड़े छेद देखे जा सकते हैं। कीट से प्रभावित फल खाने के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं।

फल छेदक का प्रबंधन: फल और टहनियों पर छेद करने वाले कीट के संक्रमण के लिए रोपाई के बाद हर हफ्ते खेत की निगरानी करें। संक्रमित फलों को हटा दें और नष्ट कर दें। रोपाई के एक महीने बाद ट्रायज़ोफॉस 20 मिली/10 लीटर पानी और नीम अर्क 50 ग्राम/लीटर का छिड़काव करें। 10-15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव दोहराएं। जब फसल फूलने की अवस्था में हो तो क्लोरेंट्रानिलिप्रोएल 18.5% एससी (कोराजन) 5 मिली + टीपोल 5 मिली को 12 लीटर पानी में मिलाकर 20 दिनों के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें। संक्रमण की शुरुआती अवस्था में 5%

नीम अर्क 50 ग्राम/लीटर का छिड़काव करें। यदि खेत में संक्रमण दिखाई दे तो प्रभावित फसलों पर 25% साइपरमेथ्रिन 2.4 मिली/10 लीटर पानी का छिड़काव करें। अधिक आबादी के लिए स्पिनोसैड 1 मिली/लीटर पानी का छिड़काव करें।

हड्डा बीटल, (हेनोसेपिलाचना विगिन्टियोक्टोपंटाटा): यह बैंगन के महत्वपूर्ण कीटों में से एक है, जो अक्सर पत्तियों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। ग्रब और वयस्क दोनों ही नुकसान पहुंचाते हैं। यह पत्तियों की एपिडर्मल परत को खाता है, जिसके परिणामस्वरूप पत्तियां पूरी तरह सूख जाती हैं।

बैंगन में हड्डा बीटल का प्रबंधन ● अलग से प्रबंधन पद्धतियों की आवश्यकता नहीं है; फल छेदक के लिए किए गए नियंत्रण उपाय ही पर्याप्त हैं।

● संक्रमण के प्रारंभिक चरण में ग्रब और वयस्कों को एकत्रित करने और नष्ट करने से आगे संक्रमण कम हो जाएगा

● जब प्रकोप गंभीर हो तो कार्बेरिल (0.1%) या क्विनालफॉस (0.05%) जैसे संपर्क कीटनाशक का छिड़काव करें।

● आवश्यकता आधारित अनुप्रयोग से लार्वा-प्यूपल यूलोफिड परजीवी पेडिओबियस फोवोलेटस को विकसित करने में भी मदद मिलेगी, जो इस कीट से जुड़ा पाया जाता है और प्राकृतिक स्थिति के अंतर्गत महत्वपूर्ण मृत्यु दर का कारण बनता है।

● फलों के पकने और तुड़ाई के समय कीटनाशक का प्रयोग न करें।

● नए पौधे लगाने से पहले पुराने पौधों को उखाड़कर जला दें क्योंकि उनमें कीट पनपते हैं और संक्रमण आगे भी जारी रहता है।

थ्रिप्स: थ्रिप्स की गंभीरता को रोकने के लिए प्रति एकड़ 6-8 नीले चिपचिपे जाल रखें और प्रकोप को कम करने के लिए वर्टिसिलियम लेकानी 5 ग्राम प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें। यदि थ्रिप्स का प्रकोप अधिक हो तो नियंत्रण के लिए फिप्रोनिल 2 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

थ्रिप्स: थ्रिप्स की गंभीरता को रोकने के लिए प्रति एकड़ 6-8 नीले चिपचिपे जाल रखें और प्रकोप को कम करने के लिए वर्टिसिलियम लेकानी 5 ग्राम प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें। यदि थ्रिप्स का प्रकोप अधिक हो तो नियंत्रण के लिए फिप्रोनिल 2 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

जैसिड्स कीट: ये हरे रंग के कीट पत्तियों की निचली सतह से लगकर रस चूसते हैं। जिसके फलस्वरूप पत्तियां पीली पद जाती हैं और पौधे कमजोर हो जाते हैं। इनके नियंत्रण हेतु रोपाई से पूर्व पौधों की जड़ों को कॉनफीडर दवा के 1.25 मि.ली./ली. की दर से बने घोल में 2 घंटे तक डूबोयें ।

एकीकृत कीट प्रबंधन रणनीतियां

नर्सरी की स्थापना ● भिगोने आदि से बचने के लिए अच्छी जल निकासी हेतु हमेशा जमीनी स्तर से 10 सेमी ऊपर नर्सरी तैयार करें। ● जून के दौरान तीन हफ्तों के लिए नर्सरी बेड को धूप सन्शोधन करने के लिए 45 गेज (0.45 मिमी) की पॉलिथीन शीट से ढंक दें जिससे मिट्टी के कीड़े, जीवाणु जनित उक्टा तथा सूत्र क्रमि जैसी बीमारियों को कम करने में मदद मिलेगी। हालाँकि, ध्यान रखा जाना चाहिए कि धूप सन्शोधन करने के लिए मिट्टी में पर्याप्त नमी मौजूद हो। ● तीन किलो सडी गोबर की खाद में 250 ग्राम ट्राइकोडर्मा विराडी मिलाकर पौधों के संवर्धन के लिए लगभग सात दिनों के लिए छोड़ दें। सात दिनों के बाद मिट्टी में 3 वर्ग मीटर के बेड में मिला दें। F1-321 जैसे लोकप्रिय संकरों की बेड में बुवाई जुलाई के पहले हफ्ते में होनी चाहिए। बुवाई से पहले, बीज को ट्राइकोडर्मा विराडी 4 ग्राम/किलोग्राम बीज की दर से उपचार किया जाना चाहिए। निराई समय-समय पर की जानी चाहिए और संक्रमित पौधों को नर्सरी से बाहर कर देना चाहिए।

रोग और उनका नियंत्रण

रूट नॉट नेमाटोड: यह बैंगन की फसल में आम है। ये पौध के शुरुआती चरण में ज़्यादा नुकसानदायक होते हैं। ये रूट गॉल का कारण बनते हैं। रूट नॉट नेमाटोड के संक्रमण के कारण, पौधे बौने हो जाते हैं, पीले दिखाई देते हैं और इस तरह उपज प्रभावित होती है।

एकल फसल उगाने से बचें और फसल चक्र अपनाएँ। मिट्टी में कार्बोफ्यूरान या फोरेट @5-8 किग्रा/एकड़ डालें।

डंपिंग ऑफ: नमी और खराब जल निकासी वाली मिट्टी डंपिंग ऑफ बीमारी का कारण बनती है। यह मिट्टी से होने वाली बीमारी है। पानी सोखने और तने के सिकुड़ने से पौधे निकल आते हैं। अंकुर निकलने से पहले ही मर जाते हैं। अगर यह नर्सरी में दिखाई देता है तो पूरा अंकुर नष्ट हो सकता है। यह बैंगन की एक गंभीर बीमारी है।

बुवाई से पहले बीज को 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से थिरम से उपचारित करें। नर्सरी की मिट्टी का सोलराइजेशन करें। अगर नर्सरी में डंपिंग ऑफ दिखाई दे तो पानी निकाल दें और नर्सरी की मिट्टी को कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में भिगो दें।

फ़ोमोप्सिस ब्लाइट और फ्रूट रॉट: पत्तियों पर गहरे भूरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। फल पर पानी जैसा घाव दिखाई देता है और यह काला हो जाता है। बुवाई से पहले बीज को थिरम @3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज से उपचारित करें। खेती के लिए ब्लाइट रोग प्रतिरोधी किस्म का उपयोग करें। यदि खेत में संक्रमण दिखाई दे तो ज़िनेब @2 ग्राम प्रति लीटर पानी या मैन्कोज़ेब @2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

आशीष कुमार (सहायक प्रोफ़ेसर) APEX विधि विभाग, जयपुर, APEX UNIVERSITY, (जयपुर राजस्थान)

कविता सिंह (सहायक प्रोफ़ेसर) APEX विधि विभाग, जयपुर, APEX UNIVERSITY, (जयपुर राजस्थान)

पानी के अधिकार और सिंचाई कानून: सिंचाई और किसानों की जल संसाधनों तक पहुंच का कानूनी शासन

परिचय: पानी, जीवन का अभिन्न अंग होने के साथ-साथ कृषि के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय कृषि, जो कि देश की आर्थिक और सामाजिक संरचना का मूल आधार है, जल संसाधनों पर निर्भर करती है। भारत की लगभग 60त्न जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, और इसके उत्पादन में पानी की उपलब्धता का महत्वपूर्ण योगदान है। सिंचाई के बिना, फसलों की पैदावार में कमी आती है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ वर्षा पर निर्भरता अधिक होती है।

भारतीय कृषि में जल संसाधनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब हम जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों को देखते हैं। सिंचाई के माध्यम से, किसान अपनी फसलों को नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे उनकी उपज बढ़ती है और उनकी आर्थिक स्थिरता में सुधार होता है। इसके अलावा, जल संसाधनों का सही प्रबंधन कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है। इसलिए, पानी का उचित उपयोग और संरक्षण न केवल किसानों हेतु, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए आवश्यक है, ताकि एक स्थायी और फलदायी कृषि व्यवस्था स्थापित की जा सके।

पानी के अधिकार: जल का स्वामित्व भारतीय संविधान के अंतर्गत राज्य के पास होता है, जिसका अर्थ है कि जल संसाधनों का प्रबंधन और उपयोग सरकार के अधीन है। हालांकि, यह आवश्यक है कि इस स्वामित्व को किसानों और अन्य उपयोगकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए संचालित किया जाए। जल का स्वामित्व केवल कानूनी रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह किसानों की सिंचाई और उत्पादन क्षमता को सीधे प्रभावित करता है। जल के उपयोग के अधिकार की बात करें, तो यह किसानों को यह सुनिश्चित करने का अधिकार प्रदान करता है कि वे अपनी फसलों के लिए आवश्यक जल प्राप्त कर सकें। यह अधिकार किसानों को स्वतंत्रता और सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे वे अपनी कृषि गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित कर सकें। जब किसानों को पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होता है, तो उनकी फसलों की पैदावार में कमी आती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। जल अधिकारों की आवश्यकता आज के समय में और भी अधिक बढ़ गई है, जब जल संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। जल का अत्यधिक उपयोग और उसके उचित प्रबंधन की कमी के कारण, किसानों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। इसलिए, जल अधिकारों का संरक्षण और उनका उचित वितरण अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल किसानों की जल संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित होती है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा और कृषि विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस प्रकार, जल के अधिकारों को संरक्षित करना और सशक्त बनाना एक स्थायी और न्यायपूर्ण कृषि प्रणाली के लिए आवश्यक है।

सिंचाई कानून: भारत में सिंचाई कानून कृषि क्षेत्र के विकास और जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण हैं। कृषि सिंचाई कानून का अवलोकन करते हुए, हम पाते हैं कि विभिन्न राज्यों में विशेष कानून और नीतियाँ मौजूद हैं, जो किसानों को सिंचाई के लिए जल उपयोग की अनुमति देती हैं। ये कानून सुनिश्चित करते हैं कि सभी किसानों को उचित और समुचित जल आपूर्ति मिले, ताकि वे अपनी फसलों को सफलतापूर्वक विकसित कर सकें। इसके अलावा, ये कानून जल संसाधनों का संरक्षण भी करते हैं, जिससे जल संकट की स्थिति को कम किया जा सके। जल उपयोग और संरक्षण का अर्थ है कि जल के संसाधनों का सतत उपयोग होना चाहिए, जो कि न केवल किसानों के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए फायदेमंद है। सही जल प्रबंधन और संरक्षण के माध्यम से, हम जल के अपव्यय को रोक सकते हैं और इसे आने वाली पीढ़ियों हेतु संरक्षित कर सकते हैं। सिंचाई के लिए विभिन्न तकनीकों, जैसे ड्रिप सिंचाई और वर्षा जल संचयन, को अपनाकर जल उपयोग को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। सिंचाई परियोजनाओं का प्रबंधन सरकार द्वारा किया जाता है, जिसमें जलाशयों, नहरों और पंपिंग स्टेशनों का निर्माण शामिल होता है। इन परियोजनाओं का सही प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि जल संसाधनों का समुचित उपयोग हो और सभी किसानों को समय पर जल प्राप्त हो सके। यदि किसी किसान को जल अधिकारों के उल्लंघन का सामना करना पड़ता है, तो न्यायिक उपायों का सहारा लिया जा सकता है।

चुनौतियां: भारत में जल संसाधनों के प्रबंधन के दौरान कई चुनौतियाँ सामने आती हैं, जिनमें जल संकट एक प्रमुख मुद्दा है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण जल की उपलब्धता में कमी आई है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल प्राप्त करने में कठिनाई होती है। कानूनी जटिलताएँ भी एक बड़ी समस्या हैं। विभिन्न राज्यों में जल और सिंचाई से संबंधित कानूनों की विविधता और उनकी जटिलता किसानों के लिए समझने में मुश्किल पैदा करती हैं। इस स्थिति में, किसानों को अपने अधिकारों की जानकारी नहीं होती, जिससे उन्हें जल संसाधनों तक पहुँच में बाधाएँ आती हैं। नीति निर्माण में किसानों की भागीदारी की कमी भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। अक्सर, जल नीतियों का निर्माण बिना किसानों की वास्तविक आवश्यकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखे किया जाता है। यह किसानों के हितों के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है और परिणाम स्वरूप, नीतियाँ प्रभावी नहीं बनतीं।

सरकारी नीतियाँ और कार्यक्रम: सरकारी नीतियाँ और कार्यक्रम जल संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जल संरक्षण नीतियाँ, जैसे राष्ट्रीय जल नीति और विभिन्न राज्य स्तर की नीतियाँ, जल के विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करती हैं। इन नीतियों में जल के सतत उपयोग, जल पुनर्चक्रण, और जल संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। सरकार जल संसाधनों की सुरक्षा के लिए ठोस उपायों को लागू कर रही है, जैसे वर्षा जल संचयन और जल बचत तकनीकों का प्रचार करना।

सिंचाई के लिए सरकारी योजनाएँ जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) और नैशनल वाटर मिशन किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। ये योजनाएँ न केवल सिंचाई के लिए आवश्यक जल की उपलब्धता को बढ़ाने में मदद करती हैं, बल्कि किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करती हैं। इसके अंतर्गत, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसे सटीक सिंचाई प्रणालियों को बढ़ावा दिया जाता है, जिससे जल की बर्बादी कम होती है। किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं, जो उन्हें जल संरक्षण के महत्व और तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से, किसान जल उपयोग की सर्वोत्तम प्रथाओं को समझते हैं और अपने सिंचाई प्रबंधन में सुधार कर सकते हैं। इस प्रकार, सरकारी नीतियाँ और कार्यक्रम जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन और संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

वर्तमान स्थिति और घटनाक्रम: भारत में जल संसाधनों का प्रबंधन एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें कई सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक शामिल होते हैं। हाल की नीतियों, जैसे राष्ट्रीय जल नीति और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (क्क्ब्स्ङ्क), ने जल संरक्षण और सिंचाई के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। इन नीतियों का उद्देश्य न केवल जल की उपलब्धता को बढ़ाना है, बल्कि किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इन नीतियों के प्रभाव का मूल्यांकन करते समय यह देखा गया है कि नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में स्थानीय स्तर पर चुनौतियाँ उत्पन्न हो रही हैं, जिससे अपेक्षित परिणाम हासिल करना कठिन हो रहा है। जल विवाद भी भारतीय कृषि क्षेत्र में एक गंभीर मुद्दा है। विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के बीच जल बंटवारे के मुद्दे अक्सर तनाव और विवाद का कारण बनते हैं। उदाहरण के लिए, नदियों के जल बंटवारे को लेकर कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट और अन्य न्यायालयों में विवाद चल रहे हैं। जल विवादों के समाधान के लिए सरकार ने विभिन्न उपाय किए हैं, जैसे जल न्यायाधिकरण का गठन, जो कि विभिन्न हितधारकों के बीच विवादों को सुलझाने में मदद करता है।हाल ही में, केंद्र सरकार ने जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं, जैसे जल शक्ति अभियान, जिसका उद्देश्य जल संकट की समस्याओं को सुलझाना है। इससे जल संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन और जल विवादों का समाधान संभव हो सकेगा, जिससे किसानों की जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस प्रकार, वर्तमान स्थिति और घटनाक्रम जल प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ प्रदान कर रहे हैं।

निष्कर्ष: समुचित जल प्रबंधन भारतीय कृषि के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जल संसाधनों की उपलब्धता और उपयोग सीधे तौर पर किसानों की उपज और जीवन स्तर को प्रभावित करते हैं। जल संकट, जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर, प्रभावी जल प्रबंधन न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भविष्य की दिशा में, यह आवश्यक है कि जल प्रबंधन नीतियों को सशक्त बनाने और किसानों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। इसके लिए, स्थानीय समुदायों को जल संरक्षण और प्रबंधन की प्रक्रियाओं में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही, आधुनिक तकनीकों का उपयोग, जैसे वर्षा जल संचयन और ड्रिप सिंचाई, को प्रोत्साहित करना चाहिए। सिफारिशों में यह शामिल है कि सरकारें जल नीति में अधिक पारदर्शिता लाएँ और किसानों के अनुभवों और सुझावों को नीतियों के निर्माण में शामिल करें। इसके अतिरिक्त, जल विवादों के समाधान के लिए एक प्रभावी और न्यायिक तंत्र का विकास किया जाना चाहिए। इन प्रयासों के माध्यम से, हम एक स्थायी और न्यायपूर्ण जल प्रबंधन प्रणाली स्थापित कर सकते हैं, जो सभी किसानों के लिए जल संसाधनों तक समुचित पहुँच सुनिश्चित करेगी।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत
कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
राजस्थान

सहजन है एक औषधीय पेड़

राजबाला मीणा (राजस्थान)

सहजन को अंग्रेजी भाषा में ड्रमस्टिक कहते हैं, जिसका वैज्ञानिक नाम मोरिंगा ओलीफेरा है। यह मॉर्निंगऐसी कुल का पौधा है। सहजन भारत में अनेक नामों से जाना जाता है जैसे- सहजन लाल, सहजना, मूंगा इत्यादि। सहजन पौधे का प्रत्येक भाग पोषक तत्वों से भरपूर होता है जैसे-फली, फूल, पत्तियां इत्यादि। इसलिए इसका उपयोग घरों में सब्जी बनाने एवं इसे विभिन्न औषधियों के रूप में काम में लिया जाता है। इसके फूलों व फलियों से सब्जी बनाई जाती हैं व पत्तियों का उपयोग विभिन्न प्रकार की दवा बनाने में किया जाता है। इसका फल पतला लंबा और हरे रंग का होता है, जो पेड़ के तने से निचे लटका रहता है। सहजन के पौधे का आकार 4 से 6 मीटर लंबा होता है और यह 100 से 110 दिनों बाद फूल देने लगता है। पौधे लगाने के लगभग 160 से 170 दिनों में फल तैयार हो जाता है। यह पौधा एक वर्ष में 40 से 50 कि.ग्रा. फलियां उत्पन्न करता है। सहजन का पौधा एक बार लगाने के बाद यह 4 से 5 वर्षों तक फूल व फल देता रहता है। प्रत्येक वर्ष फसल लेने के बाद पौधे को जमीन से 1 मीटर छोड़कर काट देना चाहिए, जिससे अच्छी पैदावार होती है।

अफ्रीकी देशों में सहजन को माताओ का सबसे अच्छा दोस्त कहते हैं व पश्चिमी देशों में इसे न्यूट्रीशन डायनामाइट के नाम से जाना जाता है। सहजन का उपयोग लगभग 100 से भी अधिक तरह से पोषण के लिए किया जाता है। इसकी फली व फूल से स्वादिष्ट सब्जी बनती है। इसके बीज को सेंक कर खाने से मूंगफली जैसा स्वाद आता है। सहजन के बीज से तेल, छाल से गोंद, जड़ों व पत्तियों में दही से 9 गुना अधिक प्रोटिन, संतरे से 7 गुना विटामिन 'सी', गाजर से 4 गुना विटामिन 'ए', केले से 15 गुना पोटेशियम एवं पालक से 25 गुना आयरन पाया जाता है। इसके अलावा सहजन की पत्तियां फोलिक एसिड व विटामिन 'सी' से भरपूर होती हैं। खासतौर पर सर्दी-जुकाम से यदि नाक-कान बंद हो जाते है, तो पत्तियों को पानी में उबालकर भाप लेने से जुकाम में आराम मिलता है। इसके अलावा हड्डियां मजबूत करने, यौन शक्ति बढ़ाने, खून साफ करने एवं बुढ़ापे को कम करने में यह बखूबी योगदान देता है। सहजन के बीज के चूर्ण से पानी शुद्ध किया जा सकता है। इस तरह से सहजन आज के युग में संजीवनी बूटी है। सहजन की पत्तियां बढ़ते शिशु के लिए टॉनिक के समान हैं। इसकी पत्तियों का रस बच्चों को दूध में मिलाकर देने से बच्चों की हड्डियां मजबूत होती हैं और आयरन की कमी दूर होती है। सहजन की पत्तियों का रस गर्भवती माताओं को प्रसव पीड़ा में राहत और दूध बढ़ाने में मदद करता है। इसकी सूखी पत्तियों को भंडारित भी किया जा सकता है। पत्तियों के चूर्ण का उपयोग सब्जियों में मसाले के रूप में करते हैं। इस बच्चों को दूध में डालकर, रोटी व लड्डू बनाकर खिलाया जा सकता है। सहजन का उपयोग कर बच्चों व बड़ों को कुपोषण से बखूबी बचाया जा सकता है। इसके अलावा पशुओं के चारे के रूप में इसकी पत्तियों को देने से दूध में डेढ़ गुना तक वृद्धि हो सकती है।

सहजन की फसल का भविष्य

राजस्थान शुष्क एवं अर्द्धशुष्क जलवायु का क्षेत्र है। राजस्थान में जल की अनियमितता को देखते हुए सहजन की खेती बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो सकती है। सहजन की खेती के लिए अधिक जल की आवश्यकता नहीं होती है। इसकी खेती के लिए लगभग 2 से 3 सिचाइयां पर्याप्त रहती है। इस कारण सहजन की खेती का राजस्थान में जलवायु की प्रतिकूल दशाओं को देखते हुए अलवर, जयपुर, भरतपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, बूंदी, झालावाड, बांसवाडा, डूगरपुर, उदयपुर, सिरोही, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुन, सीकर इत्यादि जिलों में सहजन की खेती कर सकते है। पश्चिमी राजस्थान में जैसे- जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, चुरू आदि जिलों में सहजन की खेती की संभावना कम है। वहां अधिक तापमान व सीमित जल होने की वजह से खेती करने में परेशानी उत्पन्न होती है।

मृदा व जलवायु

सहजन उष्ण एवं उपोष्ण जलवायु का पौधा है, जिसके लिए 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान सर्वोत्तम माना जाता है। यह 45 डिग्री सेल्सियस तापमान तक सहन कर सकता है। जहां 80 से 150 सें.मी. तक वर्षा होती हैं। वहां के लिए भी उपयुक्त माना जाता है। सभी प्रकार की मृदाओं में सहजन की खेती की जा सकती है, लेकिन बलुई दोमट मृदा जिसका पी-एच मान 6 से 7.5 व उचित जल निकास की व्यवस्था हो, सर्वोत्तम मानी जाती है।

प्रवर्द्धन

सहजन का प्रवर्द्धन बीज एवं कलम द्वारा किया जा सकता है, लेकिन बीज द्वारा किया गया प्रवर्द्धन अच्छी पैदावार देता है। एक हैक्टर क्षेत्र में खेती करने के लिए 500 से 600 ग्राम बीज पर्याप्त रहता है। बीज को सीधा गड्ढों में या पॉलीथीन की थैलियों में उगाया जा सकता है।

पॉलीथीन में बीज तैयार करना

सहजन के ताजा बीजों को रातभर पानी में भिगोने के बाद खाद और बालू रेत से भरे पॉलीथीन बैग में 1-2 बीज प्रति बैग व 1 से 2 इंच की गहराई में लगाना चाहिए। बाद में पौधों को 3ग3 के गड्ढों में रोपित करके हल्की सिंचाई करनी चाहिए।

सहनज की उन्नत किस्में

पी.के.एम.-1, पी.के.एम.-2, भाग्य (के.डी.एम.-1), जी.के.वी.के-1, जी.के.वी.के-2, जी.के.वी.के-3, कोयंबटूर-1, कोयंबटूर-1

गड्ढे तैयार करना

सहजन के पौधे लगाने के लिए 33 मीटर दूरी पर गड्ढों की खुदाई कर ली जाती है। बुआई से लगभग 1 सप्ताह पहले गड्ढों को 0.50×0.50×0.50 मीटर आकार में खोदकर 15 कि.ग्रा. प्रति गड्ढा गोबर की खाद और एजोस्पिाइरिलम व पीएसबी 5 कि.ग्रा. प्रति है. की दर से गड्ढों में डालकर लगभग 1 सप्ताह बाद बुआई कर देनी चाहिए।

खाद एवं उर्वरक

सहजन की फसल हेतु गड्ढे तैयार करते समय 15 से 20 कि.ग्रा. गोबर की खाद प्रति गड्ढा एवं एजोस्पिाइरिलम और पीएसबी 5 कि.ग्रा. प्रति है. की दर से प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा बुआई के 3 माह बाद 100 ग्राम यूरिया, 100 ग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट व 50 ग्राम पोटाश प्रत्येक गड्ढे की दर से डालनी चाहिए। इससे अच्छी उपज प्राप्त होती है।

सिंचाई

सहजन की फसल में सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है। अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए सिंचाई करना अति जरूरी है। सर्दियों में 15 से 20 दिनों व गर्मियों में 10 से 12 दिनों के अंतराल से सिंचाई करनी चाहिए। इसके अलावा फूल आते समय सिंचाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मृदा में अधिक नमी व शुष्कता होने के कारण फूल झड़ जाते है।

सहजन में रेटूनिंग

सहजन की फसल से उत्पादन लेने के बाद इसके पौधों को सतह से लगभग 1 मीटर की ऊंचाई से काटकर अलग कर दिया जाता है। इससे अगली फसल के लिए फुटान अच्छा होता है व पैदावार अधिक व गुणवत्तापूर्ण होती है।

फलों की तुडाई एवं उपज

वर्ष में दो बार फल देने वाली सहजन की किस्मों की तुडाई सामान्यतः फरवरी-मार्च और सितंबर-अक्टूबर में की जाती है। प्रत्येक पौधे से 200 से 400 फलियां या 40 से 50 कि.ग्रा. फलियां प्रति पौधा प्राप्त होती है।

विपणन

सहजन के पोषक गुणों के कारण लोगों का इसके प्रति रूझान बढ़ रहा है, जिसके कारण बाजार मांग अधिक हुई है। इसके विपणन में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आती है। किसान इसको सीधा बाजार ले जाकर बेच सकता है। विभिन्न प्रकार की कंपनियां, जो बेबी फूड तैयार कर रही है, किसानों से सीधे संपर्क बना लेती हैं और इस प्रकार विपणन में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न नहीं होती है।

ISSN-2582-5976
www.krishakbharti.in
मध्य भारत कृषक भारती
हिन्दी भाषी राज्यों में प्रमुखता से पढ़ी जाने वाली कृषि पत्रिका
राजस्थान

तिलहन की फसलों में सरसों का महत्व

नीतू चौधरी विद्यावाचस्पति, कीट विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान, कृषि महाविद्यालय, बीकानेर

तिलहन की फसलों में सरसों (ब्रैसिका एसपीपी) का भारतवर्ष में विशेष स्थान है, सोयाबीन, मूंगफली के बाद सरसों की खेती देश भर में सबसे ज्यादा होती है। यह राजस्थान की रबी की मुख्य फसल है. खाद्य तेल के रूप में सरसों की मांग अधिक रहने के कारण पिछले कुछ वर्षों से किसानों को सरसों की खेती से अच्छा मुनाफा हो रहा है। सरसों का अच्छा उत्पादन कई कारणों पर निर्भर करता है जैसे मिट्टी, जलवायु, बीज, रोग तथा कीट। सरसों की फसल में समय-समय पर विभिन्न कीट एवं रोग काफी नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे उपज में कमी आती हैं। यदि समय रहते इन रोगों एवं कीटों का नियंत्रण कर लिया जाए तो सरसों के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। चेंपा या माहू, आरामक्खी, चितकबरा कीट, मटर का पर्ण सुरंगक कीट आदि सरसों के मुख्य नाशी कीट हैं। काला धब्बा, सफेद रतुआ, मृदुरोमिल आसिता, चूर्णिल आसिता एवं तना गलन आदि सरसों के मुख्य रोग हैं। इसलिए यह अति आवश्यक है कि इन कीटों की सही पहचान कर उचित रोकथाम की जाए. यदि समय रहते इन रोगों एवं कीटों का नियंत्रण कर लिया जाये तो सरसों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

प्रमुख कीट

चेंपा या माहू: सरसों में माहू यानी चेपा मुख्य कीट होता है. माहू पंखहीन या पंखयुक्त हल्के स्लेटी या हरे रंग के 1.5-3.0 मिमी. लम्बे, चुभाने एवं चूसने वाले मुखांग वाले छोटे कीट होते हैं। इस कीट के शिशु एवं प्रौढ़ पौधों के कोमल तनों, पत्तियों, फूलों एवं नई फलियों से रस चूसकर उसे कमजोर एवं क्षतिग्रस्त तो करते ही है, साथ ही साथ रस चूसते समय पत्तियों पर मधुस्राव भी करते हैं। इस मधुस्राव पर काले कवक का प्रकोप हो जाता है तथा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित हो जाती है। इस कीट का प्रकोप दिसम्बर-जनवरी से लेकर मार्च तक बना रहता है।

प्रबंधन: माहू के प्राकृतिक शत्रुओं का संरक्षण करें। जहां तक संभव हो सरसों की बुआई 15 अक्टूबर तक कर देनी चाहिए, इससे फसल माहूँ के प्रकोप से बच जाती है। उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा का ही प्रयोग करना चाहिए।

सरसों की बिजाई की गई फसल (10-25 अक्टूबर तक) पर इस कीट का प्रकोप कम होता है. राया जाति की किस्मों पर चेंपे का प्रकोप कम होता है. प्रारम्भ में प्रकोपित शाखाओं के प्रभावित हिस्सों को कीट सहित नष्ट कर दें। जब फसल में कम से कम 10 प्रतिशत पौधे की संख्या चेंपा से ग्रसित हो व 26-28 चेंपा प्रति पौधा हो तब एसिटामिप्रिड 20 प्रतिशत एसपी 500 ग्राम या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 150 मिली. को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर में

सायंकाल में छिड़काव करें। यदि दुबारा से कीट का प्रकोप हो तो 15 दिन के अंतराल से पुनःछिड़काव करें।

आरा मक्खी: इस मक्खी का धड़ नारंगी रंग का होता है। इसका सिर व पैर काले होते हैं। सुंडियों का रंग गहरा हरा होता है। जिनके ऊपरी भाग पर काले धब्बों की तीन कतारें होती हैं। इस कीड़े की सुंडियां फसल को उगते ही पत्तों को काट-काट कर खा जाती है। इसका अधिक प्रकोप अक्टूबर-नवम्बर में होता है।

प्रबंधन: गर्मियों की गहरी जुताई करें व सिंचाई करने पर भी इसका प्रकोप कम हो जाता है। इस कीट की रोकथाम हेतु मेलाथियान 50 ई.सी. 1 लीटर को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर में छिड़काव करें। आवश्यकता पडने पर दुबारा छिड़काव करें।

मटर का पर्ण सुरंगक कीट: प्रौढ़ मक्खी छोटी काले रंग की होती है और इसका सिर पिला होता है। प्रौढ़ मक्खी की लंबाई 1.5 मि.मी., पंख विन्यास लगभग 4 मि.मी. व घरेलू मक्खी के समान परन्तु आकार में छोटी होती है। नए मेगेट्स कीट धूसर सफेद रंग के होते हैं और इनके मुखांग काले भूरे रंग के होते हैं। पूर्ण विकसित कीट हरा पीला रंग का लगभग 3 मि.मी. चौड़ा, जिनका मध्य भाग मोटा और आगे से चपटा होता है। कीट पत्ती में सुरंग के अंदर रहता है और सुरंग में ही कृमिकोष में चला जाता है।

प्रबंधन: ग्रसित पत्तियों को तोड़कर जमीन में दबा देना चाहिए, ताकि पत्तियों में छिपे कीट व कृमिकोष नष्ट हो जाएं।

आँक्सी: डेमेटोन मिथाइल 25 पायस सांद्रण या डाइमिथोएट 30 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्रा को 600-800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. को 5 मि.ली. / 15 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।

